डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज
बुधवार
29 मई 2024



भाजपा नेता का तेजस्वी पर तंज, जवान व्यक्ति की कमर में दर्द होना अच्छी बात नहीं 2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## मोदी आखिरी फेज की वोटिंग से पहले कन्याकुमारी जाएंगे

- विवेकानंद शिला पर 2 दिन ध्यान लगाएंगे पीएम नरेंद्र मोदी
- 1893 में विश्व धर्म सभा में शामिल होने से पहले विवेकानंद तमिलनाडु के कन्याकुमारी गए थे।

**केटी न्यूज/पटना**



लोकसभा चुनाव के आखिरी फेज की वोटिंग से पहले कन्याकुमारी जाएंगे। वे यहां रॉक मेमोरियल के उसी शिला पर ध्यान लगाएंगे, जहां स्वामी विवेकानंद ने ध्यान लगाया था। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में 57 लोकसभा सीटों के लिए 1 जून को मतदान होना है। इन सीटों के लिए चुनाव प्रचार 30 मई की शाम 5 बजे थम जाएगा। मोदी 2019 में आखिरी फेज की वोटिंग से पहले केदारनाथ गए थे। वहां बनी रुद्र गुफा में 17 घंटे ध्यान लगाया था। मोदी 30 मई की शाम को कन्याकुमारी पहुंचेंगे। मोदी का 30 मई की शाम तक तमिलनाडु के कन्याकुमारी पहुंचने का कार्यक्रम है। मिली जानकारी के मुताबिक, वे विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की रात से 1 जून की शाम तक ध्यान लगाएंगे। यहां समुद्र में 500 मीटर दूर पानी के बीच में उन्हें एक विशाल शिला दिखी, जहां तक वो तैरकर पहुंचे और ध्यानमग्न हो गए। विदित हो कि चुनाव अब अंतिम पायदान की ओर चल पड़ा है। ऐसे में भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वह हर सीट पर पूरे जोश खरोस के साथ जीत हासिल करना चाहती है। वहीं इसी बीच पीएम मोदी के ध्यान मग्न होने से चर्चाओं का बाजार बढ़ गया है।

### कन्याकुमारी में समुद्र में स्थित है यह स्मारक

विवेकानंद रॉक तमिलनाडु के कन्याकुमारी में समुद्र में स्थित एक स्मारक है। यह एक फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यह जमीन तट से करीब 500 मीटर अंदर समुद्र में दो चट्टानों के ऊपर बना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह रहे एकनाथ रानडे ने विवेकानंद शिला पर विवेकानंद स्मारक मंदिर बनाने में अहम भूमिका निभाई। 2 सितंबर 1970 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. वीवी गिरि ने स्मारक का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह 2 महीने तक चला। इसमें तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी भी शामिल हुई थीं। अप्रैल में पड़ने वाली चैत्र पूर्णिमा पर यहां चन्द्रमा और सूर्य दोनों एक साथ एक ही क्षितिज पर आमने-सामने दिखाई देते हैं। इस स्मारक का प्रवेश द्वार अजंता और एलोरा गुफा मन्दिरों के समान है, जबकि इसका मण्डपम बेलूर (कर्नाटक) के श्री रामकृष्ण मन्दिर के समान है। कहा जाता है कि 1893 में विश्व धर्म सभा में शामिल होने से पहले विवेकानंद तमिलनाडु के कन्याकुमारी गए थे। यहां ध्यान करने के बाद आगे बढ़े थे।

## केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे। क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 50 दिन जेल में रहने के बाद उन्हें 10 मई को जमानत मिली थी। उनकी 21 दिन की जमानत 1 जून को खत्म हो रही है। दिल्ली की लोकल कोर्ट ने 28 मई को केजरीवाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर संज्ञान लेने के अपने आदेश को 4 जून तक सुरक्षित रख लिया है। ईडी ने 17 मई को राउज एवेन्यू कोर्ट में 18वीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें केजरीवाल और आपप को आरोपी बनाया था।

### टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को धोखा देखकर युवाओं को जिहादियों को दिया

## मोदी बोले... टीएमसी ने सीएए के खिलाफ झूठ फैलाया, यह देश में लागू होकर रहेगा

- बंगाल में ज्यादातर फैक्ट्रियां बंद हैं, यहां से नौजवान पलायन करने के लिए मजबूर है
- टीएमसी के एमएलए ने साफ-साफ कहा कि हिंदुओं को भगीरथी में बहा देंगे

**केटी न्यूज/कोलकता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के बारासात में चुनावी रैली की। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण टीएमसी ने सीएए के खिलाफ झूठ फैलाया है। लेकिन आज पूरा देश देख रहा है कि सैकड़ों शरणार्थियों को नागरिकता मिल गई है। ये नागरिकता देश का संविधान दे रहा है। मोदी ने कहा कि मैं आपको एक और गारंटी दूंगा कि टीएमसी तो क्या, दुनिया की कोई भी ताकत सीएए लागू होने से नहीं रोक सकती। पीएम नरेंद्र मोदी देर शाम कोलकाता पहुंचे। यहां उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर फूल चढ़ाए और रोड शो किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि टीएमसी से सच बर्दाश्त नहीं होता। जो कोई भी टीएमसी के गुनाह सामने लाता है, टीएमसी उनको टारगेट करती है। आपने भी देखा है कि टीएमसी के एमएलए ने साफ-साफ कहा कि हिंदुओं को भगीरथी में बहा देंगे। इस पर बंगाल के संतों ने टीएमसी को गलती सुधारने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने हमारे संत समाज को ही गालियां देनी शुरू कर दी। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैरकानूनी और असंवैधानिक करार दिया। यहां के जजों की नीयत पर और हमारी न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। मैं सीएए वालों से पूछना चाहता हूं कि अब जजों के पीछे भी अपने गुंडे छोड़ दोगे क्या। पूरा देश देख रहा है कि सीएए ने कैसे ज्यूडिशियरी का गला घोंट दिया है। टीएमसी और इंडी गठबंधन को आपके विकास से कोई मतलब नहीं है। इनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है अपने वोट बैंक का तुष्टीकरण। ये जो देश में रात-दिन संविधान-संविधान और तानाशाही-तानाशाही चिल्लाने वालों की जमात है, ये अगर पश्चिम बंगाल में क्या हो रहा है वो देखेंगे तो इनकी बोलती बंद हो जाएगी।



### बंगाल को पहले कांग्रेस-लेफ्ट ने लूटा, अब ममता सरकार लूट रही

आजादी के पहले एक समय वो भी था जब बंगाल लाखों देशवासियों को रोजगार देता था। आज बंगाल में ज्यादातर फैक्ट्रियां बंद हैं, यहां से नौजवान पलायन करने के लिए मजबूर है। बंगाल का ये हाल किसने किया। पहले बंगाल को कांग्रेस ने लूटा, फिर लेफ्ट ने लूटा और अब ळटउ दोनों हाथों से लूट रही है। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को धोखा दिया है। उन्होंने लाखों युवाओं का हक रातों-रात वोट जिहादियों को दे दिया। लेकिन अब टीएमसी का खेल खत्म हो गया है। अब बंगाल कह रहा है- फिर एक बार, मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि टीएमसी केवल अपने वोट बैंक की बात करती है। बंगाल के विकास से उसका कोई लेना देना नहीं है।

### पीएम ने विपक्ष पर साधा निशाना

बंगाल हाईकोर्ट द्वारा साल 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द करने के फैसले पर पीएम मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास एक कार्यप्रणाली है। सबसे पहले, उन्होंने आंध्र प्रदेश में कानून बनाकर इसे अल्पसंख्यकों को देने का पाप शुरू किया, लेकिन वे हार गए। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया क्योंकि संविधान इसकी अनुमति नहीं देता है।

पीएम ने कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को अलर्ट करना चाहते हैं क्योंकि उन्हें अंधेरे में रखकर उनके आरक्षण को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव ऐसा समय है, जब मुझे देशवासियों को इस सबसे बड़े खतरे को लेकर आगाह करना चाहिए। मैं लोगों को समझा रहा हूं कि यह भारत के संविधान की मूल भावना का उल्लंघन है और ये वोटबैंक की राजनीति के लिए किया जा रहा है। पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल को लेकर भी बड़ा दावा किया और कहा कि इस बार बंगाल में भाजपा को बंपर सीटें मिलेंगी।पीएम मोदी ने कहा कि खुद को दलितों, आदिवासियों का हितैषी बताते हैं, असल में वे उनके दुश्मन हैं। उनके घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की झलक है। क्या आप वोटबैंक की राजनीति के लिए आने वाली पीढ़ियों को भी बर्बाद करना चाहते हैं।

## मिजोरम में लैंडस्लाइड से 17 की मौत, 2 बच्चे, एनडीआरएफ व सेना अलर्ट पर

**एजेंसी/कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 17 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है। मिजोरम के डीजीपी अनिल शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 17 शव निकाले गए हैं। इनमें में 8 स्थानीय लोगों के हैं, जबकि 4 दूसरे राज्यों के हैं। बाकी शवों की पहचान की जा रही है। मलबे में 6-7 लोगों के दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन तेज बारिश के कारण इसमें दिक्कतें आ रही हैं। इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट के एक अन्य राज्य असम में भी आज तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। मोरीगांव जिले में ऑटो रिक्शा पर पेड़ गिरने से एक कॉलेज स्टूडेंट की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। जबकि, लखीमपुर में लैंडस्लाइड के चलते एक व्यक्ति की जान चली गई। सोनितपुर जिले में एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया, इसमें 12 बच्चे घायल हो गए।लगातार बारिश के कारण मिजोरम के सभी स्कूल और सरकारी दफ्तर आज बंद कर दिए गए हैं। प्राइवेट कंपनियों को अपने कर्मचारियों से घर से काम करवाने के लिए कहा गया है। राज्य में कई और जगह भी लैंडस्लाइड हुए हैं। इसमें दो लोगों की मौत हुई। आइजोल के सलेम वेंग में लैंडस्लाइड के बाद एक इमारत पानी के साथ बह गई, जिसके बाद तीन लोग लापता हैं। पुलिस ने बताया कि हुनथर में नेशनल हाईवे-6 पर लैंडस्लाइड के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया है। राज्य के भीतर कई स्टेट हाईवे भी बंद हैं। लगातार बारिश से नदियों का जल स्तर भी बढ़ रहा है। नदी के किनारे के इलाकों में रहने वाले कई लोगों को हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने राज्य में खराब मौसम को लेकर इमरजेंसी बैठक बुलाई है। इसमें गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और दूसरे बड़े अधिकारी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री ने बारिश के कारण हुए हादसों में जान गंवाने वालों के परिवार को 4 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया है। असम में मंगलवार को तेज हवाओं के साथ भारी बारिश ने तबाही मचाई। मोरीगांव जिले में ऑटो रिक्शा पर पेड़ गिरने से एक कॉलेज स्टूडेंट की मौत हो गई। चार लोग घायल हुए हैं।

सोनितपुर जिले में एक स्कूल बस पर एक पेड़ गिर गया और 12 बच्चे घायल हो गए। लखीमपुर के गेरुकामुख में बन रहे एनएचपीसी के हाइड्रो-इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के इलाके में लगातार बारिश के चलते लैंडस्लाइड में पुतुल गोगोई नाम के व्यक्ति की जान चली गई। कामरूप जिले के पलाशबाड़ी इलाके में गिरते हुए पेड़ से बचने के चक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। दिमा हसाओ जिले में भारी बारिश के बाद नदी का पानी बढ़ने से हाफलोंग-सिलचर लिंक रोड का एक बड़ा हिस्सा बह गया। दिमा हसाओ जिले के डिप्टी कमिश्नर सिमंता कुमार दास ने बताया कि हाफलोंग-सिलचर कनेक्टिंग रोड को 1 जून तक बंद कर दिया है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने राज्य के लोगों से घरों में रहने की अपील की है। एनडीआरफ और सेना भी अलर्ट पर हैं।

## दिल्ली में जल संकट भी गहरा, कई इलाकों में पानी की आपूर्ति ठप

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**



गर्मी बढ़ने के साथ ही दिल्ली में जल संकट भी गहरा गया है। दिल्ली के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। इसे देखते हुए सरकार ने फैसला किया है कि जिन इलाकों में दिन में दो बार पानी आता है, वहां अब एक बार आएगा। बचे पानी को उन इलाकों में दिया जाएगा, जहां पानी नहीं आ रहा है। साथ में सरकार ने अपील की है कि दिल्लीवासी अपनी कारों को खुली पाइपों से न धोएं और टंकियों से पानी ओवर फ्लो होने बचाएं। पानी के दुरुपयोग पर पर जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। उधर, दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी का आरोप है कि हरियाणा सरकार ने एक मई से यमुना में पानी की सप्लाई कम कर दी है। इसके लिए सरकार अदालत का दरवाजा भी खटखटा सकती है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने बताया कि गर्मी के महीनों में यमुना में औसतन 674.5 फीट ही पानी बनाए रखना पड़ता है। बीते साल अप्रैल, मई और जून महीने में वजीराबाद में हमेशा यही जल स्तर बना भी रहा था। लेकिन इस साल एक मई से ही हरियाणा ने दिल्ली को अपने हिस्से का पानी देना कम कर दिया है और यमुना का जल स्तर लगातार गिर रहा है। एक मई को यमुना का जल स्तर 674.5 फीट था, जो 28 मई को 669.8 फीट पर आ गया है। इसी वजह से दिल्ली में जल संकट बढ़ गया है। इसको देखते हुए एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं।आतिशी ने बताया कि हमने पानी की कमी को पूरा करने के लिए बोरबेल को चलाने का समय दोगुना कर दिया। जो बोरबेल 6-7 घंटे चलते थे, अब वो 14 घंटे तक चलाए जा रहे हैं।

### बिभव कुमार को तीस हजारी कोर्ट से फिर झटका

**नई दिल्ली।** अदालत ने आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में गिरफ्तार सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को फिर झटका लगा है। बिभव की चार दिन की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल की अदालत में पेश किया गया था। पुलिस ने कोर्ट से बिभव की हिरासत पांच दिन की मांगी थी, लेकिन मजिस्ट्रेट ने तीन दिन का दिया। अब उन्हें 31 मई को पेश किया जाएगा।

### कई जगह तापमान 50 तक पहुंचने को बेताब, बुधवार को भी चलेगी हीटवेव

## देश में गर्मी का कहर, चूरू-सिरसा में पारे ने लगाया अर्धशतक

**केटी न्यूज/नई दिल्ली**



; देश में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। कई जगह पारा 50 डिग्री के भी पार पहुंच गया है। राजस्थान के चूरू में मंगलवार को अधिकतम तापमान 50.5 और हरियाणा के सिरसा में 50.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा कई शहरों में तापमान 50 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। मौसम विभाग का मानना है कि फिलहाल गर्मी और लू से लोगों को राहम मिलने की उम्मीद नहीं है। आने वाले दिनों में गर्मी लोगों की मुसीबतें और बढ़ाएगी।देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। देश की राजधानी दिल्ली में आसमान से आग बरस रही है। सबसे ज्यादा जानलेवा गर्मी राजस्थान में पड़ रही है। यहां चुरू के अलावा कई जगह पारा 49 डिग्री से ऊपर रहा। इसके अलावा हरियाणा और यूपी के कुछ हिस्सों में भी तापमान 49 डिग्री से ऊपर चला गया। गर्मी के दिनों में देश के कई महानगरों में रातें भी गर्म हो रही हैं। देश के प्रमुख महानगरों के तापमान सूचकांक (एचआई) में 2010 के बाद से काफी बढ़ोतरी देखी गई है। इसके पीछे सबसे अहम कारण शहरों में तेजी से बढ़ता निर्माण कार्य, ग्लोबल वार्मिंग के साथ साथ हवा में बढ़ती नमी है। इन सभी कारणों ने शहरी इलाकों का तापमान सूचकांक बढ़ा दिया है। वहीं, एयर कंडीशनर के बढ़ते उपयोग से भी शहरों की हवा गर्म होती जा रही है। मौसम विभाग के डायरेक्टर मृत्युंजय मोहपात्रा ने बताया कि 30 मई तक देशभर में ऐसे ही हीटवेव चलेगी। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली और हिमाचल के कुछ इलाकों में भीषण गर्मी रहेगी। हालांकि, उसके बाद राहत मिलने की संभावना है। 30 मई को एक पश्चिमी विक्षोभ आ रहा है। यह हवा का एक सिस्टम है जिसके चलते उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में बारिश होगी और मैदानों में तापमान तीन-चार दिन तक कुछ कम होगा। केरल में अगले पांच दिन में मानसून के पहुंचने की स्थिति बनती नजर आ रही है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़ में सामान्य बारिश; मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और पूरे दक्षिण भारत में सामान्य से ज्यादा और पूर्वोत्तर राज्यों में सामान्य से कम बारिश का अनुमान है।मौसम विभाग के मुताबिक, जून में तापमान फिर से बढ़ेगा। अगले महीने मई से ज्यादा गर्मी पड़ने की आशंका है। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हीटवेव वाले दिनों की संख्या ज्यादा रहने का भी अनुमान है। राजस्थान में पिछले एक हफ्ते के दौरान 48 लोगों की मौत हो चुकी है।ऐसे में जम्मू प्रशासन ने 1 जून से सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के लिए 46 दिनों का समर वेकेशन का ऐलान किया है। स्कूल 1 जून से 16 जुलाई तक बंद रहेंगे।



## तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जहानाबाद में कसा तंज

# बोले तेजस्वी...जब तक पीएम को बेडरेस्ट नहीं करा देंगे, तब तक जारी रहेगा संघर्ष

- बोले-आपको टनाटन नौकरी मिलेगा फटाफट, भाजपा हो जायेगा सफाचट और लालटेन को वोट मिलेगा टकाटक



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव मंगलवार को जहानाबाद लोकसभा संसदीय क्षेत्र गया जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि कमर में दर्द है डॉक्टर ने बेडरेस्ट कहा था। लेकिन, हमने भी डॉक्टर को कहा जब तक हम मोदी को बेडरेस्ट नहीं करा दें। तब तक संघर्ष जारी रहेगा। तेजस्वी यादव अपने प्रत्याशी के पक्ष में अतरी विधानसभा क्षेत्र की जनता से जीताने की अपील की। उन्होंने कहा कि तुम मुझे वोट दो मैं तुम्हे नौकरी दूंगा। उन्होंने कहा कि आपको टनाटन नौकरी मिलेगा फटाफट, भाजपा हो जायेगा सफाचट और लालटेन को वोट मिलेगा टकाटक। उन्होंने कहा कि कुछ महीने ही काम करने का मौका मिला। उस दौरान आरक्षण का दायरा 75 फीसदी बढ़ाया और मानदेय दोगुना किया। तेजस्वी यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान 250 चुनावी जनसभा किया। कमर में दर्द है डॉक्टर ने बेडरेस्ट कहा था। लेकिन, हमने भी डॉक्टर को कहा कि जब तक हम मोदी को बेडरेस्ट नहीं करा दें, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सभा के दौरान सभा में मौजूद लोगों से पुछा, अतरी क्षेत्र के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने अगर एक काम भी किया हो तो बता दिजिए। तेजस्वी यादव ने लोगों से लोगों से अपील करते हुए कहा कि लालटेन को वोट दीजिए। नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद तेजस्वी यादव को जेल भेज देंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी को अकेले हरा रहे है, क्या यह गुनाह है। नरेंद्र मोदी और उनके गुरु आडवाणी से मेरे पिता लालू यादव ने नही डरे थे तो लालू का लड़का डर जायेगा क्या। तेजस्वी यादव खाटी बिहारी है गुजराती से डरने वाला नही है लड़ेंगे और जीतेंगे।

## भाजपा नेता प्रेम कुमार का तेजस्वी पर तंज, जवानी में कमर में दर्द होना अच्छी बात नहीं



**पटना।** बिहार के कैमूर जिले के सासाराम लोकसभा क्षेत्र में एक जून को आखिरी चरण के तहत मतदान होना है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल और गठबंधन चाहे वह इंडिया गठबंधन हो या फिर एनडीए गठबंधन हो, सभी लगातार अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जमकर चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। इसी सिलसिले मंगलवार को बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री, पर्यावरण एवं वन मंत्री प्रेम कुमार ने कैमूर जिले के भभुआ विधानसभा क्षेत्र में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने दावा कर कहा कि छह चरणों के चुनाव में ही हम सरकार बना चुके हैं। सातवें चरण में भी भारी बहुमत से हम सीट जीत रहे हैं। वहीं, उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर चुटकी लेते हुए कहा कि जवान व्यक्ति के कमर में दर्द होना अच्छी बात नहीं है। उनका भी बोरिया-बिस्तर बंधने वाला है। उन्होंने कहा कि जब हमने कहा कि यह मुख्यमंत्री का चुनाव नहीं बल्कि प्रधानमंत्री का है। तब लोगों ने रियलाइज किया कि हमसे बहुत बड़ी भूल हो रही थी। मोदी जी ने हमें मुफ्त राशन दिया है। इलाज के लिए व्यवस्था दी है। हम मोदी नरेंद्र मोदी को वोट देंगे।

## आवासीय विद्यालय की कई छात्राएं हीट स्ट्रोक से बीमार

**मसरख।** मसरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाजार में उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया। जब मसरख से लगभग 6 किलोमीटर दूर कवलपुरा गांव स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के लगभग एक दर्जन से अधिक बच्चियां अचानक बीमार होकर गिरने लगी। सभी बच्चियों को मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह एवं डॉ एसके विद्यार्थी सहित पूरी टीम के द्वारा इलाज किया गया। हालांकि घटना की सूचना मिलने पर मशरक के बीडीओ पंकज कुमार, बीइओ डॉ वीणा कुमारी, मशरक थाना के अपर थानाध्यक्ष सुनिल कुमार दल बल के साथ पहुंच जिला स्तरीय अधिकारियों को मामले के संबंध में अवगत कराते हुए चिकित्सकों से भी बच्चियों का भी हाल चाल जाना। मसरख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि फिलहाल भीषण गर्मी है जिस कारण स्कूली बच्चियां बर्दाश्त नही कर पायी। आनन फानन में शिक्षकों द्वारा मसरख अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ चंद्रशेखर सिंह और डॉ एसके विद्यार्थी सहित पूरी टीम के द्वारा इलाज किया गया।

## व्हाट्सएप पर डीएम का फर्जी आईडी बना मांग रहे है पैसा

**केटी न्यूज/पटना**




दो महीना के अंदर सुपौल में जिलाधिकारी के नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर दूसरी बार साइबर फ्रॉड करने का मामला सामने आया है। पहली बार 6 अप्रैल को सुपौल जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सुपौल के साइबर थाने में अज्ञात के विरुद्ध फर्जी फेसबुक आईडी बना कर उसका दुरुपयोग करने की शिकायत की थी। उसके बाद फिर 28 मई को उनके नाम से फर्जी व्हाट्सएप आईडी बना कर दुरुपयोग का मामला सामने आया है। इस बात की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने इसका खंडन करते हुए बाद लोगों से इस फ्रॉड से बचने की अपील की है।दो महीने के अंदर दो बार साइबर अटैक इस संबंध में डीएम कौशल कुमार ने साइबर थाने में लिखित शिकायत दी है। उनका कहना है कि डीएम कौशल कुमार के नाम की दो फर्जी फेसबुक आईडी उनके संज्ञान में आई है। उन्होंने ऐसा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है। डीएम कौशल कुमार के आवेदन पर सुपौल साइबर थाने की पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया था। इस बीच मंगलवार यानी 28 मई को एक बार फिर डीएम कौशल कुमार के नाम से फर्जी व्हाट्सएप आईडी बना कर दुरुपयोग का मामला सामने आया है। डीएम का व्हाट्सएप पर फर्जी आईडी बनाकर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों और कर्मियों से भी रुपए की डिमांड की जा रही थी। इसके बाद कुछ कर्मियों ने ही डीएम को इसकी जानकारी दी। जानकारी सामने आने के साथ ही डीएम ने इसका खंडन किया और लोगों से इस फ्रॉड से बचने की अपील की। डीएम कौशल कुमार ने बताया है कि श्रीलंका के मोबाइल नंबर +94776379632 से उनके नाम का फर्जी व्हाट्सएप आईडी बना कर लोगों से रुपए की डिमांड की जा रही है। यहां तक कि व्हाट्सएप के डीपी में भी उनकी ही तस्वीर लगी हुई है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि यह उनका व्हाट्सएप नहीं है और इसके झांसे में लोगों को नहीं आना चाहिए।

## नव विवाहिता को प्रेमी से मिलते देख ससुराल वालों ने घर से निकाला

**केटी न्यूज/दरभंगा**

दरभंगा जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां सिमरी थाना क्षेत्र के सढवारा गांव में महज एक महीने पहले ब्याही गई नव विवाहिता अपने पति का घर छोड़ प्रेमी के घर पहुंच गई। जहां प्रेमी और उसके घर वालों ने भी उसे रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों ने जमकर हाई वोल्टेज ड्रामा किया। वजानकारी के अनुसार, 21 अप्रैल को लड़की की शादी मोरो थाना क्षेत्र के बसुआरा गांव में हुई थी। शादी के बाद नव विवाहिता का पति मजदूरी करने के लिए परदेस चला गया। इसके बाद नव विवाहिता का प्रेमी उससे मिलने उसके ससुराल पहुंच गया। इस दौरान प्रेमी से मिलते हुए उसे ससुराल वालों ने देख लिया। उसके बाद प्रेमी किसी तरह से जान बचाकर भाग गया। लेकिन ससुराल वालों ने नव विवाहिता के प्रेमी से मिलने का विरोध करना शुरू कर दिया। साथ ही उसे घर में रखने से इनकार कर दिया। इसके बाद नव विवाहिता सीधे अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। जहां प्रेमी सहित प्रेमी के घरवालों ने भी उसे रखने से इनकार कर दिया।

## खून का धंधा करने वाले प्रेमी-प्रेमीका गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर में पुलिस ने खून का गोरखधंधा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एक प्रेमी युगल गिरफ्तार किया गया है। इनका नेटवर्क मेडिकल कॉलेज सहित कई अस्पतालों तक फैला था। पकड़े गए आरोपी वाट्सएप ग्रुप बनाकर खून की कालाबाजारी करते थे। जानकारी के मुताबिक मुजफ्फरपुर पुलिस ने खून का गोरखधंधा यानी काला बाजारी करने वाले एक बड़े गिरोह के दो शातिर सदस्यों को पकड़ा है। दोनों शहर के कई निजी अस्पताल से लेकर एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज तक में अपना काला धंधा चला रहे थे। इस धंधे में शामिल खुद आरोपी मो. इमरान अपनी प्रेमिका मुस्कान परवीन की मदद से इसको किया करता था। आरोपी भोली-भाली महिलाओं को अपने जाल में फंसाकर टारगेट करता था। इसकी एवज में वह मोटी रकम लेता था। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस की बनाई गई टीम ने मामले में एक आरोपी को पकड़ा। उसके बयान पर इस गिरोह में शामिल उसकी महिला मित्र मुस्कान को भी पकड़ लिया गया।मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच एरिया से पकड़े गए आरोपी मो. इमरान के मोबाइल से सबूत मिले हैं। सबूतों के मुताबिक कई निजी अस्पतालों के साथ ही एसकेएमसीएच मेडिकल कॉलेज और कई निजी ब्लड बैंक के लोगो का एक ग्रुप बनाया हुआ था। उसके जरिए ब्लड की सप्लाई और लेन-देन करने का काम किया जाता था। बताया जा रहा है कि आरोपी लोगों के खून को इकट्ठा करके उसके एवज में मोटी रकम को वसूलने का काम किया करते थे। इसमें अस्पतालों के कई कर्मी भी संलिप्त थे जो खून की जरूरत वालों से संपर्क कर उन्हें खून मुहैया कराते थे और खून को देने का बाद उसकी एवज में कमीशन मिलती थी।






## लॉ कॉलेज में छात्र नेता की हत्या का आरोपी चंदन यादव कर रहा था महागठबंधन प्रत्याशी का प्रचार


**केटी न्यूज/पटना**



पटना लॉ कॉलेज में 10-15 लड़कों ने घेरकर हर्ष राज की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मंगलवार की सुबह जब कुछ छात्रों ने हर्ष के पक्ष में सड़क पर उतरकर विरोध जताते हुए बवाल मचाया तब पुलिस ने हर्ष हत्याकांड मामले में अपनी उपलब्धी बताते हुए एक शख्स की गिरफ्तारी की घोषणा की। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम जरुर बताया, लेकिन साथ में दो उपनाम भी जोड़े- कुख्यात और लाइनर, लेकिन चेहरे की पहचान को छुपा लिया। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये शख्स को बिहटा के अम्हारा गांव निवासी जीतेन्द्र कुमार के पुत्र चंदन कुमार के रूप में सामने लाया है लेकिन चेहरे की पहचान अब तक छुपाये बैठी है। हर्ष की हत्या होने के बाद सबसे पहले राजद ने सरकार को घेरा और हर्ष राज हत्याकांड में संलिप्त आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की। लेकिन अब जब तस्वीर साफ होने लगी है तब ऐसा लगता है कि हर्ष हत्याकांड पर सरकार को घेरने वाला महागठबंधन को खुद कटघरे में खड़ा होना होगा। क्योंकि हर्ष राज के सोशल अकाउंट पर चंदन यादव महागठबंधन के उम्मीदवार के लिए वोट मांगता दिख रहा है। चंदन के सोशल मीडिया अकाउंट के अनुसार वह छात्र संगठन आइसा से जुड़ा है। तस्वीरों में वह नालंदा से वाम दल के उम्मीदवार पालीगंज विधायक संदीप सौरव के लिए वोट मांगता दिख रहा है। मिली जानकारी के अनुसार चंदन यादव पटना विश्वविद्यालय में पत्रकारिता का छात्र है। तृतीय वर्ष का छात्र होने के साथ ही वह छात्र संगठन का पटना विश्वविद्यालय का उपाध्यक्ष भी है। वह दो वर्षों में जैक्सन हॉस्टल में रह रहा है। चंदन यादव महागठबंधन उम्मीदवार के लिए लोकसभा चुनाव में जगह-जगह घूम कर वोट मांग रहा था।

## अपनी मांग को लेकर जूनियर डॉक्टर अड़े

**मगध।** बिहार के मगध प्रमंडल के सबसे बड़े और इकलौते अस्पताल अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा को बाधित कर दिया। इस घटना से अस्पताल पहुंचे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, अस्पताल अधीक्षक और कॉलेज के प्राचार्य का घेराव कर हॉस्टल में छह दिनों से बाधित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की।उग्र जूनियर डॉक्टरों का कहना है कि पिछले छह दिनों से पीजी बॉयज हॉस्टल और न्यू बॉयज हॉस्टल-2 में बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। इस वजह से यहां रह रहे करीब सौ की संख्या में जूनियर डॉक्टरों को पीने के पानी से लेकर शौच जाने तक की समस्या गंभीर बनी हुई है। लेकिन अस्पताल और कॉलेज प्रशासन चुप बैठे हैं। कोई एक्शन नहीं हो रहा है।




# भाजपा और राजद दोनों से है बाबा साहेब के संविधान को खतरा : अनिल कुमार

♦ बक्सर में बसपा प्रत्याशी ने किया रोड शो, लोगों से की अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील

केटी न्यूज/बक्सर



मंगलवार को बक्सर संसदीय सीट से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार अनिल कुमार ने विशाल रोड शो किया। इस रोड शो के दौरान उन्होंने बक्सर में बदलाव और विकास की लड़ाई में बसपा के चुनाव चिन्ह हाथी छाप पर वोट देने की अपील की। अनिल कुमार ने कहा कि बक्सर का विकास बक्सर के माटी का बेटा ही करेगा। इसलिए बाहरी और सत्ता की मलाई खाने की मंशा रखने वाले उम्मीदवारों की जगह हमें आपना आशीर्वाद दें। ताकि आपका बेटा आपकी समस्या को सुनते हुए उसका समाधान और क्षेत्र का विकास करें। अनिल कुमार ने कहा कि आज देश और संविधान दोनों बीजेपी, राजद, जदयू और कांग्रेस जैसी पार्टियों से खतरे में है। ये भले एक दूसरे के विरोधी हैं, लेकिन दोनों की नियत बस बाबा साहब द्वारा देश को मिले संविधान की धज्जियां उडाना है। तभी ये सभी पार्टियां इलेक्ट्रोल बांड लेकर पूंजीपतियों के हाथों देश को बेचने का काम कर रहे हैं और बहुजन समाज की हकमारी कर रहे हैं। लेकिन बसपा ऐसी पार्टी है, जिसकी अध्यक्ष और हमारी बहन मायावती आज बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए अकेले लड़ रही हैं। हम सबों को उनका साथ देना है, इसलिए इस बार हाथी छाप पर बटन दबाना है।

उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी देश में आरएसएस का एजेंडा लागू कर बहुजन समाज से सबकुछ छीन लेना चाहते हैं। अगर वे इस बार चुनाव जीतते हैं, तो ये लोग संविधान को खत्म कर देंगे और हमें फिर से गुलाम बनाने का काम करेंगे। वही, राजद को सिर्फ सत्ता से प्यार है और वह सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। इसलिए इस बार चूकना नहीं है, कयोंकि लड़ाई आर पार की है। इस बार बक्सर बहुजनों का होगा। उन्होंने कहा कि बक्सर की जनता का अपार समर्थन बहुजन समाज पार्टी को प्राप्त हो रहा है। रोड शो में समर्थकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह जगह पर फूल मालाओं से बसपा प्रत्याशी का अभिनंदन किया गया। समर्थकों ने भी अनिल कुमार को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। रोड शो में पूर्व विधायक रामचंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक अंबिका यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुशील कुशवाहा, पिंटू यादव, अभिमन्यु कुशवाहा, बक्सर जिलाध्यक्ष सुभाष गौतम, कैमूर जिलाध्यक्ष छोटे लाल, रोहतास जिलाध्यक्ष पवन कुमार, अमर आजाद, शिव कुमार कुशवाहा, उपेंद्र यादव, संतोष यादव, लालजी राम, सरोज साधु कमलेश राम, जयनारायण राम समेत सैकड़ों समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सांसद मनोज तिवारी ने इंडी की उड़ाई खिल्ली, बोले... VS मुरार में एनडीए पर बरसे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी, कहा...

# कांग्रेस-राजद फ्यूज बल्ब अब एलईडी का है जमाना

केटी न्यूज/बक्सर

कांग्रेस व राजद फ्यूज बल्ब है, अब उसमें से प्रकाश निकलने वाला नहीं है। यह जमाना एलईडी का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर चल पड़ा है। उक्त बातें बक्सर में दिल्ली से भाजपा सांसद व भोजपुरी फिल्म व गीत के सुपरस्टार मनोज तिवारी ने कही है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दुनियाभर में भारत का मान बढ़ा है। यूक्रेन में पाकिस्तानी छात्रों ने जब देखा कि जान पर संकट है तो वे भारत का तिरंगा हाथ में ले सुरक्षित निकले, जो इस बात को दशार्ता है कि आज भारत की प्रतिष्ठा चारों तरफ बढ़ी है। वे भाजपा के सोशल मीडिया से जुड़े युवाओं के एक सम्मेलन शंखनाद में भी शामिल हुए तथा उन्हें कई अहम जानकारियां दी।

उन्होंने बक्सर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी को भारी बहुमत से जीताने की अपील की। इसके पहले बक्सर पहुंचने पर मनोज तिवारी का बक्सर नगर प्रवेश स्थल पर भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी के नेतृत्व में मोर्चा कार्यगकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वही, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष संध्या पाण्डेय ने मातृशक्ति के साथ मनोज तिवारी की आरती उतार स्वागत किया। भाजपा कार्यकताओं ने अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया। मनोज तिवारी ने अपने गीत भरे अंदाज में मिथिलेश तिवारी को जिताने की अपील किया।



### मोदीजी ने महिलाओं के सम्मान में लिए कई फैसले

**बक्सर।** बक्सर कि सोशल एक्टिविष्ट बीजेपी नेत्री वर्षा पाण्डेय के नेतृत्व में बीजेपी के सांसद प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी के समर्थन मे ष्बीजेपी को फिर लाओ और महिलाओं का सम्मान बढ़ाओंष् के तहत नगर भ्रमण रैली निकली गयी। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया। नगर भ्रमण रैली मे शामिल महिलाओं ने जनजागरूकता करते हुए सभी मतदाताओं को 1 जून को महिला सम्मान के लिए बीजेपी के पक्ष मे वोट देनें लिए अपील किया। सोशल एक्टिविष्ट और लाइफ कोच वर्षा पाण्डेय ने मोदी जी को आधुनिक राष्ट्र निमार्ता बताते हुए कहा कि पिछले 70 सालों के मुकाबले इन 10 सालों के दौरान महिलाओं के मान सम्मान मे अनेको फैसले हुए और करोड़ों महिलाओं का जीवन स्तर मे सुधार हुआ। जैसे गाँव के गरीब महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने के लिए उज्जवला योजना, तीन तलाक से जूझ रहीं मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक को खत्म करने का कानून बना, नारी शक्ति वंदन के तहत 33 फीसद आरक्षण, महिलाओं के लिए साथ ही उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कई अहम योजना जमीनी स्तर तक पहुची और करोड़ों महिलाओं के जीवन मे बदलाव हुआ।

# जब हमार बाबूजी ना डेरईले त बेटा डेराई हो

केटी न्यूज/डुमरांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईडी व सीबीआई का धौंस दिखा मुझे डराना चाहते है। चुनाव बाद जेल भेजने की धमकी दे रहे है। लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मंगलवार को मुरार हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने ठेठ भोजपुरी अंदाज में कहा कि हमार बाबूजी कबो भाजपा से ना डेरईले त हम डेराईब हो..., इस पर भीड़ तालियां बजाने लगी। उन्होंने मौके पर चौका लगाते हुए कहा कि जब हमारी सरकार बनेगी तो अग्निवीर योजना बंद की जाएगी।

उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि स्थिति इंडी गठबंधन के पक्ष में बिल्कुल टनाटन है और सरकार बनने के बाद महिलाओं के खाते में खटाखट पैसा जाएगा। तेजस्वी ने प्रधामंत्री के मोजरा वाले बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि प्रधामंत्री जी म से सिर्फ मोजरा व मछली ही नहीं होता है, बल्कि म से महंगाई भी होता है। इस पर आत कभी क्यों नहीं बात करते है। उन्होंने कहा कि बिहार में जब महागठबंधन के नेतृत्व में सरकार थी तो मैने 17 महीने में वह कर दिखाया जो 17 वर्षों में नहीं हुआ था। मैंने नौकरियां दी, लेकिन भाजपा वाले मंदिर-मस्जिद व धर्म के नाम पर लोगों को भरमाने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि गरीबों की आवाज उठाने के लिए ही भाजपा तेजस्वी यादव को जेल भेजने की बात कह रही है।



### संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा

मुरार में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा वाले बाबा साहेब के संविधान को खत्म करना चाहते है। लेकिन लालू के बेटे के रहते किसी माई के लाल में यह ताकत नहीं है कि वह बाबा साहेब के संविधान से छेड़छाड़ कर दें। उन्होंने एक जून को बक्सर से राजद प्रत्याशी सुधाकर सिंह को भारी बहुमत से चुनाव जीताने की अपील की। तेजस्वी की सभा में भीषण गर्मी व तल्ख धूप के बीच बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसके पहले सभा को तेजस्वी यादव के बड़े भाई तेज प्रताप यादव, वीआईपी सुप्रिमों मुकेश साहनी, बक्सर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, डुमरांव से माले विधायक डॉ. अजित कुमार कुमार सिंह, प्रत्याशी सुधाकर सिंह आदि ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने इस चुनाव को गरीब मजदूरों की सम्मान की लड़ाई बताया और अपने सम्मान की रक्षा के लिए राजद प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह, पूर्व सांसद तेजनारायण सिंह, पूर्व विधायक रामाश्रय प्रसाद, जगनारायण यादव, मनोज कुमार, हरेंद्र प्रताप सिंह समेत इंडी गठबंधन के दर्जनों नेता व सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चुनाव संपन्न होने तक मेडिकल किट के साथ बूथों पर तैनात रहेंगे स्वास्थ्यकर्मी

केटी न्यूज/चौसा

अब महज कुछ दिनों में अंतिम चरण में होने वाले बक्सर संसदीय सीट के चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अब अंतिम पड़ाव में है। जहां अब बूथ व मतदान को लेकर तैयारियां की जा रही है। इसको लेकर मंगलवार को चौसा पीएचसी में बीडीओ अशोक कुमार व प्रभारी चिकित्सक डा. अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आशा व स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केवल चुनाव सम्बन्धी चर्चा की गई। जिसमें खासतौर से बताया गया कि इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। वही, आगामी एक जून को लोकसभा का अंतिम चरण का चुनाव है। इस भीषण व तपन भरी गर्मी में मतदाता अपना मत डालने आएंगे। हो सकता है किसी की तबीयत खराब हो जाए, इसके लिए बूथ वार स्वास्थ्य सेवा सुविधा की जरूरत होगी। इसको लेकर पहले से तैयारी की जानी है। इसको देखते हुए सब्जी आशाकर्मी व स्वास्थ्य कर्मी बूथवार चुनावी ड्यूटी करनी है। जहा हर बूथ पर मेडिकल टीम ओआरएस व जरूरी मेडिकल दवाओं के साथ मौजूद रहना है। वे सुबह सात बजे से अंतिम पोल तक बूथ केंद्र पर रहेंगी। इसके लिए विभाग से जरूरी किट बैग व आई कार्ड दे दिया जाएगा। बता दे कि चौसा में कुल 76 बूथ है। जहा सभी बूथों पर आशा कर्मी के अलावा स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेंगे। उक्त बैठक में बीसीएम मंजू कुमारी के अलावा आशा व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रही।



♦ मतदान को लेकर चौसा पीएचसी में हुई बैठक, दिया गया टास्क

## 550 वृद्धजन व दिव्यांग मतदाताओं ने मतपत्र के जरिए डाले वोट

**बक्सर।** संसदीय निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 01 जून 2024 को मतदान केंद्र पर जाने में शारीरिक रुप से असमर्थ वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु दिनांक 26 एवं 27 मई 2024 को निर्धारित की गई थी। इस संबंध में जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि बक्सर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 06 विधानसभा अवस्थित हैं। ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र में 106, बक्सर विधानसभा क्षेत्र में 193, डुमरांव विधानसभा क्षेत्र में 104, राजपुर विधान सभा क्षेत्र में 98, रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में 26 एवं दिनारा विधान सभा क्षेत्र में 23 इस प्रकार कुल 550 वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतपत्र के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।

# यूपी के युवक की सिकरौल में संदेहास्पद स्थिति में मौत

केटी न्यूज/नावानगर

सिकरौल लख स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय के सामने संदेहास्पद स्थिति में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उसकी जेब में पड़े आधार कार्ड के अनुसार कि गई। जो यूपी के प्रतापगढ़ अंतर्गत रायपुर गांव निवासी 22 वर्षीय अमरेश प्रजापति के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे सिंचाई विभाग कार्यालय के सामने सड़क पर अचेत अवस्था में पड़े युवक को देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पुलिस ने अचेत युवक के इलाज के लिए नावानगर सीएचसी ले गई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक टी शर्ट व पैंट पहना हुए था। जिसकी टी शर्ट की जेब में पड़ी आधार कार्ड से उसकी पहचान की गई। जिसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना मृतक के परिजनों को देने के साथ ही उसकी शव को पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, दूसरी ओर यूपी के युवक की सिकरौल में हुई अचानक मौत पर लोगों के बीच कई तरह की चचाएं हो रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बिरेंद्र कुमार ने बताया कि युवक के शव को देखने से प्रथम दृष्टया लू लगने से मौत होने की संभावना जताई जा रही है। चूंकि युवक के शरीर पर किसी तरह की जख्म का निशान नहीं है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगी।

## विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित, बोले सीएस...

# माहवारी में लापरवाही से सर्वाइकल कैंसर की शिकार भी बन सकती हैं महिलाएं

♦ किशोरियों व महिलाओं को किया गया जागरूक, ग्रामीण इलाकों में हुई खुल कर चर्चा

केटी न्यूज/बक्सर



अक्सर अज्ञानता के कारण महिलाएं कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाती है। जिसमें माहवारी स्वच्छता भी शामिल है। जिसका जिक्र महिलाएं शर्म व लाज के कारण किसी से नहीं कर पाती और इसमें लापरवाही के कारण कई प्रकार की परेशानियों से जूझती हैं। ऐसे में किशोरियों और महिलाओं के लाज और शर्म को दूर करने के लिए प्रत्येक वर्ष 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है 'टूगेदर-फॉर ए पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड'। जिसके तहत मंगलवार को जिले के विभिन्न हिस्सों में गतिविधियों का आयोजन किया गया। ताकि, किशोरियों के साथ साथ महिलाएं भी इस संबंध में खुलकर बात कर सकें।

सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने बताया कि माहवारी के संबंध में सही जानकारी न मिलने के कारण किशोरियां व महिलाएं कई संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ जाती है। जिसके कारण इस बार सभी से अपील की जा रही है कि 'पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड' का हैशटैग अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जरूर लगाएं। इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा करें। सही जानकारी संक्रमण और बीमारियों से बचाएगी। उन्होंने बताया कि विशेषकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाली किशोरियां और महिलाएं आज भी मासिक धर्म से जुड़ी कई जरूरी चीजों से अंजान हैं। जिसकी वजह से उनके द्वारा बरती गयी थोड़ी सी भी लापरवाही, उनको सर्वाइकल कैंसर और योनी संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार बना सकती है।

**माहवारी शरीर की एक स्वाभाविक प्रक्रिया :** बीसीएम प्रिंस कुमार ने बताया कि मासिक धर्म या माहवारी शरीर की एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। जिसमें साफ-सफाई का विशेष महत्व है। मासिक धर्म के दौरान प्रत्येक चार घंटे में सेनेटरी पैड को अवश्य बदल देना चाहिए। कपड़ों का इस्तेमाल करने से संक्रमण हो सकता है। लापरवाही करने से यूरिनरी ट्रैक इंफेक्शन, लिकोरिया, धात गिरने जैसी बीमारी के साथ संक्रमण हो सकते हैं। मासिक धर्म के दौरान हरी साग-सब्जी, ताजे फल, दही, दूध और अंडा का सेवन करना चाहिए। स्वच्छता और खानपान का ध्यान न रखने से एनीमिया की शिकार हो सकती हैं। बताया कि इस अभियान को लेकर आगे भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जिसमें स्कूलों को भी शामिल किया जाएगा।

### माहवारी स्वच्छता के संबंध में दी विस्तृत जानकारी

इस क्रम में सदर प्रखंड अंतर्गत पांडेयपट्टी में माहवारी स्वच्छता दिवस को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें आशा कार्यकर्ता नीतू देवी ने अपने क्षेत्र की किशोरियों और महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बताया कि अपर्याप्त माहवारी स्वच्छता महिलाओं एवं बालिकाओं को शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से हानि पहुंचा सकती है। जहां वे संक्रमण, एनीमिया, बांझपन, स्कूल ड्रॉपआउट, हिंसा एवं भेदभाव का शिकार हो सकती हैं। इसलिए आज इस मुद्दे पर अपने परिजनों से खुलकर बात करें। ताकि आप सभी माहवारी के कारण किसी भी प्रकार के संक्रमण या बीमारी की चपेट में न आ सकें। इस क्रम में किशोरियों व महिलाओं के साथ साथ युवाओं ने भी अपने हाथों पर लाल गोला बनाकर अभियान में सहयोग करने की बात कही।

## एक नजर

### स्वच्छता कर्मियों ने लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए किया जागरूक




**केसठ।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए लगातार मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी दौरान केसठ स्थित पंचायत सरकार भवन के प्रांगण में मंगलवार को लोहिया स्वच्छता अभियान में लगे कर्मियों ने आगामी एक जून को लोकसभा चुनाव में हम अपना मत जरूर देंगे का संकल्प लिया। इसके स्वच्छता कर्मियों ने अपने हाथों में मतदान पोस्टर और स्लोगन में माध्यम से लोगों को मतदान करने को लेकर जागरूक किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने किया। इस दौरान समाज के अन्य वर्गों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मौजूद लोगों को मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्था की जानकारी दी गई। मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी पंचायत सचिव अभय कुमार, मुस्लिम दर्जी, अशोक मेस्तर, रामधनी राम, धुनोज पासवान, शिव शंकर तुरहा सहित अन्य लोगों ने गांव में भ्रमण कर लोगों जागरूक किया। इस संबंध में पंचायत मुखिया ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में ये कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें लोगों को मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से छह बजे तक पहुंच सपरिवार मतदान करने को ले जागरूक भी किया गया। बूथों पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने को ले पंचायत में विभिन्न प्रकारों की अभियान चलाई जा रही है। इस दौरान लोगों को चुनावी पोस्टर और टोपी का वितरण किया गया।

### बीमा नवीनीकरण के लिए 31 मई तक खाते में रखें प्रीमियम राशि, तभी मिलेगा लाभ

**केसठ।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत पूर्व से बीमा कराए खाता धारियों को 31 मई तक प्रीमियम राशि अपने बचत खाते में जमा रखनी होगी। इससे बैंक खाताधारियों को साल भर एक जून 2024 से 31 मई 2025 तक बीमा का लाभ मिलेगा। उक्त बातें दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक केसठ के प्रबंधक अविनाश कुमार प्रधान ने कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 18 से 50 वर्ष तक के कोई भी व्यक्ति जीवन बीमा करवा सकते है। इसका वार्षिक प्रीमियम 436 रुपए है। सरकार की एक और लाभकारी योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना है। इसके तहत 18 से 70 वर्ष तक के कोई भी व्यक्ति 20 रुपए के वार्षिक प्रीमियम देकर सुरक्षा बीमा करवा सकते है। दोनों योजनाओं के तहत बीमित व्यक्ति के मृत्यु के उपरांत उनकी नामित चार लाख तक का दावा राशि प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो पूर्व से इन दोनों बीमाओ में पंजीकृत है, उन्हें दोनों बीमाओं के नवीकरण के लिए प्रीमियम राशि 436 रुपए तथा 20 रुपए खाते में अवश्य रखनी होगी। यह राशि बचत खाते से 31 मई तक स्वतः कट जाएगी। ताकि उनकी पॉलिसी का नवीनीकरण 31 मई तक हो सके अन्यथा पूर्व की पॉलिसी स्वतः समाप्त हो जायेगी। बीमा पॉलिसी के नवीनीकरण के लिए सभी ग्राहक शीघ्र ही अपने बैंक शाखा या बीसी एजेंट से संपर्क करें।

### एमवी कॉलेज में स्नातकोत्तर चौथे सेमेस्टर के छात्रों को सम्मानपूर्वक दी गई विदाई



**बक्सर।** महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। स्नातकोत्तर चौथे सेमेस्टर के छात्रों को उत्साहपूर्वक सम्मान सह विदाई का कार्यक्रम सेकेंड सेमेस्टर के सहपाठियों की अनुभव को एक साथ, एक विचार के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र पाठक ने कहा कि हमारा महाविद्यालय मुख्य रूप से शिक्षा के दौरान सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं के राजनीतिक शिक्षण के माध्यम से हमारे छात्रों को एक अच्छा इंसान बनाने और एक सफल पेशेवर बनाने पर केंद्रित है। मुझे यह बात बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे महाविद्यालय के छात्र देश विदेश में उच्च पदों पर काम कर रहे हैं। हमारे छात्र हर तरह की परीक्षाओं में सफल हुए हैं और मुझे पूरा यकीन है कि सभी वर्तमान छात्र भी सफलता की चोटी तक पहुंचेगें। वही राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष अवधेश प्रसाद ने कहा- हमारे कई छात्रों ने नेट-जेआरएफ में भी उतीर्ण हुए हैं। कई छात्र मीडिया के क्षेत्र में चले गए हैं और वह बेहतर कर रहे हैं। एनजीओ में भी हमारे कई छात्र उच्च पदों पर कार्यरत हैं। वही मौके पर उपस्थित राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ प्रिय रंजन ने अपने वक्तव्य में कहा हमारे यहां के छात्र महाविद्यालय को एक नई ऊंचाई देने के लिए हमेशा जागरूक रहते हैं। हमारे छात्र सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि सामाजिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, तुलनात्मक ज्ञान को राजनीति के साथ तालमेल बैठाते हुए चुनौतियों का सामना करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। शिक्षकों ने छात्रों को आप अपने जीवन में हमेशा सफल रहे ऐसी शुभकामनाएं हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूनी कुमारी,रुचि कुमारी, कुमारी दीपा, स्वेता, तान्या सिंह, पूजा कुमारी, रिंकू कुमारी, एकता कुमारी, विशाल चौधरी, विशाल चिंटू,अमित कुमार सिंह, विवेक, मुकेश, सनी, कृष्ण, एहसान, अरशद, सहित दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।

### फ्लैग मार्च के दौरान शराब के अड्डे से पुलिस ने दो को दबोचा, नष्ट की अर्द्धनिर्मित शराब

**डुमरांव।** भयमुक्त, पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव में मतदान कराने को लेकर अनुमंडल की पुलिस शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में सोमवार की रात थाना क्षेत्र के नोनिया डेरा गांव में बीसैप तथा अर्द्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च निकाल रही डुमरांव पुलिस ने अचानक शराब के एक अड्डे पर धावा बोल दिया। जहां से पुलिस ने करीब एक हजार लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को जमीन पर गिराकर विनष्ट किया। वहीं, मौके से आठ लीटर देशी चुलाई शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद करने के साथ ही शराब का अवैध रूप से निर्माण करने वाले दंपति धनजी नोनिया व उनकी पत्नी रजपतिया देवी को गिरफ्तार कर लिया। प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान गुप्त सूचना मिली थी नोनियाडेरा का धनजी नोनिया अवैध रूप से शराब का निर्माण कर रहा है। इस सूचना पर तत्काल उसके अड्डे पर छापेमारी की गई। जहां से शराब की खेप के साथ उसे गिरफ्तार किया गया।

# पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाल भयमुक्त माहौल में मतदान का दिया संदेश

♦ बूटों की थाप से उपद्रवी तत्वों में व्याप्त हुआ भय, शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में निकाला गया फ्लैग मार्च

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव पुलिस ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए स्थानीय शहर में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व डुमरांव थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनीषा राणा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को भय रहित वातावरण में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में करवाने के लिए आम जनता को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी ने फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को संदेश दिया कि किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था व शांति भंग करने की किसी सूरत में इजाजत नहीं दी जाएगी। नागरिकों को जागरूक किया गया कि वे झूठी अफवाहों पर ध्यान न दें, निर्भीक होकर अपना मतदान करें। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस कर्मी व अर्द्धसैनिक बलों के जवानों द्वारा शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले अफवाह जैसे किसी तरह की खबरों से बचने की सलाह दी गई।



**उपद्रवी तत्वों में भय व्याप्त, लोगों ने ली राहत की सांस :** मिली जानकारी के अनुसार यह फ्लैग मार्च डुमरांव शहरी क्षेत्र के साथ ही नंदन व रजडीहा गांव में निकाला गया था। इस दौरान उपद्रवी तत्वों में भय व्याप्त हो गया। बूटों की थाप व गाड़ियों की सायरन की आवाज उप्रदवी तथा असमाजिक तत्वों को इस बात का संदेश दे रही थी कि चुनाव में गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करने वालों की इस बार खैर नहीं है। फ्लैग मार्च में शामिल जवान लोगों को भयमुक्त माहौल में मतदान करने की अपील कर रहे थे। फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में जवान शामिल हुए थे। ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च देखने के लिए लोग घरों से बाहर निकल आए थे। जबकि शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च के दौरान वाहन चालकों में हड़कंप मच गया था। खासकर वैसे दुपहिया चालक जिनके पास हेलमेट नहीं था। हालांकि, फ्लैग मार्च में शामिल जवानों ने बाइक चेकिंग अभियान नहीं चलाया।

" लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व निष्पक्ष संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की जिम्मेवारी है। हर बिंदुओं पर बारीकी से नजर रखा जा रहा है, जो चुनाव को प्रभावित कर सकते है। शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण का संदेश देने के लिए ही फ्लैग मार्च निकाला गया था।

- अनिशा राणा, प्रशिक्षु डीएसपी

## एक नजर

### शांतिपूर्ण मतदान के लिए अर्द्धसैनिक बल जवानों का नावानगर व केसठ में फ्लैग मार्च



**नावानगर।** लोक सभा के अंतिम चरण की मतदान शांतिपूर्ण व भयमुक्त संपन्न कराने के लिए अर्धसैनिक बल के जवानों ने नावानगर व केसठ प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को फ्लैग मार्च निकाला। अर्ध सैनिक बल के जवानों ने नावानगर, बड़की भरौली, बिचली भरौली, केसठ, राजापुर, धेनुआडीह, चनवथ समेत दर्जनों गांव में फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को भय मुक्त हो कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च के अलावा शराब के विरुद्ध छापेमारी के साथ थाना क्षेत्र के सड़कों पर वाहन जांच अभियान भी चलाया गया। वहीं अर्ध सैनिक बल के जवानों ने सिकरौल थाना के पुलिस पदाधिकारियों ने साथ थाना क्षेत्र के सिकरौल, तेतरहर, बेलांव, खडरीचा, कंजिया, बड़कागांव, बेलहरी, अकडौरा, सतुहारी समेत अन्य गांवों में फ्लैग मार्च कर लोगों को भयमुक्त मतदान करने के लिए अपील किया।

### नंदन गांव में छात्रों ने बैनर और पोस्टर के साथ चलाया जागरूकता अभियान, लगाए नारे




**डुमरांव।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सरकार पूरी तरह से एलर्ट है। इसके लिए स्कूली बच्चों का भी सहारा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को नंदन गांव के उच्च विद्यालय व मध्य विद्यालय के बच्चों के साथ शिक्षकों ने गांव में रैली निकाली। रैली के दौरान बच्चे के हाथों में बैनर व पोस्टर मौजूद रहे। इस दौरान घरों के दरवाजे पर रूक ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे थे। इनका टारगेट महिलाओं पर ज्यादा रहा। दरवाजे पर खड़ी महिलाओं को बच्चों ने बताया की मतदान करना क्यों जरूरी है। अपके मतदान करने से देश की सरकार बनेगी, जिससे देश का विकास होगा। बच्चों को दरवाजे पर मतदान करने के लिए उत्प्रेरित करने से महिलाओं में काफी अच्छा प्रभाव पड़ रहा था। महिलाएं बच्चों को आश्वासन भी दे रही थी कि मतदान करने 1 जून के बूथ पर जरूर जाएंगी। मौके पर स्कूल के हेडमास्टर आरती राय, ईश्वर चंद्र प्रसाद, नवनीत कुमार, श्वेता तिवारी सहित अन्य शिक्षक का सराहनीय सहयोग रहा।

### रोटरी क्लब द्वारा स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, 85 लोगों के स्वास्थ की हुई जांच




**बक्सर।** बक्सरे रोटरी क्लब द्वारा सत्र 2023-2024 का ग्यारहवां सकारात्मक स्वास्थ्य शिविर मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शहर के श्री चंद्र मंदिर परिसर में रोटरी अध्यक्ष राजेश केशरी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें निशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, वजन एवं लंबाई की जांच की गई। शिविर में कुल 85 लोगों की जांच की गई। ज्ञात हो कि ये स्वास्थ्य शिविर प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को लगाया जाता है। शिविर में डॉ० सौरभ राय एवं डॉ० ट्विंकल केशरी के द्वारा मरीजों को उचित परामर्श एवं दवाएं दी गई। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में सचिव एस एम साहिल, मनोज वर्मा, अनिल केशरी, मंजेश केशरी, अमृता केशरी, राजकुमार सिंह, संजय सर्राफ एवं रोटरी मित्र अरविंद एवं मुमताज हुसैन इत्यादि का सहयोग मिला।

### विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज में 477 लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर



**बिक्रमगंज।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत प्रखंड बिक्रमगंज में 107 तथा संझौली में 370 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। आगे बताते चलें कि बिजली चोरी रोकने के लिए बिहार में विभाग ने एक अभियान के तहत घर-घर अब स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्मार्ट मीटर लगने से विभाग समेत उपभोक्ताओं को भी काफी फायदे होंगे। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ता को बिजली बिल के झंझट से छुटकारा मिल जाएगा। उपभोक्ता मोबाइल की तरह रिचार्ज होने वाले इन मीटरों में जितने का रिचार्ज करेंगे उतना ही बिजली खर्च कर पाएंगे। स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगने के बाद कम से कम पांच रुपये का रिचार्ज कराना होगा। इसे उपभोक्ता कितने दिनों में खर्च करते हैं, यह उनपर निर्भर करेगा। बता दें कि उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर रिचार्ज नहीं करने पर वे दो दिनों तक बिजली का उपभोग कर सकते हैं। इसके बाद भी रिचार्ज नहीं करने पर तीसरे दिन केवल कार्य दिवस को सुबह के 10 बजे से दिन के 1 बजे के बीच ही बिजली स्वतः कट जाती है। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छुट्टी एवं रविवार के दिन बिजली नहीं काटी जाती है तथा रात में भी कंपनी द्वारा बिजली नहीं काटी जाती है। यदि कहीं मेजर फॉल्ट हो तभी कुछ देर के लिए बिजली काटी जाती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरिफ एक समान है। प्रीपेड मीटर उपभोक्ता को रिचार्ज करने पर 3 प्रतिशत की अतिरिक छूट का प्रावधान है।

## भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने आयोजित किया अधिवक्ता संवाद, प्रधान चुनावी कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# मोदी जी के सत्ता संभालते ही तेजी से हुआ है देश का विकास : जीवेश मिश्र

**केटी न्यूज/बक्सर**

मंगलवार को भाजपा के लोकसभा प्रधान चुनाव कार्यालय बक्सर में विधि प्रकोष्ठ भाजपा बक्सर के द्वारा अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम किया गया। जिसकी अध्यक्षता विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुमन कुमार श्रीवास्तव एवं संचालन राकेश चन्द्र ओझा व हामिद रजा के द्वारा किया गया। अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जाले विधानसभा के विधायक सह पूर्व श्रम संसाधन विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बिहार सरकार जीवेश मिश्रा, मुख्य अतिथि विधायिका कुसुम देवी, विधायक पप्पू पाड़ेय, भाजपा विधि प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश संयोजक विन्ध्याचल राय, पूर्व जिलाध्यक्ष राणाप्रताप सिंह उपस्थित रहे।

अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम में अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जीवेश मिश्रा ने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी ने सत्ता में आकर देश का नेतृत्व करना शुरू किया तब से देश का विकास सभी क्षेत्रों में तेजी से हो रहा है। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद भारत के प्रधानमंत्री ने लोकसभा में पहले भाषण में कहा था कि यह सरकार गरीबों को समर्पित है। उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए जन धन खाता बैंकों में खुलवाने का कार्य किया। जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। इसके पहले सरकार के द्वारा भेजी गई राशि का 100 रुपया में 10 रुपये ही पहुंच पाता था, लेकिन जन धन खाता के माध्यम से 100 में 100 रुपये पहुंच पाता है। किसानों के लिए सरकार ने किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत छह हजार रुपये प्रति वर्ष देने कार्य इतिहास में पहली बार की गई है। किसानों के लिए फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, खाद में अधिक अनुदान का प्रावधान कर, किसानों की आमदनी को दोगुनी करने का प्रयास किया जा रहा है। खेती में लागत कम और फसल की कीमत में बढ़ोतरी कर किसानों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कोरोना महामारी में गरीबों को ख्याल रखते हुए सरकार मुफ्त राशन देने कार्य कर रही है। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सरकार ने स्किल इंडिया जैसे अनेकों कदम उठाया है, जिससे करोड़ों युवा आज लाभान्वित है। रक्षा के क्षेत्र में अपने ही देश में रक्षा सामग्री का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत विदेशी मुद्रा भंडार में पांचवां स्थान हासिल कर लिया है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था काफी मजबूत स्थिति में है। कार्यक्रम में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विन्ध्याचल एवं पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा ने अधिवक्ताओं के द्वारा कही गयी बातों को बारीकी से सुना और उस समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। प्रदेश संयोजक श्री राय ने लोकसभा चुनाव की मद्देनजर रखते हुए बक्सर लोकसभा के प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी को भारी मतों से जीत दिलाने के संबंध में अधिवक्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी चंदन कुमार, क्षेत्रीय प्रभारी कमलेश दत्त पांडेय, प्रभुनाथ सिंह, अरविंद चौबे, शशीकांत राय, अधिवक्ता संघ के महासचिव बिंदेश्वरी कुमार पांडेय, सरोज उपाध्याय, कृपाशंकर राय, विनीत कुमार बर्मा, प्रमिला पाठक, सुरेन्द्र यादव, मनोज कुमार श्रीवास्तव, मारकण्डेय पाठक, अशोक सिन्हा, भरत सिंह, विनोद कुमार सिंह, सुशील कुमार पाठक, अजय तिवारी व अन्य मौजूद रहे।




### भाजपा कार्यालय में राणा प्रताप सिंह समेत सभी पूर्व जिलाध्यक्षों को किया गया सम्मानित



**बक्सर।** भाजपा के प्रधान चुनाव कार्यालय में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्यासी मिथिलेश तिवारी ने पूर्व जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह तथा सच्चिदानंद भगत को फूल माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सैकड़ो कार्यकताओं ने पूरे जोश के साथ जय श्री राम के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह की वापसी पर एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी अपने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ जय श्री राम के नारे लगाकर स्वागत किया। उक्त अवसर पर राणा प्रताप सिंह ने कहा कि अपने परिवार के साथ मिलने पर सुखद अनुभव होता है, उन्होंने कहा कि परिवार में शांति एवं एकजुटता होने पर मंजिल पाना आसान हो जाता है। जिसका परिणाम आज देश दुनिया के सामने है। उन्होंने कार्यकर्ताओ का हौसला बुलंद करते हुए कहा कि हमारे कार्यकर्ता कई चुनौतियों का सामना करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान की है, अच्छे कार्यकताओं की बदौलत ही पार्टी ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कार्यकताओं को विश्वास दिलाया की पहले की तरह कार्यकताओं के साथ कंधा से कंधा मिलकर पार्टी को और मजबूत करेंगे।

### लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत

**डुमरांव।** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोक दिया है। गांव से लेकर शहर तक रैलियां निकाली जा रही है। रैलियों में लोगों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न स्लोगनों को लिखा गया है। इन रैलियों में सस्ती से लेकर मंहगी वाहनों का रेला लगा रहता है, जो ग्रामीणों के आर्षण का केन्द्र बना हुआ है। रैली के दौरान उम्मीदवार भी मौजूद रहेते हैं, जो लोगों का अभिवादन करते हुए नजर आते हैं। इसमें कुछ लोग हाथ में पोस्टर और पम्पलेट लेकर लोगों में वितरण करते हुए नजर आते हैं।

राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवार हो या निर्दलीय अपनी तरफ से प्रचार-प्रसार में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। रैली में मंहगी गाड़ियों का क्रेज बना हुआ है। उम्मीदवार के समर्थक जो जितना ही पहुंच वाला है या समर्थवान है, उसकी पहचान अलग ही रहती है। हर कोई भविष्य को सोंच कर उम्मीदवरों की मदद में हर संभव सहायता करने के लिए आतुर दिखाई पड़ता है। कोई रैली निकलती है तो उसमें वाहनों का काफिला बहुत दूर तक दिखाई पड़ता है। उस रैली में हर तरह के वाहन नजर आते हैं। जब वाहनों का काफिला गांव में पहुंचता है तो ग्रामीण रोड के किनारे खड़े होकर रैली में शामिल वाहनों का देखने लगते हैं। वहीं महिला दरवाजे पर खड़ी हो कौतुहल बस मंहगी गाड़ियों का काफिला देखती हैं।

## बूथों पर वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं के लिए मूलभूत सुविधा बहाल करें: घोष

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मंगलवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एचआर श्रीनिवास ने एडीजी बिहार पुलिस नोडल पदाधिकारी जितेंद्र सिंह गंगवार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आलोक रंजन घोष के साथ बक्सर लोकसभा चुनाव को लेकर डुमरांव के राज हाइस्कूल में बने डिस्पैच सेंटर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बक्सर डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारियों को कई तरह के दिशा-निर्देश देते हुए डिस्पैच सेंटर में मूलभूत सुविधाओं से रूबरू भी हुए।

उन्होंने डिस्पैच कार्य सहित अन्य कार्यों में शामिल कर्मियों, पुलिस बलों सहित अन्य के लिए आवश्यक सुविधाओं के साथ पेयजल, शौचालय, निःशुल्क भोजन व्यवस्था, टेंटों में पंखों की संख्या के साथ ओआरएस और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था अवश्य रखने का निर्देश दिया। उन्होंने वाहन चालकों को नियमानुसार ससमय भुगतान करने की व्यवस्था की गयी है। इस दौरान सभी बूथों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए शेड, पेयजल, शौचालय, वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप व विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया। वहीं बक्सर बाजार समिति परिसर में ईवीएम-वीवीपैट संग्रहण केंद्र एवं मतगणना हॉल का निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के नर्देशानुसार वज्र गृह का सील राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों की उपस्थिति में कराना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान एसपी मनीष कुमार, डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीओ राकेश कुमार, डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ संदीप पांडेय, सीओ शमन प्रकश, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अनीषा राणा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कार्यपालक सहायक पर मारपीट करने का लगाया आरोप

**सासाराम।** रोहतास जिला से है जहां जिला अल्पसंख्यक कार्यालय सासाराम में कार्यरत कार्यपालक सहायक ने चुनाव ड्यूटी के दौरान मतपत्र कोषांग प्रभारी सह नगर आयुक्त सासाराम यतेंद्र पाल पर गाली गलौज तथा बेत से मारने का आरोप लगाया है। घायल कार्यपालक सहायक शुभम कुमार का इलाज फिलहाल सदर अस्पताल सासाराम में जारी है। कार्यपालक सहायक शुभम कुमार का कहना है कि चुनाव के बीच प्रतिनियुक्त मतपत्र कोषांग में डियूटी कर नोडल पदाधिकारी के निर्देश पर कुछ समय के लिए आराम हेतू घर चला गया। इसी बीच नगर आयुक्त सह कोषांग प्रभारी यतेंद्र पाल ने उसे कॉल किया तो नींद में वह कॉल रिसीव नहीं किया तथा नींद खुलने पर कोषांग प्रभारी से बात किया तो वहां बुलाकर गाली गलौज के साथ रुल से पीट-पीटकर घायल कर दिया। घटना बीते रविवार की बताई गई है।

## सीएस के निरीक्षण में गायब मिले चाइल्ड स्पेशलिस्ट, लिया संज्ञान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडलीय अस्पताल के डाक्टरों की मनमानी रूकने का नाम नहीं ले रही है। इनके मनमानी के कारण अनुमंडलीय अस्पताल की सेवा पाने से मरीज वंचित रह जाते हैं। मंगलवार को सीएस डॉ. एस सी सिन्हा ने अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में बतौर चाइल्ड स्पेशलिस्ट प्रतिनियुक्त किए गए डॉ. उमेश कुमार गायब मिले। सीएस ने इसे गंभीरता से लेते हुए डीएस डॉ. गिरीश कुमार सिंह को हाजिरी काटने और वेतन बंद करने का आदेश दिया। फिर उन्होंने अस्पताल में पेयजल व्यवस्था को तत्काल दूर करने के लिए भी आदेशित किया। फिर सीएस ने टेलीमेडिसीन सेवा नहीं शुरू होने पर आश्चर्य व्यक्त किया। इस संबंध में भी डीएस से पुछताछ किया।



डीएस ने बताया की डॉ. शिवकुमार चौधरी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। मौजूद डाक्टरों से सीएस ने जवाब तलब करते हुए हिदायत दिया की इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सीएस के अचानक पहुंचने पर हड़कंप मचा रहा।

विदित हो कि अनुमंडलीय अस्पताल में बच्चें के डाक्टर का पद लगभग एक दशक से खाली था। इस संबंध में स्थानीय विधायक ने विधान सभा में इसकी आवाज उठायी थी। फिर आनन-फानन में बच्चें के दो चिकित्सक को अस्पताल में पदस्थापित कर दिया गया। इनके पदस्थापन के बाद भी अनुमंडलवासियों को इनका लाभ पूरी तरह से नहीं मिल रहा है। बच्चा के डाक्टर प्रतिदिन अपनी सेवा नहीं दे रहे हैं। इसका खुलासा मंगलवार को सीएस के औचक निरीक्षण के बाद सामने आ गया। गायब डाक्टर पर कार्रवाई होने के बाद अस्पताल में बच्चा के डाक्टर की सेवा सही से मिल रही है कि नहीं आने वाला समय बताएगा।

## श्रीमद्भागवत सप्ताह सह ज्ञान कथा महायज्ञ का हुआ शुभारंभ, जीयर स्वामी जी महाराज बोले...

# मंडप परिक्रमा से मिलता है यज्ञ सुनने का फल

♦ मठिला में अरणि मंथन कर प्रकट की गई अग्नि, प्रसिद्ध संत जीयर स्वामी की मौजूदगी से श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

यज्ञ मंडप में 33 कोटि देवी देवता का निवास होता है। मंडप की परिक्रमा से यज्ञ सुनने का फल मिल जाता है। उक्त बातें महान संत तथा परम पूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने मठिला में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह सह ज्ञान कथा महायज्ञ के पहले दिन अपने प्रवचन में कही। उन्होंने कहा कि महायज्ञ से वातावरण शुद्ध होता हैं। प्राचीन काल से ही हमारे ऋषि महर्षि यज्ञ से वातावरण को शुद्ध करते थे। इसके पहले महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को पूरे विधान के साथ पंचाग पूजन व अरणि मंथन कर यज्ञ मंडप में अग्नि प्रज्जवलित की गई। जिसमें यज्ञाचार्य और वैदिक विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां प्रदान की गई। इसके बाद यज्ञ मंडप की परिक्रमा शुरू हुई। सबसे पहले महान संत जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में साधु संतों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी यज्ञ मंडप की परिक्रमा किए।



**मांगलिक गीत बना रहा आकर्षण का केन्द्र :** पहले दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा पूरी की। इस दौरान लोगों में मंडप परिक्रमा की होड़ सी मची रही। जिसमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी थी। यज्ञमंडप की परिक्रमा के दौरान महिलाओं द्वारा गाए जा रहे मांगलिक गीत आकर्षण का केन्द्र बना रहा। वही इस महायज्ञ के आयोजन से मठिला तथा आस पास के गांवों में भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। महान संत श्री जीयर स्वामी जी की उपस्थिति श्रद्धालुओं में उत्साह भर रही थी। यही कारण है कि भीषण गर्मी व बदन को झुलसा देने वाली धूप में भी श्रद्धालुओं का उत्साह तनिक भी कम नहीं हुआ। खासकर सुबह व शाम के आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े थे। महायज्ञ में शामिल होने आने वाले दूर दराज के श्रद्धालुओं को आयोजन समिति द्वारा बड़े ही श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण कराया जा रहा था।

### दूकान का दीवार तोड़कर हजारों की चोरी

**जहानाबाद।** मखदुमपुर थाना से महज कुछ ही दूरी पर पाई विगहा मोड़ स्थित किराना दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। बीती रात दुकान के पिछले हिस्से से बगल की हिस्से में प्रवेश कर किराना दुकान का दीवार तोड़कर बड़े ही आराम से अज्ञात चोरों ने चोरी घटना की अंजाम दिया है। दुकानदार चितरंजन कुमार ने बताया कि जब उन्होंने सुबह दुकान खोला तो देखा कि दुकान के पिछले हिस्से का दीवार टूटा है समान बिखरा हुआ है। गल्ला से पैसे गायब महंगे डॉयफ्रूट्स सारे गायब है। दुकानदार ने बताया कि लगभग 25 से 30 हजार का नुकसान है। जिसमे गल्ला में रखा 6,7 हजार रुपये भी गायब है। इस चोरी की घटना के बाद आसपास के व्यवसायी दहशत में है।

# इंटर स्कूल खेल स्टेडियम में पवन एवं खेसारी की चुनावी जनसभा में उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

चिलचिलाती धूप में शहर के इंटर स्कूल खेल स्टेडियम में मंगलवार को चुनावी जनसभा में काराकाट लोकसभा संसदीय क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह के समर्थन में खेसारी लाल यादव ने हाथ जोड़कर सभा स्थल पर उपस्थित आमजनों से वोट मांगा । जैसे ही पवन सिंह एवं खेसारी लाल यादव एक साथ मंच पर पहुंचे वैसे ही चिलचिलाती धूप में भी लोगों ने जय पवन तय पवन के नारे लगाएं । जिसको लेकर पवन सिंह एवं खेसारी लाल यादव ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया । तत्पश्चात पवन सिंह एवं खेसारी लाल यादव को फूलमाला व चांदी का मुकुट पहना स्वागत किया गया । आपको बताते चलें कि जनसभा में आमजनता चिलचिलाती धूप में भी अपने आपको रोक नही पाई और मंच तक आमजनता अपने प्रत्याशी का अभिवादन करने व सेल्फी लेने के लिए पहुंच गए । सभा स्थल पर मौजूद भारी भीड़ को काबू करने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन को काफी मसक्कत करनी पड़ी । उक्त दौरान मंच के आगे तपती धूप में खुले मैदान में बने प्रेस दीर्घा में भी पहुंच लोगों ने सेल्फी लेने की होड़ में कुछ लोग मंच पर पहुंच गए तो कुछ लोग प्रेस दीर्घा में पहुंच कुर्सियों पर चढ़कर सेल्फी लेने लगे । उक्त दौरान प्रेस दीर्घा



में पड़ी कुछ कुर्सियां टूट गई और कुछ लोगों के चश्में भी टूट गए तो कई लोगों के पॉकेट भी जेबकतरों ने मार लिया । जनसभा को संबोधित करते हुए पवन सिंह ने वादा किया कि जीतने के बाद काराकाट में फिल्म सिटी बनाउंगा । सांसद मद के राशि जनता में खर्च करूंगा,काराकाट में अपना घर बनाऊंगा ,जनता की सेवा करूंगा । पवन सिंह ने कहा कि काराकाट की जनता का साथ रहा तो सांसद बनने से मुझे कोई नहीं रोकेगा । माई, बहिन के आशीर्वाद मिली त हम जरूर जीत जाइम, जनता जनार्दन हमार भगवान हवन , हमरा के आपन बेटा समझ के वोट दे के जिताईजा । तो वहीं उनके समर्थन में पहुंचे भोजपुरी फिल्म अभिनेता खेसारी लाल यादव ने खुले मंच से मतदाताओं से हाथ जोड़कर अपील किया कि एक जून को आप सब अपने एक-एक कीमती वोट देकर पवन भैया को विजयी बनाकर संसद में भेजें ताकि आपका बेटा ,आपका भाई सदन में जाकर आपकी आवाजों को उठाएं । उन्होंने कहा कि पवन भैया को आप सब भारी से भारी मतों से विजयी बनाएं ताकि काराकाट लोकसभा की गूंज दिल्ली सदन तक पहुंच सके ।

## एक नजर

### बिजली बनाने पोल पर चढ़े मिस्त्री की गिरने से मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**आरा।** गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर (कृतपुरा) गांव स्थित सैलून के सामने मंगलवार की सुबह बिजली के पोल से गिरकर एक मिस्त्री की मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत मिस्त्री बीरमपुर (कृतपुरा) गांव निवासी निर्मल शर्मा का 38 वर्षीय पुत्र हरिओम शर्मा था। वह बिजली विभाग में संविदा पर मिस्त्री के रूप में काम करता था। उसके छोटे भाई ओम लाल शर्मा ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह गांव में स्थित सैलून के सामने बिजली के पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। उसी दौरान असंतुलित होकर वह बिजली के पोल से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा फोन कर घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद सदर अस्पताल में तैनात पुलिस पदाधिकारी द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि बिजली मिस्त्री अपने तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां गायत्री देवी,पत्नी गीता देवी, पुत्र अमन और आलोक है। घटना के बाद उसके घर में हाहाकार मच गया है। मां, पत्नी और बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भारतीय स्टेट बैंक द्वारा मतदाता जागरूकता पदयात्रा का आयोजन, मतदान की अपील

**जहानाबाद।** भारतीय स्टेट बैंक जहानाबाद शाखा द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु पदयात्रा का आयोजन किया गयो यह आयोजन भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय व्यवसाय औरंगाबाद के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक जहानाबाद शाखा द्वारा किया गया` इस पदयात्रा में जहानाबाद जिले के भारतीय स्टेट बैंक की सभी 13 शाखाओं के लोग मौजूद थे पदयात्रा के माध्यम से जनता से शत प्रतिशत मतदान करने का अपील किया गयो इस पदयात्रा में जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे पदयात्रा का उद्देश्य मतदाताओ को जागरूक करना एवं उनको मतदान की आवश्यकता के बारे मे बताना थोमतदाता के जागरूक होने से जिले के मत का प्रतिशत बढ़ेगा एवं सर्वप्रिय जन प्रतिनिधि का चुनाव हो पाएगो भारतीय स्टेट बैंक ने यह कार्यक्रम सीङ्गएसङ्गआर के तहत कियो इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबन्धक श्री शक्ति सिन्हा,मुख्य प्रबन्धक श्री मनीष कुमार,प्रबन्धक श्री अमरनाथ कुमार`, श्रीमती पुष्पा कुमारी,श्री विमलेश कुमार रौनक`, श्री रिजवान आलम,श्री प्रवीण कुमार पंकज,श्री रवि रंजन`, अजय कुमार`, श्री विजय कुमार मौजूद थे जहानाबाद नगर थाना प्रभारी दिवाकर कुमार विश्वकर्मा एवं जाने माने मीडिया कर्मी रंजीत कुमार राजन ने भी इस जन जागरण अभियान में बढ़ चढ़ कर शिरकत की।

### पुलिस ने चालकों से 10 हजार का वसूला जुमार्ना

**कोचस (रोहतास) ।** कोचस पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र मे वाहन जांच लगाकर दस वाहन चालकों से 10 हजार रूपए का ऑनलाइन जुमार्ना किया है। इसकी पुष्टि करते हुए कोचस थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दस वाहन चालकों के पास हेलमेट ड्राइवर लाइसेंस इंश्योरेंस तथा अन्य कागजात साथ में न होने पर 10 हजार रुपए का जुमार्ना ऑनलाइन के तौर पर किया है। वही वाहन चालकों को गंतव्य की ओर छोड़ते हुए कहा गया कि घर से जब भी बाहर निकले तो वाहन की कागजात साथ में अवश्य लेकर निकले तथा यातायात नियमों का पालन अवश्य करे।

## खबरें फटाफट

### घर से निकले बुजुर्ग किसान का दूसरे दिन मिला शव, हत्या की आशंका

**आरा।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रूपबांध गांव निवासी बुजुर्ग किसान की मौत हो गई है। सोमवार की सुबह घर से निकले किसान का शव मंगलवार दोपहर दावा के समीप जंगल बागीचे से बरामद किया गया। मृत किसान रूपबांध गांव निवासी 70 वर्षीय बुधन यादव थे। परिजनों द्वारा हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। वहीं पुलिस बागीचे में गिरने और चोट लगने से मौत की आशंका जता रही है। पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम कराये जाने के बाद मामले की छानबीन की जा रही है। किसान के छोटे भाई नंद किशोर यादव ने बताया कि वह सोमवार की सुबह करीब 4 बजे घर से निकले थे। उसके बाद घर वापस नहीं लौटे, तो खोजबीन शुरू की गयी। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। मंगलवार दोपहर दावां गांव के लोगों के जरिए सूचना मिली कि उनका शव दावां गांव स्थित जंगल (बागीचे)में पड़ा है। उसके बाद परिजन वहां पहुंचे और उनके शव को वापस गांव ले आए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। छोटे भाई नंद किशोर यादव की ओर लेनदेन के विवाद में मारपीट कर फेंकने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस के अनुसार बुजुर्ग की मौत बगीचे में गिरने के कारण चोट लगने से मृत्यु होना प्रतीत होता है। वैसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

### पशु मेला के पास से हुई एक बाइक की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**काराकाट(रोहतास) ।** काराकाट पशु मेला के पास से खेलड़िया निवासी चंद्रदीप कुमार की बाइक की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में बाइक मालिक द्वारा काराकाट थाना में लिखित सूचना दी गई है। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि खेलड़िया निवासी चंद्रदीप कुमार एसबीआई शाखा काराकाट में किसी कार्य से आया था। इसी बीच उसे शौच लगी। वह शौच करने के लिए काराकाट पशु मेला के पास अपनी बाइक खड़ा कर चला गया। जब वापस लौटा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक नहीं मिला तो काराकाट थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमें अज्ञात चोरों पर बाइक चोरी का आरोप लगाया है।

## योगी ने आरा से भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह के पक्ष में की जनसभा

# राजद के अंधकार को दूर कर आरके सिंह ने देश में पहुंचाई बिजली: योगी आदित्यनाथ

- आरके सिंह जिस भी पद पर रहे, वहां का मान बढ़ाया: योगी
- बोले-कांग्रेस व राजद वाले आधी आबादी का विरोध कर रहे हैं
- लालू पर बरसे, बोले- जनता के वोट से जीतते हैं और परिवार का पेट भरते हैं



**केटी न्यूज/भोजपुर**

आरा ने आरके सिंह को चुनाव जिताया तो उन्होंने राजद के अंधकार को दूर कर जगह-जगह बिजली पहुंचाई और पूरे देश को उजाला दिया। आरके सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के एक लाख 20 हजार मजरों में बिजली पहुंचाई गई। 1.53 करोड़ गरीबों को फ्री में विद्युत कनेक्शन दिए गए। अब उत्तर प्रदेश में बिजली 24 घंटे मिलती है। आरा ने सांसद चुना। आपका एक वोट यश का भागीदार बना देता है। मोदी जी के अभियान, मिशन और विजन को आरके सिंह पूरे देश में लागू कर रहे हैं। इससे बिहार और आरा का नाम हो रहा है। जनता अच्छा फैसला लेती है तो परिणाम अच्छे आते हैं। सात वर्ष में से नो कर्फ्यू, नो चंगा, यूपी में सब चंगा है। हमने भगवान राम के संकल्प को जीवन का हिस्सा बनाया। यूपी में अब कोई रंगदारी नहीं लेता। माफिया की वहां रामनाम सत्य की यात्रा निकल गई। बेटी-व्यापारी के लिए खतरा बनने वाले को यमराज अगले चौराहे से उठा ले जाते हैं। बिहार में राजद और कांग्रेस का गठबंधन फिर से नक्सलियों को आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने भेज रहा है। इसे पनपने न देना। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री व आरा से सांसद आरके सिंह के पक्ष में मंगलवार को भोजपुर के परिया स्पोट् र्स ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। सीएम योगी ने भोजपुरी में आरा के लोगन के हमार प्रणाम कहकर खुद से जोड़ा। सीएम योगी ने कहा कि आरा की बात आती है तो 1857 याद आता है। 80 वर्ष की आयु में वीर बाबू कुंवर सिंह ने अंग्रेजों को मार-मारकर खदेड़ा था और आजमगढ़ तक का भूभाग मुक्त कराया था। आरके सिंह जब आईपीएस हुए थे तो उनकी आयु 20 साल थी। जब शादी हुई तो वे आईएएस बने। यहां के दामाद और आरा के सपूत प्रशासनिक सेवा के जिस भी पद पर रहे, यहां की धरती के मान को बड़े गर्व से बढ़ाया। भारत के गृह सचिव के रूप में उन्होंने शानदार काम किया। पांच साल से उनके कार्य को बहुत नजदीक से देख रहा हूं। सीएम ने अपील की कि राजकुमार सिंह को आरा का फिर से आशीर्वाद प्राप्त हो।

### परिवार के बाहर लालू जी किसी के बारे में नहीं सोच सकते

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस व राजद ने मौका मिलने पर देश, बिहार, सनातन धर्म से छल किया। वोट आपका, लेकिन सरकार बनने पर पेट भरा परिवार का। लालू जी परिवार के बाहर किसी के बारे में नहीं सोच सकते। कम्युनिस्ट बंगाल समेत दुनिया से समाप्त हो रहे हैं, लेकिन यहां से नक्सली को प्रत्याशी बनाकर उतारा है। यह आपकी सुरक्षा पर खतरा हैं। यह अराजकता पैदा करना चाहते हैं। इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने पर पर्सनल लॉ लागू करेंगे। इससे महिलाओं को बुर्का पहनकर घर में दुबकना पड़ेगा। यह लोग फिर से तीन तलाक की कुप्रथा को देश में लागू करेंगे। कांग्रेस व राजद वाले आधी आबादी का विरोध कर रहे हैं। जनसभा में आरा के सांसद व लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह, बड़हरा के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, आरा के विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, जनक सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा, भाजपा के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, जदयू जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिलाध्यक्ष लोजपा राजेश्वर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जदयू दुर्गा पटेल, पूर्व सांसद मीना सिंह, पूर्व विधायक मुन्नी देवी आदि की मौजूदगी रही।

### जब देश मजबूत हाथों में होता है तो दुश्मन दबकर चलता है

सीएम ने कहा कि हमने बदलते भारत को देखा है। 2014 के पहले और बाद के भारत में जमीन-आसमां का अंतर दिखेगा। 2014 के पहले के भारत में कांग्रेस और बिहार में राजद ने पहचान का संकट खड़ा किया था, लेकिन 2014 के बाद का भारत दुनिया में सम्मान प्राप्त कर रहा है। 2014 के बाद के भारत में आतंकवाद और नक्सलवाद समाप्त हो गया। जब देश मजबूत हाथों में रहता है तो दुश्मन दबकर चलते हैं। अब एक्सप्रेसवे, टूलेन, फोरलेन, 12 लेन के हाईवे बन रहे हैं। आरा का रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट सरीखा बन रहा है। 2014 के पहले के भारत में गरीब भूख से मरता था। आज 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिलता है।

# सुधाकर सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को तेजस्वी और तेज प्रताप ने किया संबोधित

**दावथ (रोहतास)।** कोआथ के जग नारायण इंटर स्तरीय विद्यालय के मैदान में मंगलवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह महागठबंधन के स्टार प्रचारक तेजस्वी यादव ने हुंकार भरी। स्थानीय उम्मीदवारी के नाम पर सुधाकर सिंह को जिताने की अपील की तेज प्रताप और तेजस्वी ने। उन्होने कहा कि मोदी के धमकियों से बिहार नहीं डरता। जब हमारे पिता जी नही डरे तो हम कैसे डर सकते है? डटकर मुकाबला करना हम बिहारी जानते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के साथ हमेशा ही सौतेला व्यवहार किया है। आप मुझे वोट दे मैं आप को नौकरी दुगा। रोजगार, स्वास्थ्य,सड़क, कृषि एवं हवाई अड्डे जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर बिहार को एनडीए की सरकार ने भेदभाव किया है।स्वयं के कार्यकाल में बिहार के युवाओं के लिए विभिन्न विभागों में सृजित किए गए रोजगार,अस्पतालों की सुदृढ़ व्यवस्था एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए गए मूलभूत परिवर्तन को बताते हुए उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में संपन्नता के लिए महागठबंधन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए बक्सर लोक सभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी सुधाकर सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए लोगों से



अपील किया। वही वीआईपी पार्टी सुप्रीमो मुकेश साहनी ने अपने संबोधन से युवाओं में जोश भरते हुए बाबा भीमराव अंबेडकर की संविधान और उसके अंतर्गत पिछड़ों के लिए दी गई व्यवस्था पर एनडीए सरकार द्वारा की जा रही प्रहार के बिंदुओं को रखा। वही तेज प्रताप यादव ने लोगों से आग्रह किया की आप सभी एक जून को चुप चाप लालटेन का बटन दबाकर सुधाकर सिंह को विजई बनाए। इसके अलावे महागठबंधन के कई स्थानीय नेताओं सहित जिला एवं प्रदेश स्तर के नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए बक्सर लोकसभा के प्रत्याशी सुधाकर सिंह के पक्ष में मतदान करने का अपील किया।

### चुनाव ड्यूटी में जानने के दौरान जवान की तबीयत बिगड़ी

**कोचस (रोहतास ) ।** परसथुआ ओपी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर ओवरब्रिज के निकट इलेक्शन ड्यूटी मे जाने के दौरान जवान लु के चपेट मे आ बेहोश हो गया। जिन्हें स्थानीय पुलिस के जवानो के सहयोग से उपचार के लिए कोचस के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सकों ने उपचार कर 104 डिग्री बुखार तथा मुंह से झाग आते देख बेहोशी की हालत में बेहतर इलाज के लिए एम्बुलेंस से सासाराम भेज दिया है। जवान की पहचान रंजीत पांडे उम्र 45 वर्ष जिला छपरा के बताए जाते हैं। बताया जाता है कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर इलेक्शन ड्यूटी को लेकर सहरसा से परसथुआ के रास्ते भभुआ जा रहा था जहां जवान की तबीयत बीच रास्ते में ही बिगड़ गई।

### विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**बिक्रमगंज(रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहिनी में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला आयोजित की गई । जिसमें पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम लीडर कुश कुमार द्वारा बताया गया कि बालिकाओं को माहवारी के बारे में जानना क्यों जरूरी है तथा मासिक का होना एक प्राकृतिक सामान्य प्रक्रिया है।

जिससे सभी किशोरियों को गुजरना पड़ता है यह किसी प्रकार की बीमारी नहीं है और इसको लेकर कभी भी कोई शर्मिंदगी महसूस नहीं करनी चाहिए । मासिक के दौरान संतुलित भोजन जैसे की फल, सब्जी ,दाल ,दूध आदि का नियमित रूप से सेवन करते रहें । जिससे की मासिक के दिनों में शरीर में एक ऊर्जा बनी रहे और आराम की भी जरूरत है ।






## चरपोखरी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव की सोमवार की देर शाम की घटना

# साइकिल चोरी के आरोप में दलित युवक को पीट-पीटकर मार डाला

- भाई की तहरीर पर पड़ोस के चार लोगों के खिलाफ दर्ज करायी गयी नामजद

**केटी न्यूज/आरा**

चरपोखरी थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में सोमवार की शाम साइकिल चोरी के आरोप में एक दलित युवक की हत्या कर दी गई। घर से पकड़ कर ले जाने के बाद युवक को बेहोश होने तक पिटाई की गयी। उसमें गंभीर रूप से जख्मी युवक ने इलाज के दौरान देर रात आरा सदर अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृत युवक रसूलपुर गांव निवासी वैद्यनाथ राम का 26 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार था। हत्या करने का आरोप पड़ोस के चार लोगों पर लगाया गया है। सूचना मिलने पर दारोगा विपुल कुमार पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, पुलिस की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनमें रसूलपुर गांव निवासी सत्येंद्र साह और संटू साह शामिल हैं।

मामले को लेकर उपेंद्र कुमार के बड़े भाई संतोष कुमार के बयान पर चार लोगों पर केस दर्ज कराया है। उसमें सत्येंद्र साह, वीरेंद्र साह, वीरेंद्र साह के बेटे पिंटू साह और संटू साह शामिल हैं। चारों को साइकिल चोरी करने के आरोप में उपेंद्र कुमार को पकड़ कर ले जाने बाद मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में संतोष कुमार द्वारा कहा गया है कि सोमवार की शाम करीब साढ़े चार बजे उपेंद्र कुमार अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी चारों आरोपित पहुंचे और उसके छोटे भाई उपेंद्र कुमार को पकड़ कर अपने साथ ले गये। घर के पास पुल के समीप ले जाकर चारों आरोपितों द्वारा उपेंद्र की बेरहमी से बेहोश होने तक पिटाई की गयी। तब संतोष कुमार अपने परिजनों के साथ दौड़ कर पहुंचा और उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए चरपोखरी पीएचसी ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद डाक्टरों द्वारा उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान देर रात उपेंद्र कुमार की सदर अस्पताल में मौत हो गई। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि छानबीन की जा रही। परिजनों की ओर से दर्ज प्राथमिकी में साइकिल चोरी के आरोप में गांव के कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने और इलाज के दौरान मौत होने की बात कही गई है। चार आरोपितों के खिलाफ केस किया गया है। उनमें दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो अन्य की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उन दोनों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चुनाव कराने भभुआ जाने के दौरान ट्रेन से गिरने से पुलिस अधिकारी की मौत

**आरा।** आरा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह चुनाव कराने जा रहे एक पुलिस अधिकारी (एएसआई)की चलती ट्रेन से गिरने से मौत हो गयी। उनका सर गर्दन से अलग हो गया था। दायां हाथ भी कट कर अलग हो गया था। घटना दो नंबर प्लेटफार्म के पश्चिम साइड अंतिम छोर पर हुई है। मृत एएसआई चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव निवासी स्व. कामेश्वर सिंह के 39 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार सिंह थे। वह वर्तमान में सुपौल जिले के बलुआ बाजार थाने में पोस्टेड थे। उनके जीजा ने बताया कि सत्येंद्र कुमार सिंह करीब चार वर्ष से सुपौल में पोस्टेड थे। सुपौल में चुनाव कराने के बाद मंगलवार की सुबह वह ट्रेन से इलेक्शन ड्यूटी करने भभुआ जा रहे थे। उसी दौरान आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर चलती ट्रेन से गिर पड़े और उसके चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। यात्रियों की सूचना पर रेल थाना पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हादसे के बाद एएसआई सत्येंद्र कुमार सिंह के घर में कोहराम मचा है। इधर, पुलिस महकमे में भी शोक की लहर दौड़ गयी। बताया जा रहा है कि सत्येंद्र कुमार सिंह चार भाई और तीन बहनों दूसरे स्थान पर थे। 2009 में बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर उनकी नौकरी लगी थी। उनके परिवार में पत्नी पिंकी कुमारी, पुत्र मनीष और पुत्री मधु है। पत्नी पिंकी कुमारी और बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बच्चों को खूब भाई सीएम योगी संग ठिठोली, चहक उठे मासूम

- बच्चों से की खूब बातें,आगे बढ़ने का दिया आशीर्वाद, चॉकलेट से मुंह भी मीठा कराया
- मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, गोवंश को खिलाई गुड़ रोटी

**केटी न्यूज / गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर हों और बच्चों से मिलकर उन पर प्यार न लुटाएं, ऐसा हो नही सकता। मंदिर प्रवास के दौरान दर्शन-पूजन, गोसेवा के साथ ही बच्चों से मिलना, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछना और खूब पढ़कर आगे बढ़ने का आशीर्वाद देना मुख्यमंत्री की दिनचर्या का हिस्सा है। और हां, बच्चों से हर मुलाकात तथा हर बच्चे को सीएम की तरफ से चॉकलेट गिफ्ट मिलना तो तय ही है। इसीलिए बच्चे प्यार से उनको टॉफी बाबा भी कहते हैं।

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की संसदीय सीटों पर प्रचार के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रात्रि प्रवास प्रायः गोरखनाथ मंदिर में ही हो रहा है। चुनाव प्रचार के बाद सीएम योगी सोमवार रात गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। मंगलवार सुबह उनकी



दिनचर्या परंपरागत रही। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने के बाद उन्होंने अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर शीश नवाया और उनका आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात हमेशा की तरह वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। भ्रमण के दौरान ही उनकी नजर उन बच्चों पर पड़ गई जो अपने परिवार के साथ बाबा गोरखनाथ का दर्शन करने आए थे।

कुछ दूरी पर खड़े होकर कौतूहल से मुख्यमंत्री को देख रहे इन बच्चों की खुशी का उस वक्त ठिकाना नहीं रहा जब सीएम योगी ने उन्हें आवाज देकर अपने पास बुला लिया। फिर क्या था, मुख्यमंत्री ने उनके नाम पूछे कहां और किस क्लास में पढ़ते हो इसकी जानकारी ली। कुछ ही देर में सीएम योगी बच्चों के बीच हंसी ठिठोली करते हुए बिल्कुल उनके दोस्त जैसे नजर आने लगे। कुछ देर की शाब्दिक गुदगुदाहट के बाद मुख्यमंत्री ने अभिभावक के रूप के सभी बच्चों के माथे पर अपना हाथ फेरा। उन्हें खूब पढ़ने और खूब आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। विदा करते वक्त सभी बच्चों को चॉकलेट देकर उनका दिल भी जीत लिया

गोरखनाथ मंदिर परिसर के भ्रमण के क्रम में मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में भी पहुंचे। यहां भोला, गौरी, नंदी, श्यामा आदि नामों की पुकार से गोवंश को अपने पास बुलाया। उन्हें रोटी-गुड खिलाकर उनकी सेवा की। मंदिर की गोशाला में सीएम योगी करीब आधे घंटे तक रहे।

## खबरें फटाफट

### सपा के वरिष्ठ नेता का निधन,पार्टी में शोक की लहर

**जौनपुर।** नौतपा का असर इन दिनों में जिलें में चढ़े पारा के नाते लोगों का जीवन गर्मी के नाते बेहाल हो गया है। जिलें के सिरकोनी क्षेत्र के राजेपुर गांव निवासी व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामेश्वर निषाद का हृदय गति रुकने से मंगलवार की भोर में निधन हो गया।
रामेश्वर निषाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता के साथ एक इंटर कालेज के प्रबंधक थे। मौत की खबर मिलते ही सपा के पदाधिकारियों सहित कालेज के अध्यापकों में शोक की लहर दौड़ गयी। समाजवादी पार्टी के जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय व केराकत के विधायक तूफानी सरोज , ने अपने कार्यकताओं के साथ पहुँचकर मृतक रामेश्वर निषाद को पार्टी का झंडा पहनाकर अंतिम विदाई दी।

### एंटी करप्शन टीम ने घूस लेते महिला इंस्पेक्टर को किया गिरफ्तार

**बदायूं।** बदायूं में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मंगलवार दोपहर इस्लामनगर थाने में महिला इंस्पेक्टर सिमरनजीत कौर को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर ने दुष्कर्म के आरोपियों पर कार्रवाई के एवज में पीड़ित महिला से 50 हजार रुपये लिए थे। एंटी करप्शन टीम आरोपी इंस्पेक्टर को पकड़कर अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि उघैती थाना क्षेत्र की महिला ने रुदायन निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। उसकी विवेचना महिला इंस्पेक्टर सिमरनजीत कौर कर रही थी। आरोप है कि वह पीड़ित महिला से कार्रवाई से नाम पर 50 हजार रुपये मांग रही थी। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो में कर दी। मंगलवार दोपहर पीड़ित महिला इस्लामनगर थाने पहुंची और उसने जैसे ही इंस्पेक्टर को रुपये दिए, तभी पहले से वहां मौजूद एंटी करप्शन की ट्रैप टीम आ गई और महिला इंस्पेक्टर को रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से थाने में खलबली मच गई।

## मऊ जनपद के मधुबन में पहुंचे जम्मू कश्मीर के राज्यपाल, जमपर किया विपक्ष पर हमला

# रामलला टेंट नहीं मंदिर में हैं विराजमान यह बदलता भारत है: मनोज सिन्हा

- दुनिया में बढ़ा भारत का मान, बीते 10 सालों में बदली भारत ही नही विदेशों में भी तस्वीर
- जम्मू-कश्मीर के भी तेजी से बदल रहे हैं हालात

**केटी न्यूज/मऊ**



आज रामलला टेंट में नहीं बल्कि विशाल राम मंदिर में विराजमान हैं, यह है नया भारत। आज हम अर्थव्यवस्था के मामले में दुनिया में 5वें स्थान पर हैं। जल्द ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। यह है नया भारत। पिछले 10 सालों में गरीबों के 4 करोड़ पक्के मकान बने, 14 करोड़ घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचा, 27 लाख करोड़ रूपए जनधन खातों के माध्यम से बैंक में पहुंचे, दूध उत्पादन, मछली उत्पादन में हम दुनिया में नम्बर 1 हैं। यह है नया भारत। यह बातें मंगलवार को मऊ के मधुबन में पहुंचे जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कही। मधुबन के कटघरा महलू में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने किसी पार्टी के लिए वोट तो नहीं मांगा। हां बदलते भारत की तस्वीर पेश कर लोगों से विचार जरूर करने की बात कही। कहा कि लोगों को भावनाओं में बहने की जरूरत नहीं बल्कि गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

कहा कि पिछले 10 सालों में पूरी दुनिया में भारत की अपनी एक अलग पहचान बनी है। हमारे देश के पासपोर्ट की वैल्यू बढ़ी है। अब विदेशों में रहने वाले भारतीयों को इज्जत भरी नजरों से देखा जाता है। पिछले 10 सालों में भारत में जो बदलाव देखने को मिला, वह बीते 70 सालों में भी नहीं हुआ।

### जम्मू -कश्मीर की बदली तस्वीर

महामहिम ने कहा कि मैंने कभी जम्मू -कश्मीर जाने के बारे में सोचा भी नहीं था। 4 साल पूर्व संयोग से यह अवसर आया। मन में एक बेचौनी भी थी कि क्या वहां के हालात बदल पाएंगे। आज 4 साल हो गये, राजयपाल के रूप में वहां के लोगों की सेवा करते हुए। दावा करता हूं कि बीते 4 सालों में वहां जो परिवर्तन आया है, बीते 70 सालों में ऐसा कभी देखने को नहीं मिला। देश के अन्य राज्यों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर के हालात भी तेजी से बदल रहे हैं। कार्यक्रम के आयोजक प्रेम शंकर उर्फ.टुनटुन राय ने सभी अतिथियों एन उपस्थित क्षेत्रीय जनता के प्रति आभार प्रकट किया। संचालन अधिवक्ता अनिल मिश्र ने किया।

### ये लोग रहे मौजूद



इस अवसर पर प्रदेश कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्षा नूपुर अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शुभम सिंह, बबलू ठठेरा, अखिलेश सिंह, प्रदीप कुमार राय, सुनील मौर्य, सत्यम राय, मंटू यादव, ग्राम प्रधान राम प्रताप, हरिओम शर्मा, अरुण राजभर, जेपी राजभर, राकेश सिंह, शाहिद शाह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने मतगणना की तैयारियों के सम्बंध में की बैठक

**जौनपुर।** जिला अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में मतगणना की तैयारी के संबंध में एक बैठक मीटिंग हाल में संपन्न हुई।जिला



अधिकारी ने बताया कि मतगणना 04 जून को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन भवन में की जाएगी। उन्होंने इसके सम्बन्ध में सभी प्रकार की तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।जिला विकास अधिकारी वी. के. यादव, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी और बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल को निर्देशित किया कि कार्मिकों की नियुक्ति उनके डेप्लॉयमेंट और प्रशिक्षण कार्य को समय से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना को सकुशल, शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के लिए सभी एआरओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। इसके साथ ही मतगणना में लगे वीआरसी को भी उनके दायित्व के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विकसित भारत के लिए एनडीए को जिताए : पूर्व मंत्री विजय मिश्रा

**मऊ।** लोकसभा क्षेत्र घोसी चुनाव में एनडीए प्रत्याशी डॉ. अरविंद राजभर की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूर्व मंत्री विजय मिश्र ने जन संवाद एवं जनसंपर्क के दौरान रणवीरपुर, विधानसभा सदर, तिनहरी, विधानसभा मधुबन और तड़ियाव विधानसभा घोसी में मतदाताओं को संबोधित करते हुए विजय मिश्र ने कहा कि हम लोग 2024 के चुनावी रण में राष्ट्र के उत्थान के लिए और एक नए विकसित भारत के निर्माण के लिए मोदी जी के नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं। 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी जी को हाथों को मजबूत करने की आवश्यकता है मोदी जी का हाथ तभी मजबूत होगा जब अरविंद राजभर घोसी से चुनाव जीतकर जाएंगे। श्री मिश्र के अपील पर सभा मे लोगो ने संकल्प लिया कि अरविंद राजभर को भारी मतों से जीताकर संसद में भेजा जायेगा। गांव गरीब और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का लिए डबल इंजन की सरकार ने पिछले 10 सालों में मजबूती से काम किया है। सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की नीतियों की वजह से देश आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमेश चंद्र पांडेय, ब्लॉक प्रमुख मधुबन प्रवीण कुँवर सिंह, राहुल तिवारी, ज्ञानीश शुक्ला, जय प्रकाश तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, नरेंद्र तिवारी, हरि नारायण पांडेय, शेष नाथ पांडेय, सुरेंद्र पांडेय प्रधान उपस्थित रहे। इसी क्रम में सपा प्रत्याशी राजीव राय और बसपा प्रत्याशी बालकृष्ण चौहान ने जनसंपर्क कर अपने लिए वोट मांगा।

### ईवीएम गाड़ी को रोकने में दो नामजद समेत 50 अज्ञात सपा कार्यकताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जौनपुर ।** 25 मई को मतदान समाप्त होने के बाद जिला प्रशासन ने सभी ईवीएम मशीनों को पूर्वांचल यूनिवर्सिटी में बने स्ट्रॉग रूम में रखवा दिया गया था।उसी दिन मध्य रात्रि में रिजर्व ईवीएम मशीनो से भरी एक कैंटर को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने घेरकर काफी हंगामा किया।मामला को बिगड़ता देख सपा के प्रत्यासी बाबूसिंह कुशवाहा व जिलाधिकारी, एसएसपी भी मौके पर पहुंच गए थे।इस मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।और जांच में जुट गई है। आपको बता दे बीते 25 मई को मतदान समाप्ति के बाद देर रात एक कैंटर पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बने स्ट्रॉग रूम के पास आ गया जिसको लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने काफी हंगामा किया।

## जुल्म और ज्यादती की पर्याय बन गई है केंद्र व प्रदेश सरकार : शिवपाल

**केटी न्यूज/मऊ**

वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश की सरकार जुल्म और ज्यादती का पर्याय बन गई है । इस सरकार में जितनी जुल्म ज्यादती हुई है,आजादी के बाद से लेकर आज तक किसी भी सरकार ने नेताओं पर जनता पर इतना जुल्म नहीं किया। यह कहना है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव के। वह सोमवार को रतनपुरा बाजार में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार मूलभूत अधिकारों के साथ ही साथ भारतीय संविधान को भी



समाप्त करने पर आमादा है। यदि यह सरकार पुनः आ गई तो देश बदहाली और कंगाली के कगार पर खड़ा हो जाएगा । केंद्र एवं प्रदेश दोनों ही सरकारों ने अपना किया एक भी वादा अब तक पूरा नहीं किया । इस सरकार ने मात्र एक ही काम किया है पूंजीपतियों का कर्ज माफ किया है। गरीबों पर जुल्म किया है। और विपक्ष के नेताओं को जेल में बंद कर लोकतंत्र का उपहास उड़ाया है। विपक्षी नेताओं को डराने और धमकाने का काम किया है, और लोगों को आपस में लड़ा कर सत्ता में बने रहना चाहते हैं । उन्होंने राजीव राय को जिताने की घोसी की जनता से अपील करते हुए कहा की राजीव राय ऐसे प्रत्याशी बड़े सौभाग्य से आपकी बीच में आया है। आपने यदि विजई बनाकर सदन में भेजो तो यह आपकी आवाज बनेंगे। आपकी सुख दुख में काम आएंगे। उन्होंने सुभासपा अध्यक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि वह समाजवादी पार्टी के समर्थन से विधायक बने, अधिक थोड़ी भी नैतिकता होती तो विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर पुनः चुनाव लड़कर मंत्री पद ग्रहण करते । सभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के संविधान को समाप्त करना चाहती है। विपक्ष को भी समाप्त करना चाहती है। लेकिन विपक्ष आंदोलन की कोख से पैदा हुआ है, भाजपा उसे किसी भी कीमत पर समाप्त नहीं कर सकती। दिल्ली का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा की पूरी आम आदमी पार्टी को जेल में डालने की साजिश की जा रही है। हमारे अनेक नेताओं को जेल भेजा जा चुका है। परंतु दिल्ली की जनता सरकार की साजिश का जवाब देने को आतुर है ,और इस चुनाव में दिल्ली की जनता सरकार को जवाब देगी ।




## जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जनपद के किसानों को दी सलाह, कहा -

# किसान फसल में लगने वाले भूमिगत रोगों से रहे सावधान

**केटी न्यूज/जौनपुर**

जिला कृषि रक्षा अधिकारी के अनुसार बीज जनित या भूमिजनित रोगों से आगामी बोई जाने वाली फसल के बचाव के लिए बीजशोधन का अत्यधिक महत्व है। बीजशोधन द्वारा फसल की रोगों से सुरक्षा कर अधिक पैदावार ली जा सकती है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति भी अच्छी होगी।

इसी प्रकार अनेक प्रमुख रोगों की प्रावस्थाये व भूमिजनित रोगों के कारक भूमि में पाये जाते हैं, जो फसलों को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुचाते हैं। प्रमुख रूप से दीमक, सफेद गिडार, कटवर्म, सूत्रकृमि लेपीडाप्टेरस आदि अनेक कीटों तथा फफूँदी रोगों के भी भूमि जनित कारक प्रावस्थायें भूमि की संरचना के अनुरूप मिट्टी मे पाये जाते हैं,जो अनुकूल परिस्थितियों में पौधे की विभिन्न प्रावस्थाओं को संक्रमित कर फसल उत्पादन में बाधक बन हानि पहुँचाते हैं। इन कीट व्याधियों की रोकथाम के लिए कृषि रक्षा रसायनों का आवश्यकतानुसार प्रयोग करना पड़ता है,फलस्वरूप अधिक व्यय हो जाने के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि होती है। बीज बोने व पौधरोपण के पूर्व समय से संस्तुत कृषि रक्षा रसायनों तथा जैविक रसायनों से बीजशोधन या भूमिशोधन द्वारा रोगों की सम्भावित नुकसान प्रारम्भ में ही रोककर स्वस्थ फसल से भरपूर गुणवत्तायुक्त उत्पादन प्राप्त



होगा तथा उत्पादन लागत भी कम होगी।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी, विवेक कुमार ने जनपद के किसानो को सलाह दी है कि वे फसलों में लगने वाले विभिन्न रोगों से बचाव के लिए निम्न विवरण के अनुसार भूमिशोधन या बीजशोधन कार्य करें।

भूमिगत रोगों दीमक, सफेद गिडार, सूत्रकृमि, जड़ की सूड़ी, कटवर्म, कद्दू का लाल कीड़ा, अर्ली सूट बोरर, लेपीडाप्टेरस कीट तथा मिली बग आदि से रोकथाम के लिए ब्यूवेरिया बैसियाना 1 प्रतिशत 2.5 कि0ग्रा0 अथवा फेनवेलरेट 0.4 प्रतिशत 25 कि0ग्रा0 अथवा क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत 2.5 लीटर अथवा मेटाराइजियम एनीसोप्ली 1.15 प्रतिशत 2.5 कि0ग्रा0 अथवा कार्बोफ्यूरान 3 जी अथवा फोरेट 10 जी 25-30 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेयर के दर से प्रयोग करें।

भूमि जनित रोगों जीवाणु झुलसा,पत्तीधारी रोग,फाल्स स्मट,शीथ ब्लाइट, उकठा, रूट राट, स्टेम राट, कॉलर राट, बैक्टीरियल ब्लाइट, डैम्पिंग ऑफ एवम् डाउनी मिल्ड्यू आदि की रोकथाम जैविक रसायन स्यूडोमोनास फ्लोरिसेन्स 0.5 प्रतिशत 2.5 कि0ग्रा0 अथवा ट्राइकोडरमा 2 प्रतिशत 2.5 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेयर के दर से प्रयोग करें।

# पूर्व मंत्री नारद राय ने सपा से दिया इस्तीफा, जय श्रीराम के लगाए नारे

- अमित शाह की मौजूदगी में बलिया में बीजेपी का थाम सकते है दामन
- समर्थकों के कहने पर बीजेपी में जाने का लिया निर्णय
- कहा- सपा मुखिया को भी नहीं होगा कोई पूछनहार

**केटी न्यूज / बलिया**

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री नारद राय ने सोमवार को समाजवादी पार्टी से इस्तीफा दे दिया और जय श्रीराम के नारे लगाने के साथ ही भाजपा में जाने का निर्णय लिया। यह निर्णय पूर्व मंत्री नारद राय ने बलिया संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सनातन पांडेय के समर्थन में कटरिया गांव में आयोजित जनसभा में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जिला संगठन व उम्मीदवार के इशारे पर अपमानित किए जाने के बाद खोड़ीपाकड़ में समर्थकों के साथ बैठक करने के बाद लिया।



कहाकि समाजवादी पार्टी से हमारा अब कोई रिश्ता नहीं है। कहाकि पार्टी के किसी भी व्यक्ति ने मिलकर खेद प्रकट करना मुनासिब नहीं समझा। यहां तक कि उम्मीदवार सनातन पांडेय तक नहीं। एक सवाल पर उन्होंने कहाकि शिवपाल सिंह यादव अगर सुबह फोन किए होते और कहे होते की तुम्हारे साथ अन्याय हुआ है। मैं तुम्हारे साथ हूँ तो शायद मैं यह फैसला नहीं लेता। कहाकि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और फेफना विधायक संग्राम सिंह यादव और उम्मीदवार सनातन पांडेय ने साजिश के तहत अपमानित कराने काम किया। नारद राय ने कहाकि समाजवादी पार्टी छोड़ने का बहुत दुःख है। कहाकि जिस पार्टी में मैं साल से काम कर रहा हूं, उसका राष्ट्रीय अध्यक्ष नाम भूल जाए। इसी से अंदाजा लगा सकते है। जिसका बाप नहीं होता है उसे परिवार व राजनीति में कोई पूछने वाला नहीं होता है। एक दिन सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी कोई पूछने वाला नहीं होगा। इसके बाद वह भी हम लोगों की भांति घूमने का काम करेंगे। कहाकि बलिया संसदीय क्षेत्र के पांचो विधानसभाओं से सभी वर्गों के लोग अपने साधन से 10000 की संख्या में आए हुए हैं। मैं किसी को अपना साधन नहीं उपलब्ध कराया। इनका निर्णय मेरा निर्णय है। इनका सम्मान मेरा सम्मान है। नहीं तो मैं कहां जाऊंगा। मेरा हर्ष क्या होगा। इन्हीं की बदौलत मैं हूं। इनके निर्णय के अनुसार ही मैंने जय श्रीराम का नारा लगाया है। सूत्रों की माने तो बुधवार को अमित शाह की जनसभा में हजारों समर्थकों के साथ बीजेपी का दामन थाम सकते हैं।

## एक नजर

### पूर्व मंत्री नारद राय व उनके पुत्र के खिलाफ सीबीसीआईडी जांच की मांग की



**बलिया।** सपा के वरिष्ठ नेता मिंटू खान ने बहेरी स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को प्रेसवार्ता कर पूर्व मंत्री नारद राय व उनके पुत्र के खिलाफ सीबीसीआईडी जांच की मांग की। बताया कि जो खुद माफिया है वह दूसरों को माफिया कैसे बोल सकते हैं। बताया कि यही मुख्तार अंसारी उनके पक्ष में वर्ष 2002 में वोटे मांगे थे, तब जाकर वह जीते थे। आज भाजपा में शामिल होते ही उन्हें माफिया बोलकर पुकार रहे हैं। जब मुख्तार अंसारी जिंदा थे, तब तो इनकी औकात नहीं थी, उनके सामने खड़ा होने की। असली माफिया तो वह खुद है, क्योंकि उनके पुत्र ने जया मिश्रा हत्याकांड को अंजाम दिया था, पूर्व एसपी अमिताभ ठाकुर मामले के तह तक पहुंच भी गए थे। चूंकि वह उस समय मंत्री थे, लिहाजा एसपी अमिताभ ठाकुर का तबादला कर सब ठंडे बस्ते में डाल दिया। पूर्व मंत्री नारद राय द्वारा सीवरेज परियोजना में करोड़ों का घोटाला किया गया, पूर्व चेयरमैन लक्ष्मण गुप्ता को मारापीटा गया। हम लोग कुछ भी भूले नहीं है। बताया कि मैं सरकार से पूर्व मंत्री नारद राय और उनके पुत्र के खिलाफ सीबीसीआईडी जांच की मांग करता हूं।

### सर्पदंश से युवक की मौत, घर में मातम

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना अंतर्गत हसनपुरा गांव के दलित बस्ती निवासी अखिलेश कुमार-21 अपनी झोपड़ी में देर शाम कुछ काम कर रहा था। तभी उसे सर्प ने काट लिया। उसकी सर्पदंश के चलते मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। उधर घटना के चलते बस्ती में सन्नाटा पसर गया है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा कराने के बाद उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।बेटे की मौत के बाद मां उर्मिला देवी सहित पूरे परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल था। मृतक की मां उर्मिला देवी ने बिलखते हुए बताया कि उसके दो पुत्र हैं। उनमें मृतक अखिलेश छोटा था। बताया कि बरसात आने से पहले उसका छोटा पुत्र झोपड़ी को दूरूस्त कर रहा था। इसी बीच सर्प ने हाथ में डंस लिया। उसके चिल्लाने पर जब वह मौके पर पहुंची, तो देखा कि सर्प उंगली को दबोचे हुए है।मां ने किसी तरह डंडे से सर्प को भगाया, लेकिन उसका बेटा तबतक अचेत हो गया था। इसके बाद उसे परिजनों की सहायता से वाहन से झाड़-फूंक के लिए ले जाया गया। वहां से आराम होने पर उसे घर वापस लेकर आए। मगर कुछ देर बाद उसकी तबियत फिर खराब हो गई। फिर परिजन उसे वाहन से अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसके पुत्र ने दम तोड दिया। मां उर्मिला ने बताया कि बेटे की मौत के बाद परिजन शव को घर लेकर चले आए। पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। मां ने बताया कि उसके पति श्याम नारायण अपने दोनों पुत्रों संग मजदूरी कर किसी तरह परिवार का जीविकोपार्जन चलाते थे। थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सर्पदंश से मृत अखिलेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## खबरें फटाफट

### चार माह से गायब नाबालिग लड़की का पता लगाने में नाकाम रही पुलिस

**गाजीपुर।** घर से गायब लड़की की तलाश में उसकी मां कोतवाली और तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रही है। लेकिन करीब चार माह बीत जाने के बाद नाबालिग लड़की का पता लगाने में पुलिस नाकाम रही है।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की को एक युवक बहला -फुसला कर भगा ले गया। लड़की की मां ने 18 फरवरी 2024 को कोतवाली मुहम्मदाबाद में तहरीर देकर कहा कि एक फरवरी 2024 को मेरी नाबालिग पुत्री भोर में चार बजे शौच करने गई थी, जो अभी तक वापस नही आई प्राथीर्नी और उसके परिजनों ने काफी खोजबीन किया तो पता चला है कि थाना जंगीपुर के तारनपुर निवासी एक युवक हमारी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर उसे भगा ले गया है। प्रथीर्नी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने युवक के खिलाफ भा०दं०सं० की धारा 363 के तहत मामला पंजीकृत कर लिया परन्तु लड़की के गायब होने के लगभग 4 माह बाद भी पुलिस नाबालिग का पता लगाने मे नाकामयाब रही है।नाबालिग की मां महिला आयोग,जिलाधिकारी, तहसील कार्यालय व कोतवाली का चक्कर लगा कर अधिकारियों से नाबालिग को बरामद करने की गुहार लगा रही है परन्तु नामजद करने के बाद भी पुलिस लड़की को उसके मां बाप से नहीं मिलवा सकी।

### मतदाता सूची के लिए छोटे और निर्दलियों को देना होगा पैसा

**चंदौली।** चंदौली संसदीय क्षेत्र 76 के चुनाव को लेकर सभी दल अपनी तैयारियों में लगे हुए हैं। जहां राष्ट्रीय दल के साथ-साथ सपा को छोड़कर अन्य छोटे दलों को मतदाता सूची के लिए पैसा देना होगा। यही नहीं लोग ऑनलाइन भी मतदाता सूची निकाल सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे के माने तो यह सूची अपलोड कर दी गई है। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में एक जून को जनपद में मतदान होगा। इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 10 प्रत्याशी शामिल हैं। जिसमें भाजपा से डॉ महेंद्र नाथ पांडेय, सपा से वीरेंद्र सिंह, बसपा से सत्येंद्र कुमार मौर्य व छोटे दलों के साथ-साथ एक निर्दल प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सपा, बसपा व भाजपा के प्रत्याशियों को मतदाता सूची प्राप्त करने के लिए शुल्क नहीं देना पड़ेगा, लेकिन अन्य छोटे दलों के सात निर्दलीय प्रत्याशी को शुल्क देना होगा।

## केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में मांगा समर्थन

# इंडिया गठबंधन को सत्ता मिला तो गुंडे और माफियाओं का होगा बोलबाला: डिप्टी सीएम

- रायबरेली से राहुल और कन्नौज से हार रहे अखिलेश
- हाईकोर्ट ने आरक्षण रोका तो ममता दीदी कहती है नहीं मानेंगे

**केटी न्यूज/बलिया**

मोदीजी कहे रहे है गरीबों का पहला हक है। इंडिया गठबंधन को सत्ता मिला तो गुंडे, माफियाओं का बोलबाला होगा। जगह-जगह कट्टे का कारखाना खुल जायेगा। मोदीजी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने तो काशी में बाबा विश्वनाथ, मथुरा में राधे-कृष्ण का भव्य मंदिर बनेगा और पाकिस्तान वाले कश्मीर में भारत की तिरंगा फहराने का कार्य किया जाएगा। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को बैरिया क्षेत्र के तालिबपुर जूनियर हाई स्कूल के मैदान में भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा में कही।

कहाकि बलिया केवल जिला और लोकसभा क्षेत्र नहीं है। बल्कि बलिया का संदेश जाता है तो हिंदुस्तान का संदेश माना जाता है। कहा चार जून को बलिया के अलावे रायबरेली व कन्नौज सीट के मतगणना पर भी ध्यान देना।रायबरेली से राहुल गांधी हार रहे है तो कन्नौज से अखिलेश हार रहे है। उन्होंने कहा कि 60 वर्षों तक कांग्रेस ने इस देश को लूटा है। मोदीजी जब से सत्ता में आए हैं। देश का विकास किया है। विकसित भारत की परिकल्पना मोदीजी का है। अगर विपक्षियों की सरकार होती तो यकीन मानिए अयोध्या में रामलाल का भव्य मंदिर नहीं बनता। आगे काशी में बाबा विश्वनाथ के मंदिर को भव्यता प्रदान करेंगे। मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण का भी भव्य मंदिर बनेगा और यह तभी होगा जब भारतीय जनता पार्टी इस बार भी प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। यह तभी संभव है जब आप अपना एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में देंगे। कहाकि पश्चिम बंगाल में पिछड़ों का आरक्षण काटकर मुसलमान को दे दिया गया है। जब उच्च न्यायालय ने उसे रद्द किया तो दीदी कहती है कि हम उसे नहीं मानेंगे। कर्नाटक में जब सरकार बनी तो हिंदुओं के मंदिर पर टैक्स लगा दिया गया। ऐसा इस देश में नहीं चलेगा, क्योंकि यह मोदी की गारंटी है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक देश एक संविधान एक राष्ट्रगान रहेगा। केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट किया कि समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी हो गई है। उनकी साइकिल पंचर हो गई है। पंजा बुरी तरह से घायल हो चुका है। हाथी का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। इस देश व प्रदेश में सिर्फ और सिर्फ बीजेपी है। बीजेपी बिना भेदभाव सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के लिए काम करती है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को माफियाओं, गुण्डो, उग्रवादियों का पोषक बताया। कहा कि आने वाले दिनों में गुलाम कश्मीर भी भारत का हिस्सा होगा। यह वादा मोदी ने देश की जनता से किया है। यह मोदी की गारंटी है। कहा कि अगले पांच वर्षों में भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में स्थाई सदस्य बनेगा जो नेहरू के गलती से नहीं हो सका था। कहाकि डबल इंजन की सरकार बलिया में और तेजी से विकास करेगी। यहां विकास की गंगा बहेगी। यह वादा करने मैं आपके बीच आया हूं। आप बस अपना वोट भाजपा को दीजिए। भाजपा प्रत्याशी राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने अपने संबोधन में जनता को भरोसा दिलाया कि वह बलिया के लोगों के सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। इस मौके पर भाजपा की क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव, जेपी साहू, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, , शिवकुमार वर्मा मंटन, अमिताभ उपाध्याय, विजय बहादुर सिंह सहित दर्जनों नेताओ ने विचार रखें। संचालन अनूप चौबे ने किया।



### हेलीकॉप्टर में आई खराबी, जाना पड़ा बाइरोड

**बलिया।** बैरिया क्षेत्र के तालिबपुर जूनियर हाईस्कूल के मैदान में भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करने आये उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलिकॉप्टर में अचानक आयी तकनीकी खराबी के कारण उड़ान नहीं भर सका। करीब आधे घण्टे तक पायलट प्रयास करता रहा।लेकिन हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। अंततः बाइरोड कार से उपमुख्यमंत्री को तालिबपुर से बलिया के लिए रवाना होना पड़ा। इस बीच पुलिसकर्मियों ने हेलीकॉप्टर को अपने सुरक्षा घेरे में ले लिया। किसी को भी हेलीकॉप्टर के पास नहीं जाने दिया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक हेलीकॉप्टर तालिबपुर फील्ड पर खड़ी रही।

# जब मुकदमा दर्ज करने के एवज में कोतवाली पुलिस ने मांगा पैसा

**केटी न्यूज / बलिया।**

न्यायालय के आदेश के बावजूद मुकदमा दर्ज न करने तथा मुकदमा दर्ज करने के एवज में कोतवाली पुलिस द्वारा पैसा मांगने का आरोप लगाते हुए काशीपुर मिश्र नेउरी निवासी धनिल कुमार वर्मा एसपी को ज्ञापन सौंपा।

बताया कि बीते 29 मार्च को मेरे पड़ोस के विवेक वर्मा, अमित वर्मा, अभिषेक वर्मा, गोलू गोल्डेन, विक्की वर्मा, अरविंद व अनिल मेरे घर में घुसकर मेरे परिवार के सदस्य को मारने पीटने के साथ ही मेरे गले से सोने की चेन छीन लिए। इस मामले में शहर कोतवाली में जब मैं गुहार लगाने गया तो मुझे डाट कर भगा दिया गया। इसके बाद मैं न्यायालय की शरण में गया। जिस पर न्यायालय ने बीते छह मई को शहर कोतवाली को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। लेकिन अफसोस अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। उपर से कोतवाली पुलिस द्वारा मुझे फोन कर यह कहा जा रह है कि आप कोतवाली में आइए, लेनदेन कीजिए। आपका मुकदमा हो जाएगा। मेरे पास जो पुलिस कर्मी द्वारा पैसा मांगा गया है, उसकी रिकॉर्डिंग भी है। ऐसे में मुझ प्रार्थी को न्याय दिलाया जाए।

### न्यायालय के आदेश की कोतवाल ने उड़ाई धज्जियां

**बलिया।** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रार्थी धनिल कुमार वर्मा को पहले शहर कोतवाली से डाटकर भगा दिया गया। इसके बाद धनिल न्यायालय की शरण में गए। जहां से बीते छह मई को न्यायालय में कोतवाली पुलिस को आदेशित किया कि संबंधित धाराओं में मुकदम दर्ज कर उसकी प्रति न्यायालय को उपलब्ध कराई जाए। लेकिन शहर कोतवाल संजय सिंह ने न्यायालय के आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए अभी तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया। ऐसे में न्यायालय ने कड़ा रूख अख्तियार करते हुए 29 मई शहर कोतवाल से स्पष्टीकरण मांगा है।

# गृह मंत्री के रोड शो को लेकर तैयारी में जूटी भाजपा

- पं दीनदयाल उपाध्याय की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिश्र बाजार से शुरू होगा रोड शो

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को सायं चार बजे पं दीनदयाल उपाध्याय की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिश्र बाजार से रोड शो प्रारंभ करेंगे। रोड शो मिश्र बाजार से लाल दरवाजा, चौक व प्रकाश टॉकीज के रास्ते चीतनाथ मोड़ तक जाएगा। यह बात भाजपा बुंदेलखंड कानपुर के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीप्रकाश पाल ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि अमित शाह जब 2014 में उत्तर प्रदेश के प्रभारी थे उसी समय भारतीय जनता पार्टी ने 80 में 73 सीटों को जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया था। इस बार उनके सानिध्य में प्रदेश की 80 में 80 सीटों को जीतने का लक्ष्य भी प्राप्त किया जाएगा।

क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीपाल ने कहा कि देश में मोदी हैं तो मुमकिन है, और शाह हैं तो संभव है। विपक्ष समाज में संविधान को लेकर भ्रम पैदा कर रहा है और बेबुनियादी बातें कर रहा है। जबकि विगत 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान को शिरोधार्य कर आदर के साथ सरकार चलाई है। इतिहास गवाह है कि आज मोदी और भाजपा को संविधान के लिए खतरा बताकर जनता में भ्रम पैदा करने वाले लोगों के पुरोधाओं ने आपातकाल लगाकर संविधान को कुचलने का काम किया था। और संविधान में सर्वाधिक बदलाव कांग्रेस के कार्यकाल में हुआ है। इंडी गठबंधन नेता भ्रम और भय फैलाकर सत्ता में आना चाहते हैं। जबकि प्रदेश के 17 में से 17 सुरक्षित सीटों के सांसद प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के पास है। जबकि तीन सांसदों की सपा में एक भी पिछड़ा व अनुसूचित सांसद नहीं है। ऐसे लोग पिछड़ा होने का दम्भ भरते हैं तथा पीडीए की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि न जाति पर का नारा देने वाले लोग आज जाति पर कैसे आ गए 1975 में परिवार नियोजन को सख्त कर बच्चे दो ही अच्छे का नारा देकर एक वर्ग की नसबंदी कराई?। जिन्हें अल्पसंख्यकों ने न अपनाकर अपनी संख्या बढ़ाया और आज संख्या के आधार पर संपत्ति में बंटवारा का नारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था में लाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के लिए कानून व्यवस्था अच्छा हो जबकि गुंडे माफिया सदैव कानून व्यवस्था के लिए बाधक होते हैं।

## नीरज शेखर को जीताकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का किया आह्वान

# बलिया में बीजेपी सांसद निरहुआ ने किया शहर में रोड शो

- रोड शो के वक्त निरहुआ को देखने के लिए उमड़ी भीड़

**केटी न्यूज/बलिया**

बलिया लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में सोमवार को भाजपा सांसद निरहुआ ने शहर के अंदर रोड शो किया और जनता से नीरज शेखर को अधिक से अधिक मतों से जीताकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया।

बता दे कि भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में आयोजित रोड शो का शुभारम्भ भृगु मंदिर से हुआ, जो चित्रगुप्त



रोड होते हुए जापलिनगंज, रामलीला मैदान, एलआईसी रोड, विजय टाकीज रोड, शहीद चौक, गुदरी बाजार, स्टेशन रोड जाकर समाप्त हो गया। इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। रोड शो के दौरान भाजपा सांसद निरहुआ ने मीडिया से बातचीत में बताया कि विपक्ष खत्म हो चुका है और



चार जून के बाद ईवीएम का रोना आरम्भ कर देंगे। कहाकि केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। 400 से ज्यादा सीट जीतकर मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। रोड शो के दौरान आमजन से अधिक से अधिक मत देकर नीरज शेखर को संसद में भेजने का आह्वान किया।

# पबजी के विवाद में बच्चे को उतरा मौत के घाट, तीन घायल

**केटी न्यूज / बलिया।**

बैरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत दयाछपरा गांव में सोमवार की देर शाम छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मोबाइल पर पबजी गेम में धर-धर मार मार कहने पर पड़ोस की महिलाओं के साथ युवाओं ने छोटे बच्चों को मारना पीटना शुरू कर दिया। मारपीट की इस घटना में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही शुरू कर दिया है। वहीं, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि सोमवार की देर शाम छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल पर पबजी गेम खेल रहे थे। इसी बीच, खेल के ही एक इवेंट में बच्चे धर-धर मार मार, बंदूक ले ले आदि बातें कर रहे थे, तभी पड़ोस की महिलाओं के साथ युवाओं ने छोटे बच्चो को मारना पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच पहुंचे बच्चों के गार्जियन योगेंद्र उर्फ जोगीराम ढलाई मशीन से मजदूरी करके पहुंचे और पूछने लगे कि बच्चों को क्यों मार रही हो? तब तक महिलाओं और युवकों ने ईट, पत्थर, टांगी व सरिया से योगेन्द्र उर्फ योगी पर हमला कर दिया। मारपीट में योगेंद्र उर्फ जोगी (38) पुत्र स्व. राम दरस राम, अनुज कुमार (26) पुत्र राजेंद्र प्रसाद, अभिषेक कुमार (17) पुत्र राजेंद्र प्रसाद व सुमंत कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल जोगेंद्र उर्फ जोगी को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। वहां भी चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही जोगी की मौत हो गई। वहां से परिजन मंगलवार को तड़के मृतक का शव लाकर मोर्चरी हाउस में रख दिया। इस संबंध में एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि अनुज कुमार की तहरीर पर आकाश पासवान पुत्र अनिल पासवान, विकास पासवान पुत्र अनिल पासवान, पंकज पासवान पुत्र स्व. रामराज पासवान, रोहित पासवान पुत्र सुभाष पासवान व रानी देवी पत्नी प्रेम शंकर पासवान (निवासीगण : दयाछपरा) खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं, एहतियातन घटनास्थल पर पुलिस की तैनाती की गई है।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



## सुभाषितम्

क्रोध ऐसी आँधी है जो विवेक को नष्ट कर देती है।

- अज्ञात

## चीन ने बनाया खतरनाक सिंथेटिक वायरस, 3 दिन में मौत

चीन के रासायनिक वैज्ञानिकों ने एक खतरनाक वायरस तैयार किया है। इस वायरस के संपर्क में आने के बाद 3 दिन के अंदर व्यक्ति की मौत होना तय है। साइंस डायरेक्ट पत्रिका में प्रकाशित शोध के अनुसार यह नया सिंथेटिक वायरस इबोला वायरस की तरह काम करता है बल्कि यह इबोला वायरस से ज्यादा खतरनाक है। शोध में दी गई जानकारी के अनुसार हैवई मेडिकल विश्वविद्यालय चीन के वैज्ञानिकों ने इबोला वायरस की कुछ जीन से एक नया सिंथेटिक वायरस तैयार किया है। यह वाइरस इबोला वायरस की तरह शरीर की कोशिकाओं को संक्रमित कर देता है। चीन के वैज्ञानिकों ने 10 हमस्टरों को वायरस का इंजेक्शन लगाया। टीका लगाने के 3 दिन के अंदर ही हमस्टरों में बीमारी के लक्षण उत्पन्न हो गए। यह लक्षण इंसानों में इबोला वायरस से होने वाली बीमारी के समान थे। इस वायरस के संपर्क में आने के बाद शरीर कमजोर पड़ना शुरू हो गया। 3 दिन के अंदर शरीर के सभी अंगों ने काम करना बंद कर दिया। उसके बाद सभी 10 हमस्टरों की मौत हो गई। चीन के वैज्ञानिकों का कहना है कि यह वायरस उन्होंने इबोला की रोकथाम के लिए तैयार किया है। इबोला की रोकथाम के लिए नई दवाइयां और टीका बनाने में इससे मदद मिलेगी। किसी भी शोध का उपयोग जब शुरू होता है। तब इसी तरह की बात की जाती है। इसके दुष्परिणाम समय-समय पर सामने आते रहे हैं। हथियारों का निर्माण भी सुरक्षा के लिए हुआ था, लेकिन यही हथियार अब मानव जीवन के लिए विध्वंस का कारण बन गए हैं। दवाओं को तैयार करने के लिए भी यही उद्देश्य बताया जाता है। युद्ध के लिए जो हथियार बनाए जाते हैं उसमें जो कारोबार होता है। उसी के समकक्ष अब दवा का कारोबार भी सारी दुनिया में हो रहा है। कोरोना वायरस से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत थे। दुनिया के देशों में लाखों लोगों की इस वायरस के कारण मौत हो गई। अभी तक यह पता नहीं लगाया जा सका है, कोरोना वायरस का जन्मदाता कौन है। कोरोना वायरस आने के बाद खरबों रुपए की दवाओं और टीका (वैक्सीन) का कारोबार पिछले तीन वर्षों में सारी दुनिया के देशों में हुआ है। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। यह वायरस किस तरह से दुनिया के देशों में फैला। 3 बरस बीत जाने के बाद भी इसका पता नहीं लगाया जा सका है। अमेरिका और इराक के बीच 2003 में रासायनिक हथियार तैयार करने की आशंका को लेकर एक बड़ा युद्ध हुआ। हजारों लोगों की इसमें मौत हुई, लाखों लोग इससे प्रभावित हुए। अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को फांसी पर चढ़ा दिया। इराक के पास किसी तरह के रासायनिक हथियार होने का पता आज तक दुनिया को नहीं लगा। इस युद्ध की कीमत सारी दुनिया के देशों को चुकानी पड़ी। दुनिया के देशों में जिस तरह के हालत वर्तमान में बने हुए हैं, उससे तृतीय विश्व युद्ध की आशंका उपजी है जिससे सारी दुनिया भयाक्रांत है। इजराइल, संयुक्त राष्ट्र संघ सहित किसी की बात को नहीं मान रहा है। गाजा पर उसके हमले लगातार जारी हैं। बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के रूप में करीब 50000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। लाखों लोग दाने-दाने को मोहताज हैं। वहां पर बच्चे, महिलाएं और पुरुष भूख से मर रहे हैं। युद्ध को रोकने की जो भी कोशिश की गई। वह आज तक सफल नहीं हो पाई। इसी तरह से रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है। जो विकास युद्धरत देशों में पिछले कई दशकों में हुआ था, वह सब नष्ट हो गया है। युद्ध में घोषित रूप से हजारों लोग मौत के मुंह में चले गए हैं। लाखों लोग घायल और विकलांग हुए हैं। इसके बाद भी दुनिया के सभी देश मिलकर युद्ध को नहीं रोक पाए। अमेरिका का, चीन और रूस के साथ तनाव बना हुआ है। इस तनाव को देखते हुए चीन और रूस के बीच में एक ऐसी सुरक्षा संधि हुई है, जो अनलिमिटेड है। इसका मतलब यह हुआ, चीन और रूस मिलकर किसी भी स्तर तक जाकर एक-दूसरे का साथ देंगे।

## चिंतन-मनन

## वैज्ञानिक बनने की चाह

किसी समय लंदन की एक बस्ती में एक अनाथ बालक रहता था। वह अखबार बेचकर किसी तरह अपना गुजारा करता था। कुछ समय बाद उसे एक जिल्दसाज की दुकान पर जिल्द चढ़ाने का काम मिल गया। उस बालक को पढ़ने का बहुत शौक था। वह पुस्तकों पर जिल्द चढ़ाते समय महत्वपूर्ण बातें व जानकारियां पढ़ता रहता था। एक दिन जिल्द चढ़ाते समय उसकी नजर एक विद्युत संबंधी लेख पर पड़ी। वह लेख उसे बहुत ही मनोरंजक लगा। उसने दुकान के मालिक से एक दिन के लिए वह पुस्तक मांग ली और रात भर में उस लेख के साथ ही पूरी पुस्तक भी पढ़ डाली। पुस्तक का उसके ऊपर गहरा असर पड़ा। इससे उसकी प्रयोग करने में जिज्ञासा बढ़ती गई और धीरे-धीरे वह अध्ययन एवं परीक्षण के लिए विद्युत संबंधी छोटी-मोटी चीजें इधर-उधर से जुटाने लगा। बालक की इस बारे में रुचि देखकर एक ग्राहक उससे बहुत प्रभावित हुआ। वह खुद भी विज्ञान में गहरी दिलचस्पी रखता था। एक दिन वह बालक को अपने साथ भौतिकशास्त्र के प्रसिद्ध विद्वान डेवी का भाषण सुनाने ले गया। बालक ने डेवी की बातें ध्यान से सुनीं और उन्हें नोट भी किया। इसके बाद बालक ने उनके भाषण की समीक्षा करते हुए अपने कुछ परामर्श लिखकर डेवी के पास भेज दिए। डेवी को बालक की सलाह बहुत पसंद आई। उन्होंने उसे अपने यंत्र व्यवस्थित करने के लिए अपने पास रख लिया। बालक उनके साथ रहने लगा। वह उनके सहयोगी और नौकर दोनों की भूमिका निभाता रहा। वह दिन भर कामों में व्यस्त रहता, रात को अध्ययन करता। थकान होने पर भी उसके चेहरे पर शिकन तक नहीं आती थी। वह भौतिकी के क्षेत्र में खासकर विद्युत के क्षेत्र में बहुत कुछ करना चाहता था। आखिरकार अपनी मेहनत और संकल्प से उसने अपना सपना पूरा किया। वह एक महान वैज्ञानिक बन गया। आज दुनिया उस बालक को माइकल फैराडे के नाम से जानती है।

# लोकतंत्र की अंतिम सप्तपदी रोचक

- राकेश अचल



आजकल कोर्ट मैरिज का जमाना है इसलिए लोग धीरे-धीरे पारम्परिक विवाहों की प्रक्रिया को भूलने लगे है। पहले हिन्दू विवाह पद्यति में सप्तपदी के बिना विवाह संस्कार पूरा नहीं होता था। वर और वधु के बीच सात-पांच वचनों का एक मौखिक अनुबंध होता था। इसे ही भांवर पड़ना भी कहते थे। हिन्दू विवाह प्रथा की ही तरह लोकतंत्र में अब सप्तपदियाँ पढ़ी जाने लगीं है। सत्ता की सीता का वरण करने के लिए जो चुनाव पहले एक-दो दिन में निबट जाते थे उन्हें अब सात-सात चरणों तक खींचा जाने लगा है। सत्ताधीशों की सुविधा केलिए कुछ भी किया जा सकता है, किया जा रहा है। अठारहवीं लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने जब मतदान के लिए 7 चरणों की घोषणा की थी उसी समय इसे लेकर सवाल किये गए थे, किन्तु केंचुआ इन सवालों के जबाबों को या तो पी गया था या फिर गोलमोल जबाब देकर उसने बचने की कोशिश की थी, लेकिन देश की जनता हकीकत समझ चुकी थी कि जो किया जा रहा है सत्तारूढ़ दल की सुविधा को देखते हुए किया जा रहा है। बहरहाल मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं, अर्थात सात में से छह भाँवरें पड़ चुकी हैं।। सातवीं भांवर 1 जून को पड़ेगी उसके बाद 4 जून को इस रहस्य से पर्दा उठेगा की सत्ता की सीता ने किस पार्टी या गठबंधन का वरण किया और किसे ठुकराया ?

मतदान के सातवें चरण में काशी यानि बनारस की वो सीट भी है जिससे गंगापुत्र यानि प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी खुद चुनाव लड़ते है। उनकी सीट को मतदान के अंतिम चरण में जानबूझकर रखा गया या ये महज संयोग है ,ये कहना न कठिन है और न बहुत आसान । आप जैसा चाहें वैसा समझ लें।उन्हें जीत की हैट्रिक नए कीर्तिमान कि साथ बनाना है। उनकी लोकप्रियता का असली पैमाना या मीटर काशी ही है।इस काशी में वे मुसलमान भी हैं जो ज्यादा बच्चे पैदा करने कि आरोपी भी है। वे मुसलमान भी हैं जो मंगलसूत्र छीनने कि लिए भी बदनाम किये जा चुके हैं। इसलिए ये चरण सत्ता की सीता को हासिल करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।इस चरण में सर्वाधिक 13 सीटें अकेले उत्तर प्रदेश से हैं। इन सीटों को जीते बिना भाजपा सत्ता की सीता को हासिल नहीं कर सकती। सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर चुनाव होना है, उनमें वाराणसी की सीट भी शामिल है, जहां से नरेंद्र मोदी चुनाव लड़ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर में भी इसी चरण में चुनाव होना है। महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, चंदौली, मिजार्पुर और रॉबर्ट्सगंज में भी भाजपा की अच्छी-खासी पकड़ है। भाजपा के लिए दिक्कत गाजीपुर, घोसी और बलिया की सीट पर होने वाली है। इनमें गाजीपुर और घोसी की सीट पर भाजपा चुनाव हार भी चुकी है। घोसी, बलिया और गाजीपुर की लोकसभा सीट भाजपा के लिए मुश्किल इसलिए भी मानी जा रही है क्योंकि हालिया यूपी चुनाव 2022 में इन इलाकों में आने वाली विधानसभा सीटों पर भाजपा की हालत काफी खस्ता रही थी। इन 3 लोकसभा इलाकों में 15 विधानसभा की सीटें हैं। इनमें से सिर्फ दो सीटें ही भाजपा जीत पाई थी। बाकी सभी सीटें विपक्षी दलों कांग्रेस, सपा और बसपा के पास गई थीं। आगामी 1 जून 2024 को देश के कुल 8 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में बाकी के बचे 57 लोकसभा सीटों के लिए वोटिंग की जाएगी। इन 8 राज्यों में सात राज्य बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और एक केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ हैं।सत्तारूढ़ भाजपा ने चुनावों से ठीक पहले बिहार ,हिमाचल प्रदेश ,झारखण्ड में ऑपरेशन लोटस चलकर सत्ता हासिल करने की कोशिश की थी। भाजपा को अकेले बिआहर में कामयाबी मिल। इससे पहले महाराष्ट्र में भी आपरेशन लोटस के जरिये भाजपा सत्ता तक पहुंची ,अब यही राज्य भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं। भाजपा ने अनेक मुद्दों और अवसरों पर केंद्र का साथ देने वाले ओडिशा को छेड़कर भी इस बार अपनी मुसीबतें बढ़ा ली हैं। देश में ऐसा कोई राज्य नहीं है जहाँ इस चुनाव में भाजपा को चुनौतियों का सामना न करना पड़ रहा है । यहां तक की मप्र,छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जहाँ भाजपा ने पिछले साल ही सरकारें बनाई थीं वहां भी 2019 की तरह क्लीनस्वीप करना आसान नजर नहीं आ रहा। बकौल अरविंद केजरीवाल भाजपा अब पंजाब और दिल्ली में ऑपरेशन झाड़ू चलने वाली है। इसे नाकाम करने कि लिए केजरीवाल अपने सहयोगी दलों कि साथ मोर्चे पर हैं। भाजपा ने पूरे इंतजाम किये हैं की केजरीवाल हों या हेमंत सोरेन सत्ता की नयी दुल्हनिया कि दीदार किसी भी सूरत में न कर पाएं। इस अंतिम चरण की सबसे ज्यादा हाट सीट काशी ही ह। कहते हैं कि भाजपा ने इस बार अपने सबसे बड़े नेता को देश के चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी जीत का तोहफा देने का टारगेट सेट किया है. भाजपा ने वाराणसी सीट पर 10 लाख से भी अधिक वोट के अंतर से जीत का लक्ष्य रखा है। किसी चुनाव में सबसे अधिक वोट के अंतर से जीत का कीर्तिमान फिलहाल भाजपा के ही सीआर पाटिल के नाम दर्ज है। पाटिल 2019 के चुनाव में गुजरात की नवसारी सीट से 6 लाख 89 हजार वोट के अंतर से जीते थे। पार्टी नहीं चाहती कि चुनाव अभियान में किसी तरह का लूपहोल रह जाए। इसीलिए पूरा संगठन और सरकार इस समय काशी में मौजूद है। इस चुनाव में लोकतंत्र की भावी तस्वीर उभरकर सामने आएगी। यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है तो लोकतंत्र की सूरत कुछ और होगी और यदि एनडीए गठबंधन सत्ता में आता है तो तस्वीर कुछ और होगी। ये चुनाव तय करेगा कि संसद विमर्श से चलेगी या मेजें थपथपाकर ध्वनिमत से। ये चुनाव तय करेगा कि संसद के नक्कारखाने में तूतियों की आवाज भी सुनी जाएगी या उसे हमेशा के लिए दबा दिया जाएगा ? ये चुनाव तय करेंगे कि महिलाओं के गले का मंगलसूत्र बचेगा या नही ? उनकी दो में से एक भैंस बचेगी या खोल ली जाएगी? ये चुनाव तय करेगा कि देश में आरक्षण को लेकर सत्ता प्रतिष्ठान का रुख क्या होगा ? ये चुनाव तय करेगा कि नई सरकार न्यायपालिका को भी अपना पालतू तोता बनाएगी या नहीं ? यानि अनेक ऐसे ज्वलंत मुद्दे हैं जो मतदान के इस अंतिम चरण से बाबस्ता हैं। हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव को झाड़ू-पोंछा करने वाली , वर्तन साफ करने वाली मशीनों की तरह ही चुनाव करने वाली ईवीएम ज्यादा प्रभावित नहीं कर पायेगी। इस बार का जनादेश निर्दोष होगा। जय सियाराम

## अग्निकांड़ों ने हर भारतीय का दिल जख्मी किया

- ललित गर्ग



गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से सात नवजात बच्चों की जान चली गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। ह्यअग्निकांडह्ल एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना-हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है। इन दोनों मामलों में शुरूआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकट लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। ठीक इसी तरह दिल्ली के बेबी केयर सेंटर की आग की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। एनआईसीयू में वेंटिलेटर पर ही 7 नवजात ने दम तोड़ दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि बच्चों को पीछे के रास्ते से बड़ी मुश्किल से निकाला गया। 5 बेड की क्षमता वाले हॉस्पिटल में 12 बच्चों का इलाज हो रहा था। जाहिर है, एक बेड पर दो या तीन बच्चे थे। आग लगने, हॉस्पिटल के मिस मैनेजमेंट और लापरवाही का क्या स्थानीय प्रशासन को अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं? प्रश्न है कि इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। इन दोनों अग्निकांड़ों में पीड़ितजन तो सहानुभूति के पात्र हैं ही, पर इन घटनाओं के लिए सहानुभूति की पात्र देश की जनता भी है, जो भ्रष्ट, लापरवाह एवं लालची प्रशासनिक चरित्रों को झेल रही है। मनुष्य अपने स्वार्थ और रुपए के लिए इस सीमा तक बेईमान और बदमाश हो जाता है कि हजारों के जीवन और सुरक्षा से खेलता है। दो-चार परिवारों की सुख समृद्धि के लिए अनेक घर-परिवार उजाड़ देता है।

राजकोट हो या राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगना- बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है तो कभी कोचिंग संस्थान। कभी कोई अस्पताल तो कभी एम्यूजमेंट पार्क। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाए जा रहे थे। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक एवं ज्वलंत सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं। आसमान से बरसती आग के बीच शनिवार को हुए इन दोनों अग्निकांडों में मासूमों व बच्चों की मौत ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलत ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। आग क्यों और कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है पर कारण बना दिया जाता हैं पुर्जों व उपकरणों की खराबी को। जैसे-जैसे जीवन तेज होता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो दुर्घटनाओं की संख्या घट सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, क्यों नहीं हो रहा है, यह मंथन का विषय है। राजधानी दिल्ली ही नहीं, देश में हर जगह कानूनों एवं व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ते हुए देखा जा सकता है। इंसान का जीवन कितना सस्ता हो गया है। अपने धन लाभ के लिये कितने इंसानों के जीवन को दांव पर लगा देता है। मालिकों से ज्यादा दोषी ये अधिकारी और कर्मचारी हैं। अगर ये अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाते तो उपहार सिनेमा अग्निकांड नहीं होता, नन्दनगरी के समुदाय भवन की आग नहीं लगती, पीरागढ़ी उद्योगनगर की आग भी उनकी लापरवाही का ही नतीजा थी। बात चाहे पब की हो या रेल की, प्रदूषण की हो या खाद्य पदार्थों में मिलावट की-हमें हादसों की स्थितियों पर नियंत्रण के ठोस उपाय करने ही होंगे। तेजी से बढ़ता हादसों का हिंसक एवं डरावना दौर किसी एक प्रान्त या व्यक्ति का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी किया है। इंसानों के जीवन पर मंडरा रहे मौत के तरह-तरह की डरावने हादसों एवं दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है।

## विश्व शांति में शांति रक्षकों की भूमिका

- योगेश कुमार गोयल

संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जो अपनी स्थापना के बाद से ही विश्व शांति के साथ-साथ मानवाधिकार, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति तथा अंतर्राष्ट्रीय कानूनों को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यरत रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 29 मई 1948 को पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इजरायल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए वहां यूएन द्वारा शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। दुनियाभर में शांति बहाल करने में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों की अहम भूमिका रहती है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जान दांव पर लगाकर कार्य करते रहे हैं और फिलहाल विश्वभर में एक लाख से भी अधिक पुरूष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है और इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में शांति रक्षा के लिए तैनात हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2002 में प्रस्ताव संख्या ए/ईएस/57/129 के जरिये आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार ह्यशांति रक्षा मिशनह्ल को अधिकार दिए गए और 29 मई को ह्यशांति रक्षक दिवसह्ल के रूप में नामित किया गया, तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन को ह्यसंयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवसह्ल के रूप में मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की अपनी कोई स्वतंत्र सेना नहीं होती और शांति रक्षा का प्रत्येक कार्य सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित होता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक होता है और कनाडा तथा पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। शांति रक्षक दल संयुक्त राष्ट्र को उसके सदस्य देशों द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जो प्रायः ऐसे क्षेत्रों में भेजे जाते हैं, जहां हिंसा कुछ समय पहले से बंद है ताकि वहां शांति संघ की शर्तों को लागू रखते हुए हिंसा को रोककर रखा जा सके। यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 76 वीं सालगिरह मना रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस का कहना है कि दुनिया भर में हिंसक संघर्षों में फंसे लाखों लोगों के लिए शांति रक्षा एक आवश्यकता एवं आशा है तथा शांति रक्षा को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए जरूरत है कि हम सब मिलकर इसके लिए काम करें ताकि लोगों को सुरक्षा दी जा सके और शांति को बढ़ावा मिल सके। उनका कहना है कि वैश्विक शांति और सुरक्षा में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा एक अहम निवेश है लेकिन इसके लिए मजबूत अंतर्राष्ट्रीय संकल्प चाहिएं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा ह्यएक्शन फॉर पीस कीपिंगह्ल पहल की शुरूआत की गई है, जिसका मूल उद्देश्य यूएन मिशनों को मजबूत, सुरक्षित और भविष्य के लिए उपयुक्त बनाना है।

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन परेशानी और चिंता से भरा होगा। आपकी आमदनी अच्छी होगी और दिन प्रसन्नता में बीतेगा।

**तुला** दिन काफी खर्चीला रहेगा। किसी मामले में आपकी ऑफिस के लोगों से बहस हो सकती है।

**वृषभ** आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आज आप सेहत को लेकर काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक** आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी और आपको कारोबार में नए आइडिया आएंगे।

**मिथुन** करियर से जुड़ी अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है और आपका पूरा दिन प्रसन्नता में बीतेगा।

**धनु** आज का दिन सफलता से भरा होगा। आज आपको किसी मामले में परेशानी हो सकती है।

**कर्क** आज यदि आप अपने काम को लेकर परेशान चल रहे हैं तो समस्या और बढ़ सकती है।

**मकर** सम्मान से भरा होगा और आज आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारियां दी जा सकती हैं।

**सिंह** करियर में लाभ होगा, भाग्य आपका साथ देगा। आज किसी मुकमदे में भी आपकी जीत हो सकती है।

**कुंभ** आज अधिक काम करना पड़ सकता है। आज आपको दिन भर भागदौड़ करनी पड़ेगी।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा होगा। आज आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं।

**मीन** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता से भरा होगा। कार्यक्षेत्र की स्थिति शांत रहेगी।

## विशेष

## सबसे ज्यादा सीटें जीतने के बाद भी सीएम का पद किसी सहयोगी दल को

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बयान की, इन दोनों बड़ी चर्चा हो रही है। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में उन्होंने कहा, विधानसभा के चुनाव मैं सहयोगी गठबंधन के साथ भाजपा सबसे ज्यादा सीटों पर महाराष्ट्र में चुनाव लड़ेगी। सबसे ज्यादा सीटें जीतने के बाद भी मुख्यमंत्री का पद किसी सहयोगी दल को ही देगी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने अपने सहयोगी दल के उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बना दिया होता। ऐसी स्थिति में देवेंद्र फडणवीस की बात का सहयोगी दल विश्वास करते। उस समय देवेंद्र फडणवीस ने राज्यपाल से मिलकर अजीत पवार का समर्थन लेकर खुद मुख्यमंत्री बन गए थे। अब राजनीतिक हल्का में कहा जा रहा है। मुंबई महानगर पालिका के चुनाव होने हैं। कुछ माह के पश्चात विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसी स्थिति में सहयोगी दलों को बनाए रखने के लिए देवेंद्र फडणवीस ने सहयोगी दलों के ऊपर गुगली फेंकी है। इसका कितना असर होता है,इसका असर लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता लगेगा। गठबंधन के साथी भाजपा के साथ बने रहेंगे, या लुप्त हो जाएंगे, कहना मुश्किल है। देवेंद्र फडणवीस ने सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी, उपमुख्यमंत्री बनना स्वीकार किया है। ऐसी स्थिति पर उनके बयान की गंभीरता तो बन ही जाती है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1807: तुर्की में मुस्तफा चतुर्थ ने सुल्तान तृतीय को गद्दी से हटा दिया. 1947: अमरीका के स्वर्गीय राष्ट्रपति जान कैनेडी का जन्म. 1923: ब्रिटेन ने फिलोस्तानी संविधान निलम्बित कर दिया. 1943: द्वितीय विश्व युद्ध में एल्यूशियन द्वीप में अमरीकियों ने जापानियों को शिकस्त दी. 1953: तेनजिंग व हिलेरी द्वार माउण्ट एवरेस्ट पर विजय, 1972: अमरीका और सोवियत संघ ने आपस में शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए, 1985: यूरोपीय कप फुटबॉल मैच से पूर्व ब्रूसेल्स के स्टेडियम में संघर्ष में 38 व्यक्ति मारे गए और लगभग चार सौ लोग गिरफ्तार हो गए. 1987: भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की मृत्यु. 1990: बोरिस येल्तसिन रूस के राष्ट्रपति चुने गए. 1992: सर्ब नेतृत्व वाली फौजों ने बोस्निया की राजधानी पर बमबारी की.

## दैनिक पंचांग

**29 मई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.24 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कर्क | 08.37 बजे से |
| मंगल | मीन में | सिंह | 10.54 बजे से |
| बुध | मेष में | कन्या | 13.05 बजे से |
| गुरु | वृष में | तुला | 15.16 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 17.31 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 19.47 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 21.52 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 23.39 बजे से |
| राहुकाल | 12.00 से 1.30 बजे तक | मीन | 01.11 बजे से |
| | | मेष | 02.42 बजे से |
| | | वृष | 04.22 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 150 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख)
**तिथि** षष्ठी 13.40 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** श्रवण 08.39 बजे को समाप्त।
**योग** इन्द्र 23.34 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 13.40 बजे तदनन्तर विष्टि 00.44 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 40'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871994
**जूलियन दिन** 2460459.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 20

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# क्या गाजीपुर और भलस्वा डेयरी का दूध पिएंगे नौकरशाह? एमसीडी को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को फटकार लगाई। कोर्ट ने भलस्वा और गाजीपुर लैंडफिल साइट के पास मौजूद डेयरी को रीलोकेट करने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। एमसीडी से पूछा कि क्या निर्णय लेने में किसी तरह के राजनीतिक विचार शामिल हैं। नगर निगम के वकील ने कहा कि रीलोकेशन के निर्णय पर विशेषज्ञों द्वारा विचार किया जा रहा है, जिसपर अदालत नाराज हो गया।

एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन औप जस्टिस मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने एमसीडी के वकील को फटकार लगाते हुए कहा, संकीर्ण राजनीतिक हितों से गाइडेड (दिशानिर्देश लेना) न हों। यदि इसे शहर में जगह नहीं दी जा सकती, तो शहर के बाहर भेज दीजिए। क्या विभाग का नेतृत्व करने वाले नौकरशाह भलस्वा और गाजीपुर डेयरी का दूध पी सकते हैं? पूरी तरह अनुशासन खत्म हो गया है क्योंकि विशेषज्ञ संकीर्ण राजनीतिक विचारों से गाइडेड हो रहे हैं। हम कड़ा आदेश पारित करने में संकोच नहीं करेंगे। जमीनी स्तर पर, हमें नहीं लगता कि दिल्ली प्रशासन मौजूद है। विफल रहने को लेकर भी एजेंसी की कड़ी आलोचना की। अदालत ने कहा कि उसका रवैया चीजों को सुविधाजनक बनाने के बजाय बाधा डालने वाला है। कोर्ट ने कहा, सच्चाई यह है कि जमीनी स्तर पर चीजें दयनीय हैं। निर्देशों के बावजूद कुछ नहीं हुआ, अस्पताल काम नहीं कर रहे, पूरी जगह कूड़े से भरी हुई है। इच्छाशक्ति और रवैये की निश्चित तौर पर कमी है। अदालत ने यह टिप्पणी सुनयना सिब्बल, आशेर जेसुदोस और अक्षिता कुकरेजा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान की। इन तीनों याचिकाकर्ताओं ने अपनी याचिका में केंद्र और राज्य सरकार के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, इन डेयरियों में पशु क्रूरता, क्षमता से ज्यादा पशु, जानवरों को उनके मलमूत्र में लेटाना, उनकी चोटों और बीमारियों पर बिलकुल ध्यान न देना, नर बछड़ों को भूखा रखना और जानवरों का म्यूटिलेशन करना शामिल है। याचिका में डेयरी कॉलोनियों में कई जगहों पर पशुओं के सड़ते शवों, मल-मूत्र के ढेर और सार्वजनिक सड़कों पर फेंके गए बछड़ों के शवों को भी उजागर किया गया, जिससे मक्खियों का संक्रमण और मच्छरों का प्रजनन बढ़ रहा है। बता दें कि एक मई को, हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि प्रथम दृष्टया गाजीपुर और भलस्वा डेयरियों को रीलोकेट किए जाने की जरूरत है। अदालत ने कहा था कि इन डेयरियों में मवेशी हमेशा खतरनाक अपशिष्टों को खाएंगे और उनका दूध, अगर इंसानों द्वारा पीया जाता है, तो इसका उनके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप, इमरजेंसी गेट से निकाले गए यात्री

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एयरपोर्ट पर एक फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप मच गया। दरअसल, दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट को बम की धमकी मिली है। एक टिशू पेपर पर बम लिखा हुआ मिला। मंगलवार सुबह 5:35 बजे बम की सूचना से हड़कंप मच गया। यात्रियों को विमान से बाहर निकाला गया। एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें यात्री इमरजेंसी गेट से निकलते हुए दिख रहे हैं। बम निरोधक टीम और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को मौके पर भेजा गया। सीआईएसएफ के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर दिल्ली से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6श्व2211 के शौचालय में एक टिशू पेपर पाया गया, जिसपर बम शब्द लिखा हुआ था। यह जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दी गई। एजेंसियों की जांच में यह धमकी फर्जी निकला। बम की धमकी के बाद फ्लाइट को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। दिल्ली फायर सर्विस ने बताया कि आज सुबह 5:35 बजे दिल्ली से वाराणसी जा रही फ्लाइट में बम होने की सूचना आई। क्यूआरटी मौके पर पहुंची। सभी यात्रियों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। इस पूरे मामले पर इंडिगो का भी बयान आया है। विमान कंपनी ने बताया कि दिल्ली से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6श्व2211 को दिल्ली एयरपोर्ट पर बम की धमकी मिली थी। सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी, कुख्यात इनामी लेडी डॉन कैली गिरफ्तार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने काला गैंग की 22 वर्षीय कुख्यात लेडी डॉन गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़ी गई कुख्यात महिला डॉन का नाम कैली तंवर बताया जा रहा है, जो दीपक अगरोला - कर्मबीर काला गैंग की सदस्य है। सूत्रों ने बताया कि उसके सिर पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। लेडी डॉन कैली हत्या की साजिश रचने समेत कई मामलों में वॉन्टेड थी। जानकारी के अनुसार, स्पेशल सेल की टीम को गाजियाबाद के लोनी थाने में दर्ज हत्या के एक मामलों में वॉन्टेड आरोपी 22 साल की कैली तंवर पुत्री स्वर्गीय निर्दोष निवासी ट्रोनिका सिटी जिला गाजियाबाद के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। वह दिल्ली के फतेहपुर बस स्टैंड के पास ग्रामीण इलाके में रहती थी। स्पेशल सेल द्वारा उपरोक्त जानकारी के आधार पर उसे वहां से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने गाजियाबाद के लोनी थाने में दर्ज आईपीसी की धारा 302/34 के मामले में अपनी संलिप्तता का खुलासा किया। इसके बाद में उसे सीआरपीसी की धारा 41.1 (बीए) के तहत कालंद्रा में गिरफ्तार कर लिया गया और अदालत के सामने पेश किया जाएगा। उक्त इलाके में दो समूहों के बीच पुरानी दुश्मनी इस हत्या का कारण बनी थी। यूपी पुलिस द्वारा आरोपी महिला की गिरफ्तारी पर 25000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इससे पहले 03 मई को इसी मामले में वॉन्टेड एक अन्य आरोपी मोहम्मद फैजान उर्फ नन्हे निवासी सावदा जेजे कॉलोनी, दिल्ली को भी स्पेशल सेल/एसआर की टीम ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद दिल्ली के थाना स्पेशल सेल आईपीसी की धारा 186/353/307 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

### स्त्री को मातृत्व सुख पाने के प्रयासों से वंचित नहीं कर सकते', हाईकोर्ट ने आईवीएफ से मां बनना चाह रही महिला के हक में सुनाया फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मातृत्व सुख की चाह रखने वाली एक महिला को अंतरिम राहत दी है। हाईकोर्ट ने सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (विनियम) अधिनियम 2021 के तहत पति की उम्र अधिक होने के बावजूद आईवीएफ प्रक्रिया जारी रखने के निर्देश संबंधित निजी अस्पताल को दिए हैं, जहां इस दंपती का इलाज चल रहा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन एवं न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने अपने आदेश में कहा है कि पत्नी सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (विनियम) अधिनियम के तहत निर्धारित आयु के मापदंड को पूरा कर रही है, जबकि पति की उम्र अधिक है। ऐसे में एक महिला को मातृत्व सुख पाने के प्रयासों से वंचित नहीं किया जा सकता। यदि इस मामले को विस्तृत सुनवाई के आधार पर आगे बढ़ाया जाता है और निर्णय लेने में समय लगता है तो इस दंपती को अपूर्णीय क्षति होगी। इसलिए आईवीएफ प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी जा रही है। संबंधित सेंटर को भी निर्देश दिए जा रहे हैं कि वह दंपती के पहले से संरक्षित शुक्राणु का इस्तेमाल आईवीएफ प्रक्रिया को जारी रखने में करें। यह दंपती वर्ष 2011 से लेकर अब तक दिल्ली एम्स से लेकर मुंबई के लीलावती और हिंदुजा नेशनल हॉस्पिटल में आईवीएफ प्रक्रिया के जरिये मातृत्व सुख पाने के लिए इलाज करा चुके हैं। फिलहाल दिल्ली के एक निजी नामी अस्पताल में महिला के पति के शुक्राणु संरक्षित रखे हुए हैं, लेकिन पति की आयु अब 56 वर्ष होने के कारण निजी अस्पताल ने आईवीएफ प्रक्रिया करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, पत्नी की उम्र 46 वर्ष 5 महीने है।

# 237 किसानों को चुनाव बाद मिलेगी गुडन्यूज, रिपोर्ट तैयार; लीजबैक जिसमें मिल सकती है राहत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने लीजबैक के खारिज 237 प्रकरणों की विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा दोबारा की गई जांच रिपोर्ट का अध्ययन कर अंतिम रूप दे दिया है। सुनवाई में किसानों ने साक्ष्य प्रस्तुत किए। उम्मीद है कि इस हफ्ते एसआईटी अध्यक्ष को अंतिम रिपोर्ट सौंप दी जाएगी। शासन की मुहर लगने के बाद लीजबैक की कार्रवाई शुरू होगी। इस बार किसानों के प्रति सकारात्मक रुख दिख रहा है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद अच्छी खबर मिल सकती है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के तत्कालीन चेयरमैन डॉ. प्रभात कुमार ने वर्ष 2011 में जमीन अधिग्रहण से प्रभावित गांवों की लीजबैक की जांच कराई थी, जिसमें अनियमितता पाई गई थीं। इसके बाद लीजबैक के सभी प्रकरणों की जांच के लिए एसआईटी जांच की सिफारिश की थी। शासन ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी। मामले की जांच कर एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी थी।

शासन स्तर 533 में से 237 प्रकरणों को बीते साल अक्तूबर में खारिज कर दिया गया था। इसको लेकर किसानों ने नाराजगी जताई थी। किसानों के प्रदर्शन करने पर पुनः जांच के आदेश दिए गए थे। शासन के आदेश पर एसआईटी ने 237 प्रकरणों की दोबारा सुनवाई की। किसानों ने साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए कहा है कि उनकी लीजबैक किस आधार पर खारिज की गई। अब एसआईटी की पुनः जांच रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए अंतिम रिपोर्ट तैयार कर ली है। रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले किसानों से चर्चा के साथ उनके सुझाव भी मांगे गए। किसानों का प्रतिनिधिमंडल बीते दिनों एसआईटी अध्यक्ष से भी मिला था।

जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के आबादी भूखंड, शिफ्टिंग जैसे मुद्दे भी लंबित पड़े हैं। किसान लगातार मांग कर रहे हैं। समस्याओं के निस्तारण के लिए कमेटी गठित कर दी गई है, जो सुनवाई कर रही है। उम्मीद है कि आचार संहिता हटने के बाद किसानों से जुड़े सभी मुद्दों में तेजी आएगी। इसको लेकर तैयारी चल रही है। गांव पास स्थित ऐसी जमीन जिस पर किसान का दावा होता है कि वह उसकी आबादी की जमीन है। उस पर घर बना है। प्राधिकरण द्वारा ऐसी जमीन का अधिग्रहण कर लिए जाने पर किसान से वापस मुआवजा जमा कराकर जमीन उसके नाम लीजबैक कर दी जाती है।

# यमुना सिटी में 300 जगहों पर अवैध निर्माण ढहाने की तैयारी, यीडा ने 6 जिलों के कॉलोनाइजरों को किए नोटिस जारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (यीडा) ने अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ शिकंजा कसने की तैयारी कर ली है। यीडा ने जेवर, मथुरा, जहांगीरपुर, टप्पल और झज्जर समेत कई क्षेत्रों के 300 से अधिक कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किया है। उनको कब्जा हटाने के आदेश दिए गए हैं। 4 जून के बाद प्राधिकरण अवैध निर्माण ढहा देगा।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र गौतमबुद्ध नगर समेत 6 जनपदों तक फैला हुआ है। जेवर, मथुरा, जहांगीरपुर, मथुरा और झज्जर समेत कई क्षेत्रों में कॉलोनाइजरों ने प्राधिकरण की भूमि पर कब्जा कर यहां अवैध कॉलोनी काट कर निर्माण शुरू कर दिया है। वहीं, एक्सप्रेसवे के किनारे अधिसूचित जमीन पर ढाबे और रेस्त्रां तक खोल दिए हैं। दनकौर में ऐसी कॉलोनी तक चिह्नित की गई हैं, जहां पर नगर पंचायत के अधिकारियों ने कॉलोनाइजरों की मिलीभगत से नक्शे तक स्वीकृत कर दिए। वहां पर कई परिवार बस चुके हैं। प्राधिकरण ने पूर्व में भी कॉलोनाइजरों को चेतावनी जारी की थी। इसके बावजूद अवैध निर्माण जारी है। कॉलोनाइजर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी, हेरिटेज सिटी का सपना दिखाते हैं। लोग खुद के आशियाने के मोह में इनके झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई फंसा रहे हैं। प्राधिकरण ने इन सभी जिलों में अधिसूचित क्षेत्रों की जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिए 300 कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए हैं। इन सभी को अवैध निर्माण हटाने के लिए 4 जून तक का समय दिया गया है। दनकौर नगर पंचायत में अवैध कॉलोनी को वैध बनाने का खेल चल रहा है। आरोप है कि नगर पंचायत में आवासीय कॉलोनी का नक्शा स्वीकृत कराकर अवैध कॉलोनी को वैध बनाने की कोशिश की गई। जिस कॉलोनी का नक्शा नगर पंचायत से स्वीकृत किया गया है, वह नगर पंचायत की सीमा से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर है और यीडा का अधिसूचित क्षेत्र है। इसके बावजूद नगर पंचायत ने कॉलोनी का नक्शा स्वीकृत कर दिया और इसकी एवज में 2.56 लाख रुपये शुल्क भी वसूला है। जानकारी होने पर सीईओ ने ओएसडी शैलेंद्र कुमार को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह का कहना है कि छह जिलों के 300 से अधिक कॉलोनाइजरों को चिह्नित कर नोटिस जारी किए गए हैं। चार जून के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# चीन के सैन्य अभ्यास के बाद अमेरिकी सांसदों ने नए राष्ट्रपति को समर्थन देने का किया वादा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ताइवान में नए राष्ट्रपति के उद्घाटन भाषण के जवाब में चीन द्वारा आस-पास के क्षेत्र में सैन्य अभ्यास करने के तुरंत बाद अमेरिकी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नए नेता से मुलाकात कर अपना समर्थन जाहिर किया। अमेरिकी कांग्रेस में ताइवान कॉकस के सह-अध्यक्ष प्रतिनिधि एंडी बार ने कहा कि अमेरिका, ताइवान की सेना, कूटनीति और अर्थव्यवस्था का समर्थन करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। केंटकी के प्रतिनिधि ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते से मुलाकात करने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका, ताइवान में यथास्थिति और शांति बनाए रखना चाहता है और इसको लेकर अमेरिका, ताइवान या फिर दुनिया में कहीं भी किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं होना चाहिए। बलपूर्वक अपने नियंत्रण में ले सकता है। अधिकांश देशों की तरह, अमेरिका के ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं लेकिन वह द्वीप को उसकी रक्षा के साधन प्रदान करने के लिए अपने खुद के कानूनों का हवाला देता है। चीनी सरकार ने अमेरिकी सांसदों की यात्रा पर कड़ा विरोध व्यक्त किया और कहा कि इस दौरे ने चीन-अमेरिका संबंधों और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता को कमजोर किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा, अमेरिकी सांसदों की यात्रा ताइवान के साथ केवल अनौपचारिक संबंध बनाए रखने की अमेरिकी सरकार की राजनीतिक प्रतिबद्धता के खिलाफ है।

# शव न मिलने के कारण सांसद की सीट को खाली घोषित करना कठिन' अधिकारी ने बताई परेशानी



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेशी सांसद हत्याकांड इन दिनों विवादों में बना हुआ है। इस बीच बांग्लादेश के अधिकारियों का कहना है कि सांसद का शव न मिलने के कारण उन्हें परेशानी हो रही है। सोमवार को बांग्लादेश के एक अधिकारी ने बताया कि संसद सचिवालय और चुनाव आयोग अनवारुल अजीम अनार का शव न मिलने के कारण उनकी संसदीय सीट जेनाइदाह-4 को खाली घोषित नहीं कर पा रहा है।

संविधान विशेषज्ञ शाहदीन मलिक ने संवाददाताओं से कहा कि बांग्लादेश के कानून के अनुसार, यदि कोई संसदीय सीट किसी भी कारण से खाली होती है तो 90 दिनों के भीतर उपचुनाव कराने होते हैं। लेकिन शव न मिल पाने के कारण सीट को खाली घोषित करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। संसद सचिवालय के वरिष्ठ सचिव केएम अब्दुस सलाम ने कहा कि स्पीकर शिरुन शर्मिन चौधरी कानूनी विशेषज्ञों और अन्य संबंधित लोगों के साथ परामर्श करेंगे, इसके बाद ही कोई निर्णय होने की उम्मीद है। हत्याकांड में जानकारी जुटाने के लिए अब पड़ोसी मुल्क के खुफिया विभाग के प्रमुख रविवार को भारत आए हैं। उनके साथ बांग्लादेश की खुफिया विभाग शाखा के दो अन्य अधिकारी भी कोलकाता पहुंचे हैं। बांग्लादेश डिटेक्टिव ब्रांच की एक टीम, जिसमें डिटेक्टिव चीफ हारुनन राशिद मिंटो सहित तीन शीर्ष अधिकारी शामिल हैं, रविवार को कोलकाता पहुंची। उनके साथ अन्य दो अधिकारी सईदुर रहमान और अब्दुल अहर भी आए हैं। बांग्लादेशी सांसद इलाज के लिए कोलकाता आए थे। उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सांसद अजीम 12 मई को कोलकाता पहुंचे थे और शहर के उत्तरी इलाके में बारानगर में अपने दोस्त के घर पर ठहरे थे। 13 मई को वह किसी से मिलने गए लेकिन वापस नहीं लौटे। मामले का खुलासा 18 मई को हुआ, जब बांग्लादेशी सांसद के परिचित गोपाल बिस्वास ने थाने में उनके लापता होने की जानकारी दी। अनार कोलकाता में बिस्वास के घर पर ही रुके थे। बिस्वास ने दावा किया कि सांसद 17 मई से उनके संपर्क में नहीं थे। इसलिए उन्होंने एक दिन बाद गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। उनके फोन से परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गए थे कि वह नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।सीआईडी ने हत्या के पीछे हनी ट्रैप की आशंका जताई है। पुलिस का मानना है कि सांसद को एक महिला न्यू टाउन के एक फ्लैट में प्रलोभन देकर ले गई, जिसके बाद भाड़े के बदमाशों द्वारा उनकी हत्या की गई होगी। वहीं, हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक से मुलाकात की थी। यह व्यक्ति बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पश्चिम बंगाल के एक इलाके का निवासी है।

पुलिस अधिकारी ने हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान बताए बिना कहा कि जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह व्यक्ति सांसद से क्यों मिला और उन्होंने क्या चर्चा की थी।

जांच से संकेत मिला कि बांग्लादेशी सांसद एक महिला द्वारा बिछाए गए हनी ट्रैप में फंस गए, जो सांसद के दोस्त की भी करीबी थी। ऐसा लगता है कि महिला ने सांसद को न्यू टाउन के फ्लैट में जाने का प्रलोभन दिया था। हमें आशंका है कि वहां पहुंचते ही उनकी हत्या कर दी गई।

# हैरान कर देगा शी चिनफिंग का शासन मॉडल, अपने ही नागिरकों पर चीन रख रहा नजर



**हांगकांग , एजेंसी।** मई के मध्य में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चीन यात्रा के दौरान, उन्होंने कहा कि रूस और चीन अधिक लोकतांत्रिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से प्रतिबद्ध हैं। जो देश खुद को लोकतांत्रिक मानते हैं, उनके लिए पुतिन की धारणा हास्यास्पद है, क्योंकि चीन और रूस दोनों पर निरंकुश शासकों का शासन है, जिनका सत्ता पर पकड़ खोने का कोई इरादा नहीं है। दरअसल, लंदन के एसओएएस विश्वविद्यालय में एसओएएस चाइना इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर स्टीव त्सांग ने एएनआई को बताया, प्रशासन के मामले में चीन के सामने सबसे बड़ी चुनौती शी के हाथों में सत्ता का केंद्रीकरण है।

अमेरिका में जेम्सटाउन फाउंडेशन थिंक-टैंक के एक वरिष्ठ फेलो डॉक्टर विली वो-लैप लैम ने सहमति व्यक्त की- शी चिनफिंग ने अपने एक दशक लंबे शासन के दौरान मानदंडों को नष्ट कर दिया है और सत्ता के वितरण को विकृत कर दिया है... उदाहरण के लिए, राज्य परिषद अब एक मात्र नीति-कार्यकारी अंग है जिसे सीधे पोलित ब्यूरो स्थायी समिति (पीबीएससी) द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जिसमें नीति डिजाइन करने की क्षमता कम हो गई है। डॉ लैम ने आगे बीजिंग में सत्ता परिवर्तन का भी उल्लेख किया। तथाकथित झेजियांग गुट - उन अधिकारियों का संदर्भ है जिन्होंने शी के साथ काम किया था जब वह 2002-07 तक तटीय प्रांत के पार्टी प्रमुख थे - पहले प्रभुत्व में था। अब फुजियान गुट- वे अधिकारी जिनके साथ सर्वोच्च नेता ने 1985 से 2002 तक ताइवान के सामने तटीय प्रांत में अपना करियर और प्रतिष्ठा बनाई - का प्रभाव अधिक है।


हांगकांग में जन्मे शिक्षाविद ने कहा कि इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभार्थी पांचवीं रैंक वाली पीबीएससी सदस्य कै क्यूई रही हैं। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) सचिवालय के प्रमुख और केंद्रीय समिति जनरल कार्यालय के निदेशक के रूप में, वह राज्य सुरक्षा और पार्टी निर्माण के प्रभारी हैं, जिसमें शी के प्रति उनकी वफादारी का आकलन करने के लिए अधिकारियों की जांच शामिल है।

**अपने ही नागरिकों पर चीनी सरकार रखती है निगरानी:** शी चिनफिंग की कम्युनिस्ट सरकार को अपने ही नागरिकों से इतना डर लगता है कि वह हर वक्त उन पर नजर रखती है। तानाशाह चिनफिंग ने नागरिकों पर नजर रखने के लिए सबसे बड़ा निगरानी सिस्टम बना रखा है। चिनफिंग के चीन में अधिकारी आवासीय अपार्टमेंट की इमारतों में गश्त करते हैं और लोगों के घरों में होने वाली गतिविधियों को सुनते हैं।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, बीजिंग के पुलिस स्टेशनों की दीवार को कागज की शीट से भरा गया है। इसमें हर अपार्टमेंट परिसर के लिए एक अलग शीट है, जिसे यूनिट के अनुसार बांटा गया है। इस पर निवासियों के फोन नंबर और अन्य जानकारी दी गई है। शी जिनपिंग ने इस प्रयास को नए युग के लिए फेंगकियाओ अनुभव का नाम दिया है। फेंगकियाओ एक ऐसे शहर को संदर्भित करता है, जहां माओत्से तुंग के दौर में पार्टी ने नागरिकों को कथित राजनीतिक दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए प्रोत्साहित किया था। उस दौर में प्रोफेसरों, उच्च शिक्षित व्यक्तियों समेत उच्च वर्ग के लोगों को सार्वजनिक रूप से तब तक अपमानित किया जाता था जब तक वे कम्युनिस्ट विरोधी कविता लिखने जैसे अपराधों को स्वीकार नहीं कर लेते थे। इस दौरान लोगों को सार्वजनिक रूप से पीटा और प्रताड़ित किया जाता था।

## पाकिस्तान में भीषण गर्मी से बेकाबू हुए हालात

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस देश के अधिकांश हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में है। हीटवेव और चिलचिलाती गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पाकिस्तान में भी भीषण गर्मी से हालात बेकाबू हो गए हैं। यहां कई जगहों पर तापमान 53 के पार पहुंच गया है। भयंकर गर्मी के बीच कई इलाकों में बत्ती गुल से पाकिस्तानियों की हालत और खराब हो रही है। दिन भर लू के थपेड़ों से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की एक टीम का कहना है कि मई महीने में पूरे एशिया में अत्यधिक गर्मी देखने को मिली है। पाकिस्तान मौसम विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी शाहिद अब्बास ने बताया कि सिंध के शहर मोहनजो दारो में पिछले 24 घंटे में तापमान 52 डिग्री से पार चला गया। उन्होंने रॉयटर्स को बताया कि 2500 ईसा पूर्व में निर्मित सिंधु घाटी सभ्यता के पुरातात्विक स्थलों के लिए विख्यात मोहनजो दारो में गर्मी का सबसे अधिक सितम देखने को मिल रहा है। इसके अलावा देश के कुछ हिस्सों में तापमान 53.5 डिग्री सेल्सियस और 54 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकॉर्ड किया गया। पाकिस्तान में मोहनजो दारो एक छोटा सा शहर है, जहां अक्सर तापमान काफी गर्म रहता है। यहां कम सर्दी और बारिश भी कम होती है। लेकिन, इस बार गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आलम यह है कि गर्मी के कारण यहां लगने वाले सीमित बाजार भी दिन के वक्त कम ही खुल रहे हैं।



# चमगादड़ उल्टा ही क्यों सोते हैं?

**आपने दुनियाभर में अलग-अलग प्रकार के जीव जंतु देखें होंगे, आप यह भी जानते ही होंगे की हर जीव जंतु की अपनी अलग विशेषता होती है। दरअसल कुछ जीव रेंगने वाले, तैरने वाले और कुछ उड़ने वाले जीव होते है। हालांकि इनमे से कई ऐसे जीव जंतु है जो आज के समय में विलुप्त होने की कगार पर हैं। वहीं कुछ जीव जंतु ऐसे है जिनकी चर्चा अक्सर हम करते रहते हैं।**


ऐसा ही एक जीव है चमगादड़ जो एक अलग विशेषता के लिए प्रसिद्ध है। आपने भी इसके बारे में सुना ही होगा, क्योकि चमगादड़ उल्टा लटककर सोने के लिए हमेशा चर्चा का विषय बने रहते हैं। दरअसल चमगादड़ एक विशेष स्तनधारी जीव है जो आसमान में उड़ता है। उसकी विशेषता उसका उल्टा लटककर सोना है, जिसे लोगों में बहुत लोकप्रियता है। लेकिन अक्सर यह सवाल उठता है कि चमगादड़ उल्टा क्यों सोते हैं? तो चलिए आज हम इस खबर में आपके इस सवाल का जवाब देने वाले हैं।

आपको बता दें कि चमगादड़ उल्टा लटककर इसीलिए सोते है ताकि वे आसानी से उड़ान भर सके। दरअसल इन्हे जमीन से उड़ान भरने में कठिनाई महसूस होती हैं, जबकि उल्टे सोने पर उनकी उड़ान बहुत ही सरल हो जाती है। इसके अलावा, चमगादड़ अक्सर पुरानी इमारतों या किलों पर उल्टे लटककर सोते हैं, जिससे उन्हें अपने संगरोधन और सुरक्षा का अधिक सामर्थ्य मिलता है।

## चमगादड़ उल्टा सोने पर भी क्यों नहीं गिरते?

वहीं चमगादड़ के उल्टे सोने पर भी न गिरने का कारण इसके नसों की बनावट में है। दरअसल इनके पैरों की नसें इसे उच्चतम सुरक्षा और स्थिरता प्रदान करती हैं, जिससे वे अपनी उल्टी स्थिति में भी टिके रह सकते हैं। इसके वजह से चमगादड़ उल्टे सोने पर भी नहीं गिरते।





# तीन महीने तक अंधेरे में रहता था ये गांव, लोगों ने बना लिया खुद का सूरज

**सूरज का प्रकाश पृथ्वी के कोने-कोने में पहुंचता है. पर कुछ हिस्से ऐसे भी हैं जहां कई महीनों तक सूरज की रोशनी नहीं पड़ती. पर इटली का एक गांव ऐसा भी है जहां सूरज की रौशनी नहीं पहुंचती. इस गांव में कभी सूरज नहीं निकलता. जिसके बाद यहां रहने वाले लोगों ने अपना ही सूरज बना लिया. हैरान हो गए ना ये जानकर, लेकिन ये सच है. दरअसल ,यहां सूरज की रोशनी न पहुंचने पर लोगों ने जुगाड़ लगाकर अपना ही एक आर्टीफिशियल सूरज बना लिया. जी हां, आपने अब तक इंसान को साइंस एंड टेक्नोलॉजी की मदद से नकली आंख, हाथ पांव बनाते हुए सुना होगा, पर इटली के इस गांव के लोगों ने अपना सूरज ही बना लिया.**

पृथ्वी पर जीवन के लिए सूर्य की रोशनी बेहद जरूरी है, यह सिर्फ हम इंसानों के लिए ही नहीं बल्कि जानवरों, पेड़-पौधों के भी अस्तित्व की वजह है। हर 24 घंटे के अंतराल में सूरज की रोशनी से पृथ्वी के अलग-अलग हिस्सों को रोशन करता है, लेकिन कई ऐसे क्षेत्र भी है जहां महीने तक सूर्य की किरण देखने के लिए लोग तरस जाते हैं। हमारी धरती अजीबोगरीब संभावनाओं से भरी हुई है, यहां ऐसी प्राकृतिक घटनाएं होती हैं जिस समझ पाना कभी-कभी वैज्ञानिकों के बस में भी नहीं होता।

## सूर्य की रोशनी भी है जरूरी

नॉर्थ पोल और साउथ पोल के बारे में तो आप सभी ने पढ़ा ही होगा, यहा मौजूद देशों में महीनों तक या तो सूरज अस्त नहीं होगा या फिर उगेगा ही नहीं। हालांकि आज हम आपको इटली के ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां तीन महीने तक लोग सूर्य की रोशनी देखने के लिए तरस जाते हैं। हालांकि अब गांव वालों ने इस समस्या का समाधान भी खोज निकाला है, जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। दरअसल, गांव ने अपना खुद का सूरज बना लिया है।

## गांव वालों ने बना डाला अपना सूरज

चौंकिए मत जनाब, ये कोई असली का सूर्य नहीं बल्कि गांव तक रोशनी पहुंचाने के लिए एक आर्टीफिशियल सूरज लोगों ने मिलकर बनाया है। हम बात कर रहे हैं इटली में स्थित विगल्लेना गांव की जो चारों तरफ से पहाड़ों से घिरा हुआ है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों की वजह से तलहटी में बसे गांव में सूरज की रोशनी नहीं आ पाती। यहां करीब 200 लोग रहते हैं और सूरज के दर्शन किए उन्हें लंबा अरसा बीत जाता है। भौगोलिक स्थिति की वजह से यहां नवंबर से फरवरी तक सूर्य की रोशनी नहीं आती।

## नवंबर से फरवरी के बीच अंधेरे में रहता था गांव

नवंबर से फरवरी के बीच दिन के समय भी पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहता था, इस वजह से वहां रह रहे लोगों के सेहत पर भी बुरा असर पड़ता था। इस समस्या का समाधान गांव के ही एक आर्किटेक्ट और इंजीनियर ने निकाला और एक आर्टीफिशियल सूरज बना डाला। साल 2006 में इंजीनियर ने गांव के मेयर की मदद से पहाड़ों की चोटी पर 40 वर्ग किलोमीटर का एक शीशा लगवा दिया। शीशे को इस तरह लगाया गया कि उस पर पड़ने वाली सूर्य की रोशनी का पतिबिंब सीधे गांव पर गिरे।

## दिन में इतने घंटे रोशन रहता है गांव

पहाड़ की चोटी पर लगाया गया ये शीशा दिन में 6 घंटे के लिए गांव को रोशन करता है। शीशे का वजह करीब 1.1 टन है और इसमें 1 लाख यूरो का खर्च आया। इस कारीगरी में तकनीक की भी मदद ली गई है, पहाड़ पर लगाए गए शीशों को कंप्यूटर द्वारा कंट्रोल किया जाता है। अपना खुद का सूरज बनाने के बाद विगल्लेना गांव दुनियाभर में चर्चा का केंद्र बन गया, अब तो यहां टूरिस्ट भी इस कारीगरी को देखने आते हैं।

## कैसे आया आइडिया?

विगल्लेना गांव के मेयर पियरफ्रेंको मडाली ने बताया कि इस आर्टीफिशियल सूरज का आइडिया किसी वैज्ञानिक का नहीं बल्कि एक आम इंसान का है। यह आइडिया तब सामने आया जब सर्दियों के मौसम में लोग धूप ना मिलने की वजह से घरों में ही रहा करने लगे। शहर ठंड और अंधेरे की वजह से बंद हो जाता था। करीब 87 लाख रुपए की लागत से एक आर्टीफिशियल सूरज को तैयार किया गया। अब सर्दियों में भी गांव को सूरज की रोशनी मिलती है।

## जुगाड़ से गांव तक पहुंचा सूरज

इस समस्या का हल खोजने के लिए पहली बार साल 1999 में पहली बार, 'विगनेला' के एक आर्किटेक्ट जियाकोमा बोंजानी ने गांव के चर्च पर धूपघड़ी लगाने लगाने का प्लान बनाया था। लेकिन बाद में इसकी जगह एक विशाल शीशा लगाने का फैसला किया गया, जो धूप का प्रतिबिंब गांव तक पहुंचा सके। इसके लिए आर्किटेक्ट जियाकोमा और इंजीनियर गियानी फेरारी ने एक विशाल शीशा पहाड़ की चोटी पर लगवा दिया। ये शीशा दिन में 6 घंटे सनलाइट रिफ्लेक्ट करता है जिससे गांव में रोशनी रहती है। इसे कंप्यूटर के जरिए ऑपरेट किया जाता है और सूरज की दिशा की तरफ घुमाया जा सकता है।

## इंजीनियर ने कैसे किया ये कारनामा

आर्किटेक्ट और इंजीनियर ने आर्टीफिशियल सूरज बनाने के लिए 1 लाख यूरो खर्च किया। इस पैसे से इंजीनियर ने 40 वर्ग किलोमीटर का एक शीशा खरीदा जिसको उसने पहाड़ की चोटी पर लगवा गिया। यह शीशा ऐसे लगाया गया है ताकि सूरज की रोशनी गांव के ऊपर धूप बनकर पड़े। इस शीशे से दिन में 6 घंटे लाइट रिफ्लेक्ट होती है और गांव में रोशनी रहती है। इस शीशा को पहाड़ की दूसरी तरफ लगाया गया है। इस शीशे को कंप्यूटर से ऑपरेट करते रहते हैं। विगल्लेना गांव के लोगों ने इस प्रकार अपना खुद का नया सूरज बना डाला है। गांव वालों ने विज्ञान और तकनीक की मदद से इस समस्या से निजात पा लिया।


## इस प्रोजेक्ट पर आया इतना खर्च

बता दें, जिस विशाल शीशे से गांव तक सूरज की रोशनी पहुंचती है, उसका वजन 1.1 टन है। इसे कंप्यूटर की मदद से ऑपरेट किया जाता है। पियर फ्रांको मिडाली ने बताया था कि यह मैटीरियल 95 फीसदी सूर्य की रोशनी को परिवर्तित करता है। इस प्रोजेक्ट में 1 लाख यूरो का खर्च आया था।

## बदली गांव की किस्मत

'विगनेला' के पूर्व मेयर मिदाली ने एक इंटरव्यू में कहा था, ये प्लान किसी वैज्ञानिक उद्देश्य से नहीं बनाया गया, बल्कि इसकी मानवीय वजह थी। सर्दियों में ये शहर ठंड और अंधेरे से भर जाता था और इसी वजह से लोगों ने इस इलाके से पलायन करना भी शुरू कर दिया था। लेकिन अब यहां धूप आती है और हालात अच्छे हैं। इस घटना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान खींचा और कई विदेशी अखबार इस गांव और मिरर की कहानी देखने पहुंचे। अब ये गांव आर्टिफिशियल सन की वजह से काफी फेमस हो चुका है।





# रेलवे ट्रैक पर क्यों पड़े होते हैं बड़े-बड़े पत्थर? इसे क्या कहते है?

**क्या आपने कभी सोचा है कि रेलवे नेटवर्क का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा क्या है? जी हाँ, यदि आप रेलवे ट्रैक को इसका सही उत्तर मानते है तो यह बिलकुल सही है। लेकिन क्या आप यह जानते है की इसमें बड़े-बड़े पत्थरों को क्यों बिछाया जाता है? और इन्हे क्या कहते है? तो चलिए इस खबर में हम आपको बताते है इसे क्या कहते है।**

रेलवे ट्रैक पर बिछाए जाने वाले इन पत्थरों को ट्रैक बैलेस्ट कहा जाता है। दरअसल ये पत्थर रेलवे ट्रैक पर क्यों बिछाए जाते हैं, इसके पीछे का कारण कुछ यूनिक और बहुत ही रोचक तथ्य को उजागर करता है। जानकारी के अनुसार इन ट्रैक बैलेस्ट का मुख्य काम यह होता है कि ये ट्रैक को स्थिर और सुरक्षित बनाए रखे। दरअसल ये नुकीले और बड़े पत्थर इसलिए रखे जाते हैं ताकि ट्रेनों के दबाव के कारण वे फिसलने नहीं पाए। दरअसल इनको बिछाने से ट्रेनों की गति को सुनिश्चित करने में मदद मिलती है और ट्रैक क्रैकिंग का खतरा कम होता है।

## रेलवे लाइन का फिसलने का खतरा कम

साथ ही, ये पत्थर ट्रैक के पास घास-फूस, बिखरने वाली मिट्टी ये सब बारिश से ट्रैक को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। दरअसल जब बारिश होती है, तो ये पत्थर ट्रैक को पानी से दूर रखने में मदद करते हैं, जिससे रेलवे लाइन का फिसलने का खतरा कम होता है। इतना ही नहीं इसके अलावा, ये पत्थर ट्रेनों के चलने के समय उत्पन्न होने वाली ध्वनि को भी नियंत्रित करते हैं। जानकारी के अनुसार इसपर जब ट्रेनें चलती हैं, तो इन पत्थरों की गुरुत्वाकर्षण शक्ति से होने वाली कंपन को काफी हद तक रोका जा सकता है। जिससे यात्रियों को इसपर चलने में अधिक सुरक्षा मिलती है।

## साइंटिफिक दृष्टिकोण?

वहीं यदि इसे एक साइंटिफिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो, दरअसल ट्रैक पर बिछाए जाने वाले ये पत्थर रेलवे लाइन के निर्माण और संचालन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसी से यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का आनंद मिलता है। वहीं इसके साथ ही, ये पत्थर कई तकनीकी परियोजनाओं में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे की ट्रैक की मरम्मत के समय, निर्माण करते समय यही ट्रैक का सहारा बनते है, और रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा को भी इनसे बढ़ावा मिलता है। दरअसल आपको जानकर हैरानी होगी की इनके बिना, रेलवे सेवाओं का संचालन सम्भव नहीं हो सकता।



# क्या हवाई जहाज में भी हॉर्न होता है?

विमान से आपने कई बार यात्रा किया होगा। विमान में कई ऐसी चीजें होती हैं जिसके बारे में हमें पता नहीं होता। विमान में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई खास चीजों का भी इस्तेमाल किया जाता है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि विमान में हॉर्न क्यों होता है।

## क्या हवाई जहाज में भी हॉर्न होता है?

जी हां, हवाई जहाज में भी हॉर्न होता है। जहाज का हॉर्न एक अलार्म की तरह होता है। इसके जरिए केबिन के सदस्य अन्य स्टाफ से संपर्क करते हैं। वहीं किसी भी समस्या के दौरान हॉर्न के जरिए ही अलर्ट किया जाता है। वही जब फ्लाइट टेक ऑफ होता है तो उस दौरान भी इसी हॉर्न के माध्यम से ग्राउंड स्टाफ को सुचित किया जाता है। वहीं विमान जब लैंड करता है तो प्लेन के बाहर काफी शोर होता है। इस शोर के कारण किसी को बुलाने के लिए काफी तेज आवाज लगानी होती हैं। हालांकि इस हॉर्न से सभी को पता लग जाता है। ऐसे में प्लेन में हॉर्न का होना काफी ज्यादा जरूरी होता है।


## कई तरह के होते हैं हॉर्न

विमान के अंदर एक नहीं कई हॉर्न होते हैं। एक हॉर्न GND यानी ग्राउंड लिखा होता है। इसे दबाते ही अलर्ट का सूचना मिल जाता है। इसके अलावा विमान में ऑटोमैटिक हॉर्न होते हैं। जो किसी भी समस्या के आते ही खुद से अलर्ट देने लगते हैं।

## उड़ते हुए प्लेन से निकलता है पानी

कई बार आपने देखा होगा कि प्लेन से पानी निकल रहा है। ये ड्रेन का पानी नहीं होता है। कई लोगों को लगता है कि यह ड्रेन का पानी है हालांकि यह एयर कंडीशनिंग सिस्टम की वजह से बनने वाले वाटर वेपर के जम जाने की वजह से पानी आता है और यह पानी प्लेन के नीचे निकलता दिखता है।

# हवाई जहाज की गोल खिड़की का राज?



**हवाई जहाज में ट्रैवल करने का अनुभव बहुत अलग होता है। बहुत से लोगों के लिए हवाई जहाज में बैठना एक सपने की तरह भी होता है। बता दें कि हवाई जहाज का स्ट्रक्चर बहुत दिलचस्प होता है। अगर आप किसी एरोप्लेन की खिड़की देखेंगे, तो वो भी गोल आकार की होती है। बहरहाल ऐसा क्यों होता है, इसके पीछे की वजह बहुत कम लोग जानते हैं।**

## हवाई जहाज की खिड़की क्यों होती है गोल

कतर एयरलाइंस की पायलेट प्रियंका बिष्ट बताती हैं, किसी भी हवाई जहाज के खिड़की पर आप गौर करेंगे तो समझ आएगा कि उसका कोना नहीं है। इसके पीछे एक अहम वजह। दरअसल खिड़की का कोना ना होने से प्रेशर नहीं बनता है। अगर हवाई जहाज की खिड़की में प्रेशर बनेगा तो वो चटक कर टूट जाएंगी और सारी हवा हवाई जहाज के अंदर आ जाएगी। यह कुछ कारण हैं जिन्हें ध्यान में रखकर हवाई जहाज की शेप निर्धारित की जाती है।

## पहले हवाई जहाज की खिड़की चोकोर क्यों होती थी?

हवाई जहाज की खिड़की का डिजाइन शुरुआत से गोल नहीं हुआ करता था। पर 1953 और 1954 के आसपास एक हादसा हुआ, जिस वजह से यह बिंदु सामने आया कि हवाई जहाज की चोकोर शेप यात्रियों की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। अगली बार जब भी यात्रा करेंगे आपको यह बात जरूर याद आएगी कि डिजाइनर ने हवाई जहाज की खिड़की के लिए गोल शेप क्यों चुनी।

## हवाई जहाज की खिड़की पर क्यों होता है होल?

हवाई जहाज की गोल खिड़की पर एक चोटा सा होल भी दिया गया होता है। यह भी प्रेशर को देखते हुए ही दिया गया होता है। ऐसा ना होने पर भी हवाई जहाज का बैलेंस बिगड़ सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### यस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक पर आरबीआई की बड़ी कार्रवाई, लगाया करोड़ों का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने प्राइवेट सेक्टर के दो बड़े बैंकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने यस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक पर कार्रवाई करते हुए करोड़ों का जुर्माना लगाया है। बैंकिंग रेगुलेटर का कहना है कि यस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक केंद्रीय बैंक के कई नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इसके चलते यस बैंक पर 91 लाख रुपए और आईसीआईसीआई बैंक पर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

#### इस कारण लगा जुर्माना

आरबीआई ने हाल ही में जानकारी दी कि दोनों बैंक कई दिशानिर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे। आरबीआई के मुताबिक यस बैंक पर कस्टमर सर्विस और इंटरनल एंड ऑफिस अकाउंट से जुड़े दिशानिर्देशों के उल्लंघन का आरोप था। आरबीआई के सामने ऐसे कई केस आए जहां बैंक ने पर्याप्त बैलेंस न होने पर कई अकाउंट से चार्ज वसूला। साथ ही इंटरनल एंड ऑफिस अकाउंट से अवैध गतिविधियां की जा रही थीं। आरबीआई ने अपने मूल्यांकन में पाया कि साल 2022 के दौरान यस बैंक की ओर से ऐसा कई बार किया गया। बैंक ने फंड पार्किंग और कस्टमर ट्रांजेक्शन को रूट करने जैसे अवैध उद्देश्यों के लिए अपने ग्राहकों के नाम पर कुछ इंटरनल अकाउंट खोले और चलाए थे। इन सभी निर्देशों का पालन करने के चलते बैंक पर 91 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक को लोन और एडवांस से जुड़े निर्देशों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। इसके लिए बैंक को 1 करोड़ का जुर्माना भरना पड़ेगा। बैंक ने आधी-अधूरी जांच पड़ताल के आधार पर कई लोन अप्रूव कर दिए, जिसके चलते बैंक को फाइनेंशियल रिस्क का सामना करना पड़ा। आरबीआई की जांच में बैंक की लोन मंजूरी प्रक्रिया में कमियां सामने आईं। बैंक ने कई प्रोजेक्ट की व्यवहारिकता और लोन चुकाने की क्षमता का विस्तृत विश्लेषण किए बिना कर्ज स्वीकृत किए थे।

### सैमसंग ने 5जी स्मार्टफोन की वृद्धि में उद्योग जगत को पीछे छोड़ा : कंपनी अधिकारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मार्टफोन विनिर्माता सैमसंग ने कहा कि 5जी स्मार्टफोन पर केंद्रित उसकी वृद्धि रणनीति के नतीजे अच्छे रहे हैं और इस साल की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी ने उद्योग जगत को पीछे छोड़ दिया है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स प्रभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू पुलन ने कहा कि समूचे मोबाइल फोन उद्योग की वृद्धि के लिए 5जी पर ध्यान केंद्रित करना अहम है। उन्होंने कहा, ''मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मार्च तिमाही में हम 5जी के अंशदान के मामले में उद्योग की वृद्धि से आगे बढ़ रहे हैं। इसने हमें 5जी स्मार्टफोन खंड में 26.6 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ नंबर एक बना दिया है। पुलन ने कहा कि भारतीय बाजार में 20,000-30,000 रुपए का खंड स्मार्टफोन श्रेणी में सबसे तेजी से बढ़ने वाला हिस्सा है। इसी को ध्यान में रखते हुए सैमसंग ने अपना नया स्मार्टफोन गैलेक्सी एफ55 5जी भारतीय बाजार में पेश किया जिसे भारत को ध्यान में रखते हुए भारत में ही बनाया गया है।

# मोदी सरकार ने 10 साल में बजट को दिया नया रूप: सीतारमण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले 10 सालों में केंद्रीय बजट को एक नया रूप प्रदान किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने बजट को खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान वितरण के रणनीतिक खाके में तब्दील किया है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार करदाताओं के पैसे का सर्वोत्तम संभव इस्तेमाल करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है।

#### 108 केंद्र प्रायोजित योजनाओं का संचालन

सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के जरिए 108 केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का संचालन करती है, जिसका बजट वित्त वर्ष 2024-25 के लिए करीब 5.01 लाख करोड़ रुपए है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 4.76 लाख करोड़ रुपए थे।

#### सीतारमण ने सोशल मीडिया पर लिखा

सीतारमण ने कहा कि पारदर्शी बजट वाले देशों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा ज्यादा अनुकूल रूप से देखा जाता है। इससे वैश्विक विश्वास में सुधार हो सकता है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा कि यह इंडियन नेशनल कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की 'ऑफ-बजट' उधारी और 'ऑयल बॉन्ड' जारी करने के जरिए घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर ट्रांसफर कर दिया।

#### बजट की विश्वसनीयता में काफी सुधार

संप्रग के तहत बजट आंकड़ों को अनुकूल दिखाने के लिए मानक राजकोषीय प्रथाओं को नियमित रूप से बदला गया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में पुरानी बाधाओं और प्रथाओं को पीछे छोड़ते हुए केंद्रीय बजट की विश्वसनीयता में काफी सुधार देखा गया है। सीतारमण ने कहा कि हमारी सरकार ने बजट को सिर्फ खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के रणनीतिक खाके में बदल दिया है। हम अपने करदाताओं से जमा किए गए हर रुपए का विवेकपूर्ण और सही इस्तेमाल करते हैं।

# भारत के लिए दिग्गज इकनॉमिस्ट का इनहेरिटेंस टैक्स का सुझाव, रघुराम राजन ने बखिया उधेड़ डाली!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन ने वेल्थ और इनहेरिटेंस टैक्स जरिये धन-दौलत के रीड्रिस्ट्रीब्यूशन के पारंपरिक तरीकों की प्रभावशीलता पर चिंता जताई है। उनका तर्क है कि अमीर इन टैक्सों से बचने के तरीके आसानी से खोज सकते हैं। राजन की राय अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी के हाल ही में लिखे गए शोध पत्र के जवाब में थी। पिकेटी ने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति पर 2 फीसदी टैक्स और 33 फीसदी इनहेरिटेंस टैक्स लगाने की वकालत की है। इन उपायों का उद्देश्य भारत में बढ़ती असमानता को दूर करना और सामाजिक क्षेत्र के निवेश के लिए धन आवंटित करना है। पिकेटी के शोध पत्र का शीर्षक भारत में अत्यधिक असमानताओं से निपटने के लिए संपत्ति कर पैकेज के लिए प्रस्ताव है। इसमें अमीरों पर कॉम्प्रिहेंसिव टैक्स पैकेज का प्रपोजल किया गया है। इंडिया .ग्लोबल लेफ्ट के पॉडकास्ट में राजन ने कहा, मुझे एक भी ऐसा देश दिखाइए जिसने कहीं भी गंभीर वेल्थ टैक्स वसूला हो और मैं इस पर पिकेटी को चुनौती देता हूं। कोई भी सार्थक वेल्थ टैक्स लीजिए और मुझे एक भी ऐसा देश दिखाइए जिसने इस पर बहुत टैक्स वसूला हो।

राजन ने इस बात पर जोर दिया कि इन टैक्स को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर रहना काफी नहीं है। उन्होंने अमेरिका जैसे देशों के उदाहरण दिए, जहां वेल्थ टैक्स लगाने के प्रयासों के बावजूद वास्तविक कलेक्शन की रकम न्यूनतम है। अमीरों पर टैक्स लगाकर स्तर को नीचे लाने के बजाय राजन छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए अधिक अवसर पैदा करके स्तर को ऊपर उठाने की वकालत करते हैं। राजन उद्योगों में किसी भी एकाधिकारवादी व्यवहार को रोकने के लिए मजबूत प्रतिस्पर्धा आयोग के गठन की बात करते हैं। राजन के मुताबिक, यह छोटे और मध्यम क्षेत्रों के लिए अधिक अवसर पैदा करने में कहीं अधिक प्रभावी होगा... एक बेहतर वित्तीय प्रणाली जो न केवल बड़े लोगों को बल्कि इन क्षेत्रों को कर्ज देती हो। राजन ने जिक्र किया कि टैक्सेशन से मुख्य रूप से अपर मिडिल क्लास प्रभावित होगा। उन्होंने कहा, वे पहले से ही ज्यादा टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। वेतनभोगी होने के कारण वे वास्तव में अपनी आय से उत्पन्न टैक्सों का भुगतान करते हैं। यह बहुत अमीर लोगों पर असर नहीं डालेगा। कारण है कि वे इससे बचने के लिए हर तरह के तरीके खोज लेंगे। मेरा विश्वास करें कि अगर वे ऐसा नहीं कर सके तो एक ऐसी प्रक्रिया तैयार कर देंगे जो इसे कर देगी। राजन जोर देते हैं कि टैक्सों के जरिये धन समानता हासिल करने के लिए सिर्फ साम्यवादी क्रांति जैसे चरम उपाय की जरूरत होगी। ऐसी क्रांति स्थिर समाधान प्रदान करने के बजाय हिंसा और गरीबी की ओर ले जाती है। राजन निष्पक्ष टैक्स प्रथाओं के महत्व पर जोर देते हैं। वह उन खामियों को दूर करने की जरूरत पर भी प्रकाश डालते हैं जो आय को पूंजीगत लाभ के रूप में छिपाने की इजाजत देती हैं।

## सोभा लिमिटेड की इस साल 2,000 करोड़ रुपए का राइट्स इश्यू लाने की तैयारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी सोभा लिमिटेड ने अगले पांच साल में अपनी इक्विटी पूंजी को चार गुना बढ़ाकर 10,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है और वह चालू वित्त वर्ष में करीब 2,000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए राइट्स इश्यू लाने वाली है। दुबई स्थित सोभा ग्रुप की कंपनी सोभा लिमिटेड के निदेशक मंडल ने राइट्स इश्यू के जरिये 2,000 करोड़ रुपए जुटाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है।

कंपनी के चेयरमैन रवि मेनन ने हाल ही में कहा कि वह कंपनी की इक्विटी बढ़ाने की योजना के तहत राइट्स इश्यू लाने जा रहे हैं। इससे वृद्धि के लिए वित्त जुटाने में मदद मिलेगी। राइट्स इश्यू में कंपनी में 52 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले प्रवर्तक शिरकत करेंगे। इसके बाद कंपनी का इक्विटी पूंजी आधार 2,500 करोड़ रुपए के मौजूदा स्तर से बढ़कर 4,500 करोड़ रुपए हो जाएगा। सोभा लिमिटेड के मानद चेयरमैन पीएनसी मेनन ने कहा, ''अगले चार-पांच वर्षों के भीतर हमारी इक्विटी पूंजी बढ़कर 10,000 करोड़ रुपए तक हो जानी चाहिए। हम कर्ज के मोर्चे पर भी काफी हद तक अनुशासित हैं।

दक्षिण भारत के रियल एस्टेट बाजार में सक्रिय कंपनी ने अपने विस्तार के लिए आक्रामक योजना बनाई है और जल्द ही वह मुंबई के लक्जरी आवासीय बाजार में भी कदम रखने जा रही है। इसके लिए वह मुंबई क्षेत्र में जमीनों की खरीद एवं अधिग्रहण की कोशिशों में लग गई है। मेनन ने कहा, ''हम दुबई के अपने कारोबारी तौर-तरीके मुंबई में भी आजमाने जा रहे हैं। हालांकि, इस प्रक्रिया में लागत बढ़ जाती है और उत्पाद महंगे हो जाते हैं लेकिन भारत में मुंबई ही वह शहर है जो इसका भुगतान कर सकता है।

## कभी फ्लिपकार्ट में थे डिलीवरी बॉय, आज करोड़ों की कंपनी के मालिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज हम आपको ऐसे शख्स से मिलाने जा रहे हैं जिन्होंने मुश्किलों के सामने कभी घुटने नहीं टेके। उनका नाम शैलेश कुमार है। वह बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने 2018 में सीएबीटी लॉजिस्टिक्स की नींव रखी थी। शैलेश को अपने पेशेवर सफर में कई शुरुआती असफलताओं का सामना करना पड़ा। लेकिन, उन्होंने हार नहीं मानी। आज उनकी कंपनी करोड़ों की बन चुकी है। आइए, यहां शैलेश की सफलता के बारे में जानते हैं।

#### एक कमरे के घर में पले-बढ़े

शैलेश कुमार पांच लोगों के साथ एक कमरे के घर में पले-बढ़े। उनके तीन भाई-बहन थे। उन्हें समझ में आ गया था कि शिक्षा ही उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की एकमात्र कुंजी है। उनके पिता की मासिक आय 1,400 रुपये थी। शैलेश कुमार का जन्म 1986 में हुआ था। वह कपिल देव की अगुआई वाली भारतीय क्रिकेट टीम की कहानी सुनते हुए बड़े हुए जिसने 1983 में विश्व कप जीता था। अपनी शुरुआती शिक्षा पूरी करने के बाद शैलेश कुमार आईआईटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा चले गए। हालांकि, वह इसमें सफल नहीं हुए। इसके बाद शैलेश वापस बिहार लौट आए और अन्य इंजीनियरिंग परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। पिता के कहने पर उन्होंने पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया। 2011 में कुमार ने बीटेक की डिग्री हासिल की। उनकी अगली चुनौती ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग पास करना था। इसे वह पास करने में कामयाब रहे। लेकिन, दुर्भाग्य से उज्ज्वल भविष्य के दरवाजे बंद रहे। खराब अंक और कम रैंक ने संकेत दे दयिा था कि उन्हें फिर से शुरुआत करनी होगी। फ्लपिकार्ट में डिलीवरी बॉय की नौकरी शैलेश को धीरे-धीरे समझ आने लगा कि उनके लिए कहीं और ही रास्ता है। कई छोटे-मोटे काम करने के बाद 2017 में उन्होंने फ्लिपकार्ट ज्वाइन की। वह यहां डिलीवरी बॉय थे। कंपनी से मिले अनुभव लेकर उन्होंने इसके एक साल बाद ही अपनी खुद की कंपनी सीएबीटी लॉजिस्टिक्स शुरू कर दी। कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद सीएबीटी ने फ्लपिकार्ट पर केंद्रित मॉडल से ग्राहकों की अधिक विविध श्रेणी की सेवा करने के लिए खुद को बदल लिया। वित्त वर्ष 2019-20 में जिस कंपनी का रेवेन्यू 1.7 करोड़ रुपये था, वही वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 159.22 करोड़ रुपये हो गया।

शुरुआत में कुछ शहरों पर फोकस किया। अब यह 23 राज्यों में 2,000 कर्मचारियों और 12,000 पिन कोड को कवर करने वाले विशाल नेटवर्क के साथ काम करती है। सीएबीटी को एक शीर्ष इंट्रा-सिटी लॉजिस्टिक्स फर्म के रूप में मान्यता प्राप्त है।

# हुंदई भारत में ला सकती है 3 अरब डॉलर का आईपीओ, कोटक महिंद्रा और मॉर्गन स्टेनली को बनाया सलाहकार




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हुंदई मोटर कंपनी भारत में अपनी यूनिट का आईपीओ लाने की योजना बना रही है। इसके लिए उसने कोटक महिंद्रा बैंक और मॉर्गन स्टेनली को सलाहकार के रूप में शामिल किया है। यह भारत के सबसे बड़े आईपीओ में से एक हो सकता है। अभी तक सिटीग्रुप, एचएसबीसी और जेपी मॉर्गन को सलाहकार के रूप में चुना गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस आईपीओ से भारत की दूसरी सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी को करीब 2.5 अरब डॉलर मिल सकते हैं।

इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिव्यू की रिपोर्ट के अनुसार हुंदई मोटर इंडिया लिमिटेड जून में आईपीओ के लिए अर्जी दाखिल करने की योजना बना रही है। ढ्डस्नक्र ने यह भी कहा है कि कोटक और मॉर्गन स्टेनली इस प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक यह आईपीओ करीब 3 अरब डॉलर तक जुटा सकता है।

2.5 से 3 अरब डॉलर का यह आइपीओ भारतीय जीवन बीमा निगम के 2022 के आईपीओ जितना बड़ा हो सकता है, जिसने उस वक्त करीब 20,600 करोड़ रुपये (2.5 बिलियन) जुटाए थे। बैंकों की यह लिस्ट अभी बदल भी सकती है और शेयर बिक्री के आकार और समय को लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अगर दक्षिण कोरियाई कंपनी आइपीओ के लिए आगे बढ़ती है, तो वह जुटाए गए धन का इस्तेमाल अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए करेगी।

पिछले सात महीनों में भारत का बीएसई सेंसेक्स स्टॉक इंडेक्स करीब 20 फीसदी चढ़ चुका है और रिकॉर्ड ऊंचाई पर कारोबार कर रहा है। हालांकि, आगामी राष्ट्रीय चुनाव (जिनका मतदान शनिवार को खत्म होना है) से पहले बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ रहा है। भारत के शेयरों में उतार-चढ़ाव का पैमाना आज दो साल के लगभग उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## मालिक ने बेच दिए 48 लाख शेयर, गेमिंग कंपनी के शेयरों में आई तूफानी तेजी, झुनझुनवाला का है बड़ा दांव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयरों में यह तेज उछाल एक बड़े अपडेट के बाद आया है। नजारा टेक्नोलॉजीज के शेयर मंगलवार को 7 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 725.40 रुपये पर पहुंच गए हैं। गेमिंग कंपनी के शेयरों में पिछले 2 दिन में 17 पर्सेंट से अधिक उछाल आया है। नजारा टेक्नोलॉजीज के शेयर सोमवार को 673.10 रुपये पर बंद हुए थे। नजारा टेक्नोलॉजीज के प्रमोटर ने कंपनी में बड़ी हिस्सेदारी बेची है। नजारा टेक्नोलॉजीज की प्रमोटर मिटर इंफोटेक एलएलपी ने कंपनी में 6.38 पर्सेंट हिस्सेदारी बेच दी है। प्रमोटर ने 620.5 रुपये प्रति शेयर के दाम पर नजारा टेक्नोलॉजीज के करीब 48 लाख शेयर बेचे हैं। 31 मार्च 2024 तक के डेटा के मुताबिक, मिटर इंफोटेक एलएलपी की नजारा टेक्नोलॉजीज में 13.75 पर्सेंट हिस्सेदारी थी। मिटर इंफोटेक से यह हिस्सेदारी प्लूटस वेल्थ मैनेजमेंट ने बल्क डील्स के जरिए खरीदी है। नजारा टेक्नोलॉजीज में प्लूटस वेल्थ मैनेजमेंट की 6.63 पर्सेंट हिस्सेदारी थी। प्लूटस वेल्थ मैनेजमेंट साल 2020 से ही नजारा टेक्नोलॉजीज में प्री-आईपीओ इनवेस्टर है।

# सरकारी एजेंसियों के सरसों खरीदने से किसानों को राहत, पर कीमत बढ़ने से ग्राहक परेशान



**मुंबई एजेंसी।** सरकार की ओर से सरसों की खरीदारी करने से किसानों को तो लाभ मिल रहा है लेकिन इसकी वजह से सरसों के तेल के भाव में तेजी आई है और आदमी को सरसों के तेल के लिए अधिक खर्च करना पड़ रहा है। वहीं जीरे के दाम में भी तेजी देखी जा रही है। पिछले दिनों दाल के भाव में बढ़ोतरी देखने को मिली थी, तो अब सरसों के तेल के साथ मसाले में जीरे ने भी भाव का तड़का लगा दिया है। एक महीने में जीरे के भाव 260 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 385 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही सरसों के तेल के भाव में 16 रुपये प्रति किलो की तेजी आई है।

जानकारों का कहना है कि इसकी मुख्य वजह सरकारी एजेंसियों द्वारा सरसों की खरीदी की जानी है। इससे किसानों को तो राहत मिल गई है लेकिन आम आदमी को सरसों के तेल के लिए अधिक खर्च करना पड़ रहा है। सरसों का तेल 1030 रुपए प्रति 10 किलो से बढ़कर 1190 रुपये प्रति 10 किलो पर पहुंच गया है।

#### भाव बढ़ने के प्रमुख कारण

अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया (कैट) महाराष्ट्र के महामंत्री शंकर ठक्कर ने बताया कि सरसों तेलों में अचानक से तेजी आने की वजह कुछ बड़े खिलाड़ियों द्वारा खेल किया गया है ऐसा दिख रहा है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेलों के दामों में बड़ी वृद्धि नहीं हुई है लेकिन देसी तेल जिसमें खासकर मूंगफली और सरसों के दामों में बड़ी वृद्धि देखने को मिल रही है, हालांकि चुनाव के बीच सरकारी एजेंसियों ने आक्रामकता से सरसों की खरीदी की है। इससे किसानों को थोड़ी राहत मिली है और दाम एमएसपी के करीब पहुंच गए हैं। लेकिन ग्राहकों को परेशानी हो रही है। जानकारों का कहना है कि बीते कुछ दिनों सरसों के दाम में जो तेजी है उसके पीछे का कारण सोयाबीन के उत्पादक देश ब्राजील में बाढ का आना है। इस वजह से सरसों के तेल की मांग बढ़ी है। विदेश में भी भाव बढ़े और वहां से आयात होते तेल के भाव में थोड़ी मजबूती आई। एक अन्य कारोबारी राहुल जैन का कहना है कि देश में सरसों की पैदावर अधिक होने की बात कही जा रही है, लेकिन अब पैदावार का अनुमान अब 25 प्रतिशत कम कहा जा रहा है। सरसों तेल के उद्यमी गोविंद सिंह बताते हैं कि सरसों के तेल के दाम पिछले कुछ दिनों में बढ़े हैं। इसी तरह इसकी खली के दामों में बढ़ोतरी हो रही है। उनका कहना है तेजी आगे जारी रहने का अनुमान है। बड़ी फैक्ट्रियों की मांग पूरी न होने की वजह से भी सरसों के भाव में तेजी आई है। जीरे के भाव में आई तेजी पर मुंबई के मसाला थोक व्यापारी हरि गाला का कहना है कि जीरा की पैदावार अधिकतर गुजरात में होती है। जबकि इस साल जीरा की पैदावार अच्छी हुई है लेकिन पिछले साल के भाव को देखते हुए कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भंडारण और किसानों ने जीरा को बाजार में आने से रोक लिया है इसके कारण जीरा के भाव में तेजी देखने को मिल रही है।

# दूरसंचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम शुल्क की किस्तों के साथ जीएसटी का करना होगा भुगतान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम शुल्क के भुगतान के साथ-साथ माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भी भुगतान करना होगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। दूरसंचार विभाग (डीओटी) मोबाइल फोन सेवाओं के लिए आठ स्पेक्ट्रम बैंड के लिए स्पेक्ट्रम नीलामी का अगला दौर छह जून को आयोजित करेगा। नीलामी के लिए आधार मूल्य 96,317 करोड़ रुपए तय किया गया है। स्पेक्ट्रम 20 साल के लिए आवंटित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं को आगामी 'मेगा नीलामी में 20 समान वार्षिक किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी।

अधिकारी ने कहा कि दूरसंचार कंपनियों को प्रत्येक किस्त के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करना होगा। अधिकारी ने कहा, ''जीएसटी परिषद अपनी अगली बैठक में स्पेक्ट्रम नीलामी के दौरान बोली जीतने वाली कंपनियों द्वारा जीएसटी भुगतान की प्रक्रिया को स्पष्ट कर सकती है। स्पष्टीकरण से नीलामी प्रक्रिया में जीएसटी संग्रह की विधि के संबंध में क्षेत्रीय अधिकारियों के बीच भ्रम समाप्त हो जाएगा। 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1,800 मेगाहर्ट्ज, 2,100 मेगाहर्ट्ज, 2,300 मेगाहर्ट्ज, 2,500 मेगाहर्ट्ज, 3,300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज बैंड में सभी उपलब्ध स्पेक्ट्रम नीलामी का हिस्सा हैं। नीलामी की जा रही कुल 'फ्रीक्वेंसी का मूल्य 96,317 करोड़ रुपए है। .लेखा व परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि जीएसटी कानून के तहत स्पेक्ट्रम भुगतान अन्य प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल के अधिकार के लिए लाइसेंसिंग सेवाओं के अंतर्गत आता है, जिसपर 18 प्रतिशत कर लगाया जाता है। मूर सिंघी, मूर ग्लोबल की भारतीय सलाहकार इकाई है। मोहन ने कहा, ''स्पेक्ट्रम शुल्क एक निश्चित अवधि में चरणबद्ध तरीके से अदा करना होता है। इस प्रकार कर भुगतान भी अलग-अलग होगा।



# 5-10 रुपये के लिए तरसा हूं, अब तो लाखों मिल रहे...

## IPL में कम सैलरी पर रिंकू सिंह का गजब जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिंकू सिंह ने पिछले दो साल में अपनी अलग पहचान बना ली है। आईपीएल 2023 में लगातार 5 गेंदों पर 5 छक्के मारकर केकेआर को जीत दिलाने के बाद रिंकू ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारत के लिए टी20 क्रिकेट में उन्होंने कई कमाल की पारी खेली। हालांकि आईपीएल 2024 में उम्मीद के मुताबिक रिंकू का बल्ला नहीं बोला। फिर उन्हें टी20 वर्ल्ड कप टीम में भी जगह नहीं मिली। हालांकि रिंकू को रिजर्व में रखा गया है और उन्होंने पहली बार आईपीएल का खिताब भी जीत लिया।

### रिंकू को केकेआर देती है सिर्फ 55 लाख

रिंकू सिंह की आईपीएल सैलरी कई लोगों को हैरान कर देगी। उन्हें केकेआर से खेलने के लिए सिर्फ और सिर्फ 55 लाख रुपये मिलते हैं। रिंकू को 2022 की नीलामी में केकेआर ने खरीदा था। उस समय उनका नाम इतना बड़ा नहीं था। इसी वजह से नीलामी में बड़ी बोली नहीं लगी। अब रिंकू धमाका मचा रहे हैं लेकिन फिर भी उसी सैलरी में खेलना पड़ रहा है। वहीं कई अनकैप्ड खिलाड़ी आईपीएल में लाखों की सैलरी पा रहे हैं।

### आईपीएल में कम सैलरी पर क्या बोले रिंकू

आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के बाद रिंकू सिंह से कम सैलरी के बारे में सवाल किया गया। दैनिक जागरण को दिए इंटरव्यू में रिंकू ने कम सैलरी पर कहा, 50-55 लाख भी बहुत होता है। जब शुरू किया था तब इतना भी नहीं सोचा था कि इतना कमाएंगे। उस समय बच्चे थे, तब 5-10 रुपये भी लगता था कि कैसे भी मिल जाएं। अब 55 लाख रुपये मिल रहे हैं तो यह बहुत है, ऊपर वाला जितना दे उसमें खुश रहना चाहिए। यह मेरी सोच तो यही है। मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता कि मुझे इतने पैसे मिलने चाहिए थे और उतने मिलने चाहिए थे। मैं 55 लाख रुपये में भी बहुत खुश हूं। जब ये नहीं हुआ करते थे तब पता चलता था कि पैसों का मूल्य कितना होता है।

### अमेरिका के लिए उड़ान भरेंगे रिंकू

रिंकी सिंह 28 मई यानी आज अमेरिका के लिए उड़ाए भरेंगे। टी20 वर्ल्ड कप की टीम में शामिल कोई भी भारतीय खिलाड़ी आईपीएल के फाइनल में नहीं पहुंचा था। रिजर्व खिलाड़ियों में भी सिर्फ रिंकू ही आईपीएल का फाइनल खेले थे।

## अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को ICC ने दिया 'लिस्ट-ए का दर्जा

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक 'लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया है। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है। आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा।



फ्रेंच ओपन

## जन्मदिन से पहले राफेल नडाल को लगा झटका, पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दी करारी शिकस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राफेल नडाल को जन्मदिन से पहले तगड़ा झटका लगा है। सोमवार को खेले गए मुकाबले के पहले दौर में 14 बार के चैंपियन को अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा।

राफेल नडाल को जन्मदिन से पहले तगड़ा झटका लगा है। सोमवार को खेले गए मुकाबले के पहले दौर में 14 बार के चैंपियन को अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। तीन जून को नडाल 38 वर्ष के हो जाएंगे। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव से 6-3, 7-6 (7/5), 6-3 से हार गए। 2005 में खिताब जीतने के बाद रोलांड गैरोस में 116 मैचों में उनकी यह चौथी हार है। ऐसा पहली बार हुआ कि वह पेरिस में शुरुआती दौर में हार गए थे।

### पहले दौर से बाहर हुए नडाल की वापसी पर सस्पेंस बरकरार

तीन घंटे तक चले खेल में अधिकांश समय अपने प्रतिद्वंद्वी के हावी रहने के बावजूद, नडाल ने अपने कुछ पुराने शॉट्स के माध्यम से मैच में वापसी के लिए संघर्ष जारी रखा। हार के बावजूद उनके समर्थकों ने उनका भरपूर समर्थन किया। इसके लिए नडाल ने उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह उनकी टूर्नामेंट में आखिरी उपस्थिति है या नहीं कहना मुश्किल है। उन्होंने कहा, मेरे लिए बात करना कठिन है। मुझे नहीं पता कि यह आप सभी के सामने आखिरी बार होगा या नहीं। मुझे यकीन नहीं है। लेकिन अगर यह आखिरी बार है तो मैंने इसका आनंद लिया। आज मेरे मन में जो भावनाएं हैं उन्हें शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। मेरे लिए उस जगह के लोगों का प्यार महसूस करना बहुत खास है, जिसे मैं सबसे ज्यादा प्यार करता हूं।



पेरिस ओलंपिक

## उद्घाटन समारोह में पारंपरिक पोशाक में नजर आएंगे भारतीय एथलीट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2012 के लंदन ओलंपिक तक भारतीय दल ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पगड़ी (पुरुष खिलाड़ी) और साड़ी (महिलाएं) की पारंपरिक पोशाक में उतरता था, लेकिन 2016 के रियो ओलंपिक में पुरुषों के सिर से पगड़ी को हटा दिया गया।

इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और भारतीय एथलीट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा दम लगाने को तैयार हैं। चार साल में होने वाले खेल के इस महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को लेकर एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। पेरिस ओलंपिक में पारंपरिक भारतीय पोशाक साड़ी की वापसी हो गई है। सीन नदी के तट पर होने वाले ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में बेटियां इस बार साड़ी में नजर आएंगी और पुरुष खिलाड़ी बंडी और कुर्ते में सजे-धजे होंगे। उद्घाटन समारोह में इस बार पुरुष और महिला खिलाड़ियों की पोशाक खास होगी। इस पोशाक को देखते ही दुनिया समझ जाएगी कि यह कोई और नहीं बल्कि भारतीय दल है। साड़ी के अलावा बंडी और कुर्ते में भारतीय झंडे के तीनों रंग होंगे। इस पोशाक से तिरंगे की छटा बिखरती नजर आएगी।

**लंदन ओलंपिक तक होती थी पगड़ी, साड़ी की पोशाक-** 2012 के लंदन ओलंपिक तक भारतीय दल ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में पगड़ी (पुरुष खिलाड़ी) और साड़ी (महिलाएं) की पारंपरिक पोशाक में उतरता था, लेकिन 2016 के रियो ओलंपिक में पुरुषों के सिर से पगड़ी को हटा दिया गया। 2018 के राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों से साड़ी को भी विदा कर दिया गया। टोक्यो ओलंपिक में महिला खिलाड़ी कोट और पैंट में नजर आईं। हालांकि बीते वर्ष हुए हांगझोऊ एशियाई खेलों में महिला खिलाड़ियों के परिधान में साड़ी को शामिल किया गया।

## वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम में प्रभावित नहीं कर सके सुमित नागल



# पहले दौर में खाचनोव से मिली हार

फ्रेंच ओपन

**पेरिस, एजेंसी।** नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में दुनिया के 31वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर चौंका दिया था लेकिन लाल बजरी पर वह अपना यह करिश्मा नहीं दोहरा पाए।

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल वर्ष के दूसरे ग्रैंडस्लैम फ्रेंच ओपन में प्रभावित नहीं कर सके और उन्हें टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच के पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। नागल को रूस के कारेन खाचनोव ने हराया। विश्व रैंकिंग में 95वें नंबर पर काबिज नागल के पास खाचनोव की दमदार सर्विस और करारे शॉट का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने तीसरे सेट में जरूर शानदार खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद वह 2-6, 0-6, 6-7 (5-7) से हार गए। नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में दुनिया के 31वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर चौंका दिया था लेकिन लाल बजरी पर वह अपना यह करिश्मा नहीं दोहरा पाए।

**अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख सके नागल-** मैच से पहले बारिश आने के कारण कोर्ट थोड़ा धीमा हो गया था जो लंबी रैलियों के लिए आदर्श था। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह खाचनोव थे जिन्होंने तीसरे गेम में नागल की सर्विस तोड़ी। इसके बाद बारिश के कारण 21 मिनट तक खेल रुका रहा। खेल शुरू होने पर रूसी खिलाड़ी ने जबरदस्त खेल दिखाया और नागल को पस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। खाचनोव ने दोनों छोर से शॉट लगाए और ऐसे में भारतीय खिलाड़ी के लिए अंक बनाना मुश्किल हो गया।

**खाचनोव के आगे टिक नहीं सके नागल-** पहले सेट के सातवें गेम में नागल एक समय 30-0 से आगे थे लेकिन खाचनोव ने लगातार चार अंक बनाकर दूसरा ब्रेक प्वाइंट लिया। रूसी खिलाड़ी ने इसके बाद अगले गेम में फोरहैंड विनर लगाकर पहला सेट अपने नाम किया। नागल को दूसरे सेट में अच्छी शुरुआत की जरूरत थी लेकिन उन्होंने पहले गेम में ही अपनी सर्विस गंवा दी।

इसके बाद भारतीय खिलाड़ी के पास भी दो बार ब्रेक लेने का मौका था लेकिन खाचनोव ने दोनों अवसरों पर अच्छी वापसी की। नागल इसके बाद अपनी अगली दोनों सर्विस का भी बचाव नहीं कर पाए और खाचनोव ने आसानी से यह सेट जीता। नागल ने तीसरे सेट में वापसी करके अपनी पहली सर्विस बचाई लेकिन तीसरे गेम में वह ऐसा नहीं कर पाए। इस बीच नागल ने दूसरे गेम में खाचनोव की सर्विस तोड़ने के दो मौके गंवाए।

## संक्षिप्त समाचार

### रिकवरी के दिनों को याद कर पंत ने कहा, दो महीने तक ब्रश भी नहीं कर सका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की कार दुर्घटना हाल के भारतीय क्रिकेट इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक थी। ऋषभ पंत जानलेवा कार दुर्घटना का शिकार होने के बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी कर पाएंगे या नहीं, इसको लेकर सस्पेंस बना हुआ था। लेकिन पंत ने कभी हार न मानने वाले रवैये के साथ आईपीएल 2024 के जरिए मैदान में वापसी की और अब टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा भी हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने एक भयानक दुर्घटना और काफी चोटों को झेलने के बाद अपना अनुभव



साझा किया, जिसमें उन्हें कई फैक्चर हुए और घुटने की चोट के लिए लिगामेंट पुनर्निर्माण और उपचार की आवश्यकता पड़ी। यह चोटें उनके करियर के लिए गंभीर थीं, लेकिन उन्होंने 15 महीने के रिहैबिलिटेशन के बाद हाल ही में आईपीएल 2024 में वापसी की। चोट से उबरने के दौरान आत्म-विश्वास बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि आपके आस-पास लोग तरह-तरह की बातें कह रहे हैं और आपको, एक व्यक्ति के रूप में यह सोचना होगा कि आपके लिए क्या अच्छा है। पंत ने जियोसिनेमा प्रीमियम पर अपने भारतीय टीम के साथी शिखर धवन द्वारा आयोजित एक मजेदार टॉक शो, धवन करेंगे के नए एपिसोड के दौरान खुलासा किया, जब मैं इसके बाद उठा, तो मुझे यह भी यकीन नहीं था कि मैं जीवित रह पाऊंगा या नहीं, लेकिन भगवान ने मुझे नया जीवन दिया। मैं दो महीने तक अपने दांत भी साफ नहीं कर सका और छह से सात महीने तक मुझे पीड़ा झेलनी पड़ी। मैं व्हीलचेयर में लोगों का सामना करने से घबरा रहा था।

### रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग का आल टाइम स्कोरिंग रिकॉर्ड तोड़ा

**रियाद, एजेंसी।** फुटबॉल के सर्वश्रेष्ठ फरवर्डों में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने शानदार करियर में एक और मुकाम हासिल कर लिया है। 39 वर्षीय रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग का आल टाइम स्कोरिंग रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सत्र के अपने आखिरी मैच में दो गोलों के साथ उनके गोलों की संख्या 35 पहुंच गयी है और उन्होंने अब्दर्रज्जाक हमदाल्लाह के 2019 में 34 गोलों की संख्या को पीछे छोड़ दिया है। अपने इस रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद उन्होंने सोशल



मीडिया का सहारा लिया और एक्स पर अपना एक बयान डालते हुए कहा, मैं रिकार्डों का पीछा नहीं करता, उलटे रिकॉर्ड मेरे पीछे आते हैं। अल -नासर ने सत्र का समापन दूसरे स्थान पर रहकर किया। वह अपने प्रतिद्वंद्वी अल- हिलाल से पीछे रहे, जिसका प्रदर्शन शानदार रहा और उसने 34 मैचों के सत्र में एक भी मैच नहीं गंवाया। पुर्तगाल के रोनाल्डो ने अपनी बेहतरीन क्षमता दिखाई और सर्वाधिक मदद करने में वह 11 मदद के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहे। पांच बार के चैंपियंस लीग विजेता 2023 में अल-नासर से जुड़े और फिर लीग में एक क्रांति ला दी। उनके आगमन ने यूरोप में बड़े नामों के खाड़ी क्षेत्र में आने का रास्ता साफ़ किया जिसमें करीम बेंजेमा, नेमार जूनियर और रियाद मेहराज शामिल हैं।

## टी20 विश्व कप - यशस्वी से नूर तक, इन युवा खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टी20 विश्व कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और सभी टीमें इस मेगा इवेंट में हिस्सा लेने के लिए अपनी कमर कस चुकी हैं। इस बार दिग्गज खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा चेहरे भी लाइमलाइट में रहेंगे। इस बार टूर्नामेंट में कुछ नए चेहरों पर नजर रहेगी, जो अपनी क्षमताओं से टी20 विश?व कप में दमदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

- **भारत- यशस्वी जायसवाल-** यशस्वी जयसवाल एक होनहार युवा बल्लेबाज हैं, जिन्होंने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मैचों में निरंतरता दिखाई है।

उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और दबाव में बड़ी पारी खेलने की क्षमता ने उन्हें एक विश्वसनीय खिलाड़ी के रूप में पहचान दिलाई है। इतनी कम उम्र में यशस्वी की तकनीक, कौशल और परिपक्वता उन्हें 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में टीम इंडिया की सबसे मजबूत कड़ी बन सकती है।

- **इंग्लैंड -हैरी ब्रूक-** 25 वर्षीय बल्लेबाज ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली से काउंटी चैंपियनशिप में तहलका मचा दिया है। वह तेजी से रन बनाने और बड़े शॉट खेलने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं, जो उन्हें इंग्लैंड के लिए संभावित भविष्य का सितारा बनाता है।

बांग्लादेश- तौहीद हृदॉय

## रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बने, इस खिलाड़ी को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी।रोनाल्डो के दो गोल की मदद से अल नासर ने अल इतिहाद को 4-2 से हराया। इस तरह रोनाल्डो की टीम ने 34 मैचों में 26 जीत के साथ 82 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान रहकर सीजन का समापन किया। स्टार फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा और वह सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। रोनाल्डो ने अल इतिहाद के खिलाफ अल नासर के अंतिम मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। रोनाल्डो



ने अल इतिहाद के खिलाफ मुकाबले में दो गोल किए जो उनका इस लीग के मौजूदा सीजन में 34वां और 35वां गोल था। इसी के साथ रोनाल्डो ने सीजन का समापन रिकॉर्ड बनाकर किया।

### अल नासर की जीत में रोनाल्डो ने निभाई भूमिका

रोनाल्डो ने अपने दो गोल के दम पर अल नासर की जीत में अहम भूमिका निभाई। रोनाल्डो ने अल इतिहाद के खिलाफ पहले हॉफ के स्टॉपेज समय (45+3 मिनट) में इस मैच का अपना पहला गोल दागा। इसके बाद रीयल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाईटेड के इस पूर्व खिलाड़ी ने 69वें मिनट में हेडर के जरिये अपना दूसरा गोल किया।

# राम तेरी गंगा मैली का हिस्सा नहीं बन खुश हुई थीं दीपिका

अभिनेत्री दीपिका चिखलिया इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में धरतीपुत्र नंदनी ने अपने दो सौ एपिसोड पूरे किये हैं। दीपिका इस शो को प्रोड्यूस भी कर रही हैं। अभिनेत्री से निर्माता बनी दीपिका को लोग आज भी रामायण की सीता के नाम से ही जानते हैं। दीपिका ने हाल ही में राज कपूर की फिल्म राम तेरी गंगा मैली के बारे में बातें करती नजर आईं।



दीपिका चिखलिया आज से लगभग 36 साल पहले रामायण में सीता की भूमिका में नजर आई थीं। दर्शक आज भी उन्हें सीता के रूप में याद करते हैं। दीपिका पुराने दिनों को यदा करते हुए कहती हैं, मैं उन दिनों कई छोटी-छोटी फिल्मों में काम कर रही थी, लेकिन मैं खुश नहीं थी। दीपिका चिखलिया अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, तब मैंने रामायण में काम नहीं किया था। मुझे किसी ने बताया कि राज कपूर अपनी आगामी फिल्म राम तेरी गंगा मैली के लिए एक नए चेहरे की तलाश में हैं। मैं जब उनसे मिलने गई तब उन्होंने मुझे देखकर कहा बेटे अभी आपकी उम्र सिर्फ 17 साल है, बाद में किसी और फिल्म में हम साथ काम करेंगे। दीपिका चिखलिया आगे बताती हैं, मैं उनसे मिलने के बाद थोड़ी निराश जरूर हुई थी। फिर जब मैं राम तेरी गंगा मैली को अपनी मां के साथ थियेटर में देखने गई थी। उस वक्त मैं सच में खुश हुई क्योंकि अगर मैंने वह फिल्म कर लिया होता तो मैं कभी भी सीता नहीं बन पाती। आपको बताते चलें कि राज कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म राम तेरी गंगा मैली अपने समय की काफी बोल्ड फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में अभिनेत्री मंदाकनी ने कई बोल्ड दृश्य दिए थे, जिसकी वजह से फिल्म को कई विवादों का सामना करना पड़ा था।

# फहद फाजिल की आवेशम के मुरीद हुए वरुण धवन

जीतू माधवन के निर्देशन में बनी फहद फाजिल की मलयालम फिल्म आवेशम ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई, दर्शकों और समीक्षकों के साथ फिल्मी सितारों ने भी फिल्म देखी और इसकी जमकर तारीफ की। इस लिस्ट में अब बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन का नाम भी जुड़ गया है। अब उन्होंने भी फहद की फिल्म देखी फिल्म देखने के बाद फहद और आवेशम की वरुण ने जमकर तारीफ की। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा किया वरुण ने फिल्म की एक मजेदार रील शेयर की और कैप्शन में लिखा- यह फिल्म ऐसी है कि हर सिनेमा प्रेमी इसे पसंद करेगा। इससे पहले नयनतारा-सामंथा रुथ प्रभु जैसे कई सितारे फिल्म की तारीफ कर चुके हैं, वरुण अगली बार बेबी जॉन में नजर आएंगे।




# करण जौहर ने किया धड़क 2 का एलान

करण जौहर ने धड़क 2 का आधिकारिक एलान कर दिया है। यह फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी फिल्म में लीड भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन का जिम्मा शाजिया इकबाल ने संभाला है। करण जौहर ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर फिल्म का आधिकारिक एलान किया है। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया है। इसमें फिल्म का एक टीजर वीडियो साझा किया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, यह कहानी है थोड़ी अलग, क्योंकि एक था राजा, एक थी रानी-जात अलग थी...खतम कहानी। इसके साथ उन्होंने लिखा है कि फिल्म में तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 22 नवंबर को रिलीज होगी।



अब इस दिन हिंदी में होगी रिलीज

# तमिल-तेलुगु में धूम मचा चुकी है तमन्ना-राशि की अरनमनई 4



**अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना की हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 जल्द ही हिंदी में रिलीज होने वाली है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का हिंदी ट्रेलर साझा कर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की है।**

सुंदर सी द्वारा निर्देशित फिल्म अरनमनई 4 एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। फिल्म में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया,राशि खन्ना और सुंदर सी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म इस साल ही 3 मई को तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई थी। फिल्म को दर्शकों को जबर्दस्त प्यार मिला। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छी कमाई की थी। तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई फिल्म ने 100 करोड़ से भी ज्यादा की कमाई की थी। अब यह फिल्म हिंदी में भी जल्द ही रिलीज होने वाली है। अरनमनई सीरीज चौथी कड़ी है ये फिल्म

यह मशहूर अरनमनई फ्रेंचाइजी की चौथी कड़ी है। अरनमनई 4 इस फ्रेंचाइजी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। फिल्म को समीक्षकों से भी मिश्रित और सकरात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि हिंदी दर्शकों को यह फिल्म कितना पसंद आती है। फिल्म में तमन्ना भाटिया और राशि खन्ना के अलावा सुंदर सी,वेनेला किशोर, सुनील, योगी बाबू, श्रीनिवास रेड्डी , केएस रवि कुमार सहित कई शानदार कलाकारों ने अभिनय किया है। फिल्म का निर्माण खुशबू सुंदर और एसीएस अरुण कुमार ने किया है। वहीं, फिल्म में हिपहॉप तमिझा ने संगीत दिया है।

### 31 मई को हिंदी में रिलीज होगी अरनमनई 4

क्षेत्रीय भाषा में रिलीज होने और सौ करोड़ से भी ज्यादा का कारोबार करने के बाद फिल्म अब हिंदी भाषी दर्शकों के दिल को जीतने आ रही है। फिल्म को हिंदी में 31 मई को रिलीज किया जाएगा। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने खुद इसकी पुष्टि की है।



प्रियंका ने कान में

# इतिहास रचने के लिए भारतीय विजेताओं को दी बधाई

**77वें कान फिल्म फेस्टिवल में कई भारतीय सितारों ने अवॉर्ड्स हासिल कर देश का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि को लेकर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस ने सभी को बधाई दी।**

प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में विजेता अनसूया सेनगुप्ता, पायल कपाड़िया और चिदानंद एस नाइक को शुभकामनाएं दीं। बता दें कि अनसूया ने कान में फिल्म द शेमलेस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। पायल को उनके डेब्यू फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए ली ग्रां प्री अवॉर्ड मिला और चिदानंद ने शॉर्ट फिल्म सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टु नो के लिए ला सिनेफ अवॉर्ड अपने नाम किया। एक्ट्रेस ने तीन अलग-अलग स्टोरी शेयर कीं। एक अनसूया के लिए, एक पायल और एक चिदानंद के लिए थी। अनसूया की सराहना करते हुए, प्रियंका ने लिखा, आपकी अविश्वसनीय परफॉर्मेंस और आपने जो इतिहास रचा है, उसके लिए आपको ढेर सारी बधाई।

पायल के लिए उन्होंने लिखा कि यह भारतीय सिनेमा के लिए गौरव का क्षण है, सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। प्रियंका ने चिदानंद के लिए लिखा, इस सम्मान के लिए आपको बधाई... आप इसे डिजर्व करते हैं। इस बार कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का प्रदर्शन सबसे बेहतरीन सालों में से एक रहा। पायल की फिल्म की कान फिल्म फेस्टिवल के पाल्मे डीओर में स्क्रीनिंग हुई, जो 1994 में रिलीज हुई स्वाहम के बाद मेन सेगमेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली 30 सालों में पहली भारतीय फिल्म बन गई।

बता दें कि कान फिल्म फेस्टिवल 2024 का आगाज 14 मई को हुआ और समापन 25 मई को। प्रियंका चोपड़ा ने साल 2019 में कान में डेब्यू किया था। वह हर साल अपने हटकर लुक को लेकर चर्चा में रहती हैं। प्रियंका के अलावा, आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर और बाकी सेलेब्स ने कान में पुरस्कार जीतने को लेकर बधाई दी।



# वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के साथ अनन्या पांडे का ओटीटी डेब्यू

एक्ट्रेस अनन्या पांडे जल्द ही अपनी पहली कॉमेडी वेब सीरीज कॉल मी बे से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर जा रही हैं। इसको लेकर निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने एक बड़ी अपडेट दी है। फिलहाल अनन्या इस सीरीज की शूटिंग कर रही हैं। वह इसमें एक फैशनिस्टा की भूमिका निभाती नजर आएंगी। मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का ऐलान करते हुए बताया कि इसका प्रीमियर इसी साल 6 सितंबर को होने जा रहा है। सीरीज एक धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन है, जिसमें करण, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा ने निर्माण किया है। करण ने पोस्टर जारी किया है, जिसमें अनन्या हैं। अनन्या लाल रंग के फंकी कपड़ों में हैं। वह खुले आसमान के नीचे बैठी हैं। उनके आस-पास सूटकेस और हैंडबैग भी रखे हैं। अनन्या के चेहरे पर एक हल्की सी मुस्कान नजर आ रही है। करण ने इस पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, दिस बे इज हेयर टू स्टे एंड स्लेय! उल्लेखनीय है कि अनन्या ने करण की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। अनन्या इस समय बॉलीवुड में मोस्ट डिमांडिंग हीरोईन हैं। पिछले साल आई उनकी कॉमेडी फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' हिट रही थी।



# शहनाज को डेट कर रहे हैं गुरु रंधावा?

पंजाब की कैटरीना के नाम से मशहूर अभिनेत्री शहनाज गिल अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री का नाम पिछले काफी दिनों से पंजाबी गायक गुरु रंधावा के साथ जुड़ रहा है। हालांकि, कपल ने अभी तक अपने रिश्ते की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। अब गुरु ने शहनाज के साथ अपना नाम जुड़ने पर चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि गायक ने क्या कहा है। गुरु रंधावा और शहनाज गिल पिछले एक साल से अपने रिलेशनशिप की अफवाहों के कारण चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। हालांकि, गुरु रंधावा ने खुलासा किया है कि उन्हें इन अटकलों और इसके साथ आने वाली अटेंशन से मजा आ रहा है। एक इंटरव्यू में गायक ने कहा, जब लोग मेरी डेटिंग लाइफ के बारे में बात करते हैं तो मुझे बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने आगे कहा, प्रशंसक मुझे दुनिया भर की खूबसूरत लड़कियों से जोड़ते हैं, इसलिए यह बहुत अच्छा लगता है। हर लड़का उस अटेंशन को चाहता है। पिछले साल उनके पहले म्यूजिक वीडियो, मूनराइज नामक एक रोमांटिक ट्रैक की रिलीज के साथ अफवाहें भी शुरू हुईं , जिसने डेटिंग की अटकलों को हवा दी। चर्चा तब और तेज हो गई जब गुरु रंधावा को शहनाज की फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग की स्क्रीनिंग में शामिल होते हुए और साथ में पोज देते हुए देखा गया था।



# ओजी में मार्शल आर्ट करते दिखेंगे पवन कल्याण

दक्षिण भारतीय अभिनेता पवन कल्याण अपनी आने वाली फिल्म ओजी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह फिल्म एक्शन से भरपूर होने वाली है। पवन के फैंस उनके एक्शन अवतार को देखने के लिए उतावले हो रहे हैं। इसी बीच ओजी के एक्शन सीन को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। ओजी का निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। इस फिल्म में पवन कल्याण मार्शल आर्ट करते हुए दिखाई देंगे। खुद फिल्म के निर्देशक ने ही एक साक्षात्कार में इसके बारे में खुलासा किया है। सुजीत ने बताया कि इस मार्शल आर्ट सीक्वेंस को उन्होंने डिजाइन किया है। उन्होंने बताया कि पावरस्टार पवन कल्याण इस सीन को बहुत अच्छे से करना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने पुणे और मुंबई के मार्शल आर्ट मास्टर्स से संपर्क किया और जमकर अभ्यास किया। सुजीत ने दिलचस्प बात बताते हुए कहा कि पवन कल्याण ने मार्शल आर्ट सीन के लिए यूट्यूब का भी सहारा लिया। उन्होंने इससे जुड़े कई वीडियो देखे थे और सुजीत से चर्चा की थी कि सीन को किस तरह से आगे बढ़ाया जाए। पवन के कहने पर कुछ बदलाव किए गए और फिर तीन दिन तक शूटिंग की।



# कैसे मुझे तुम मिल गए में मेरे किरदार को दर्शक रखेंगे सालों तक याद : किशोरी शहाणे

टीवी एक्ट्रेस किशोरी शहाणे विज एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से 35 साल से जुड़ी हुई हैं। इन दिनों वह शो कैसे मुझे तुम मिल गए में नजर आ रही हैं। अपने किरदार को लेकर उन्होंने बताया कि कैसे वह हर दिन अपना 100 प्रतिशत देती हैं, ताकि दर्शक उनके किरदार बबीता आहूजा को आने वाले कई सालों तक याद रखें।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए किशोरी ने कहा, जब मुझे पता चला कि बबीता का किरदार नेगेटिव है, तो इससे मुझे जरा भी हैरानी नहीं हुई। यह किरदार नेगेटिव होने के साथ-साथ मजबूत भी है, जो हमेशा विराट की सुरक्षा का ध्यान रखता है। किशोरी को इश्क में मरजावां और प्रधानमंत्री जैसे शो के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा, बबीता के नजरिए से देखें तो वह अपने बेटे की रक्षा कर रही हैं और उसमें कुछ भी गलत नहीं है। इस किरदार को निभाना चुनौतीपूर्ण है। वह कोई बुरी इंसान नहीं है, वह सिर्फ अपने परिवार की रक्षा करती हैं।



ऐसे कई पल आते हैं जब अमृता के प्रति उसका स्वभाव बदल जाता है, जिससे मुझे अपने किरदार में अचानक बदलाव लाना होता है, मेरा मानना है कि दर्शक इस किरदार को एन्जॉय करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा, मेरे किरदार का एक बड़ा मकसद है और एक एक्टर के लिए ऐसे किरदार को निभाना हमेशा दिलचस्प भरा होता है।

हर दिन, मैं अपना 100 प्रतिशत देती हूं ताकि आने वाले कई सालों में मेरे किरदार बबीता आहूजा को याद किया जाए। शो में सृति झा अमृता की भूमिका में हैं और अर्जित तनेजा विराट का रोल निभा रहे हैं। शो में, अमृता और विराट की नकली शादी का सीक्वेंस चल रहा है। शादी की तैयारियों के बीच वे उस अपराधी को ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं जिसने उनकी गलत तस्वीरें लीक की थीं। वहीं, विराट की मां बबीता खुद को पकड़े जाने से बचाने की पूरी कोशिश कर रही हैं।

बबीता हमेशा विराट की रक्षा के लिए आगे रही हैं, लेकिन अमृता के प्रति उसकी नफरत...उसके बेटे के प्रति प्यार पर हावी हो गई है, जिसके चलते उसने यह बड़ा कदम उठाया। सीरियल में हर बार की तरह दो प्यार करने वाले शख्स एक दूजे पर भरोसा करने से बच रहे हैं। ऐसे में दर्शक मेकर्स से कुछ नया लाने की मांग कर रहे हैं। कैसे मुझे तुम मिल गए जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# एक्स अकाउंट के हैक होने पर रुबिना का फूटा गुस्सा

टीवी की मशहूर अभिनेत्री रुबिना दिलैक ऑनलाइन हैकिंग का शिकार हुई हैं। अभिनेत्री के एक्स अकाउंट हैंडल को किसी ने हैक कर लिया है। इस वजह से रुबिना दिलैक काफी परेशान नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने अब पहली बार अपने अकाउंट हैकिंग ऊपर प्रतिक्रिया दी है। आइए आपको बताते हैं रुबिना दिलैक ने क्या कुछ कहा है। रुबिना दिलैक इन दिनों अपने काम से ब्रेक लेकर मदरहुड का लुत्फ उठाती नजर आ रही हैं। वे लगातार अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी जिंदगी के बारे में अपने फैंस को बताती रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने बताया कि उनके एक्स अकाउंट हैंडल को किसी ने हैक कर लिया है। इस विषय पर बात करते हुए रुबीना कहती हैं, आप सोशल मीडिया पर सुरक्षित महसूस नहीं कर सकते हैं। रुबिना दिलैक अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, जब मेरे अकाउंट को हैक किया गया तब मैं यात्रा कर रही थी। मुझे लगातार मैसेज आ रहे थे, लेकिन मैं ध्यान नहीं दे पा रही थी।



# बेहद कंफर्टेबल होती है साड़ी कुछ ही मिनटों में पहनी जा सकती है : जूही परमार



टीवी एक्ट्रेस जूही परमार ने शो कुमकुम-एक प्यारा सा बंधन से घर-घर में अपनी पहचान बनाई और लाखों दिलों पर राज किया। यूं तो वह सभी आउटफिट्स में अच्छी लगती हैं, लेकिन साड़ी में उनका लुक कहर ढाता है। एक्ट्रेस का कहना है कि साड़ी बेहद कंफर्टेबल होती है और यह कुछ ही मिनटों में पहनी जा सकती है। जूही ने इंस्टाग्राम पर साड़ी वीक थीम से एक शुरुआत की, जिसके तहत उन्होंने सातों दिन साड़ी में अपना वीडियो शेयर किया। वीक के आखिरी दिन उन्होंने एक रील शेयर की। इस रील में वह पिंक ब्लाउज के साथ मल्टीकलर साड़ी में नजर आ रही हैं। माथे पर छोटी सी बिंदी उनकी क्यूटनेस निखार रही है। इस रील को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, इसके साथ, यहां साड़ी वीक खत्म होता है। अगर आपको यह पसंद आया तो मुझे जरूर बताइए। मैं इसे जल्द ही एक अलग स्टाइल में फिर से वापस लाऊंगी। जूही को साड़ी बेहद पसंद है। साड़ी के प्रति अपने प्यार को जाहिर करते हुए जूही ने कहा, साड़ी बेहद कंफर्टेबल आउटफिट है ! कुमकुम के दिनों के दौरान साड़ी पहनने की प्रैक्टिस के चलते मैं इसे कुछ ही मिनटों में पहन सकती हूं। मुझे अब भी साड़ियां पहनना पसंद है। साड़ी में आइकोनिक गानों पर वीडियो बनाना बेहद मजेदार था। उन्होंने आगे कहा, मेरे लिए गाने, आउटफिट्स, यह सब बहुत मायने रखते हैं। अगर आप मुझसे पूछें तो मुझे स्विट्जरलैंड में यशराज की एक्ट्रेसेस को साड़ी में देखना बहुत पसंद है, क्योंकि वो सब बेहद खूबसूरत लगती हैं।